आवश्यकता
दैनिक शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क न० =
7764978689/+919625958256

दैनिक
शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित
● वर्ष : 1 ● अंक : 126 ● नई दिल्ली, गुरुवार , 10 अगस्त 2023 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य:- 04 रूपये
RNIUP HIN/2015/64737

3 अभिषेक मिश्र बने एमएसयू के प्रदेश उपाध्यक्ष..

‘मैं चंद्रयान-3 हूं...’ सब कुछ विफल हो जाता, कुछ भी काम नहीं करता, फिर भी ये लैंडिंग करेगा



एजेंसी/ नई दिल्ली

इसरो के अध्यक्ष एस.सोमनाथ ने कहा कि चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान 23 अगस्त को चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग करने के लिए तैयार है। गैर-लाभकारी संगठन दिशा भारत द्वारा चंद्रयान-3 पर आयोजित एक वार्ता के दौरान बोलते हुए सोमनाथ ने कहा कि अगर सब कुछ विफल हो जाता है, अगर सभी सेंसर विफल हो जाते हैं, कुछ भी काम नहीं करता है, फिर भी यह (विक्रम) लैंडिंग करेगा। इसे इसी तरह डिज़ाइन किया गया है। हमने यह भी सुनिश्चित किया है कि यदि इस बार भी (विक्रम के) दो इंजन काम नहीं करेंगे, तब भी यह लैंडिंग कर सकेगा।

चंद्रयान-3 मिशन ने 14 जुलाई, 2023 को भारतीय समयानुसार दोपहर 2.35 बजे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से एक एलवीएम-3 रॉकेट के जरिए उड़ान भरी। उड़ान भरने और लॉन्च मॉड्यूल से अलग होने के बाद चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान ने चढ़ाई के कई कौशल को अंजाम दिया। इसने कहा कि अगली प्रक्रिया 14 अगस्त 2023 को पूर्वाह्न 11:30 से अपराह्न 12:30 बजे के बीच निर्धारित है। महत्वाकांक्षी मिशन के आगे बढ़ने के साथ ही चंद्रयान-3 की कक्षा को धीरे-धीरे कम करने और इसकी स्थिति चंद्र ध्रुवों के ऊपर करने के लिए इसरो द्वारा सिलसिलेवार कवायद की जा रही है। मिशन की जानकारी देते हुए ङ्क पर इसरो ने पोस्ट किया कि ऑर्बिट को और कम करने का अगला ऑपरेशन 9 अगस्त, 2023 को 13:00 से 14:00 बजे के बीच निर्धारित है। वहीं एक दूसरी पोस्ट में इसरो ने लिखा कि मैं चंद्रयान-3 हूंज़ मुझे चांद की ग्रैविटी महसूस हो रही है। इसरो ने अपनी इस पोस्ट में यह भी बाताया था कि चंद्रयान-3 सफलतापूर्वक चंद्रमा की कक्षा में स्थापित हो गया है।

इसे चंद्रमा के करीब लाने के लिए तीन और डी-ऑर्बिटिंग कवायद होगी - ताकि विक्रम 23 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर उतर सके। सोमनाथ ने कहा कि ये डी-ऑर्बिटिंग की प्रक्रिया नौ अगस्त, 14 अगस्त और 16 अगस्त को होगी।

इस सरकार ने मणिपुर में हिंदुस्तान की हत्या की है, भारत माता की हत्या की है: राहुल

भाजपा की सोच ने मणिपुर में आग लगा दी है

एजेंसी/ नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि इन्होंने मणिपुर में हिंदुस्तान की हत्या की है.... भारत माता की हत्या की है और ए भारत माता के रखवाले नहीं हो सकते। उन्होंने लोकसभा में सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा, आप देशद्रोही हैं, आप देशप्रेमी नहीं हैं....इसलिए आपके प्रधानमंत्री मणिपुर नहीं जा रहे। इन्होंने मणिपुर में हिंदुस्तान को मार दिया है। उन्होंने कहा, आप भारत माता के रखवाले नहीं हो, आप भारत माता के हत्यारे हो। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, भारत माता के बारे में कोई भी ऐसा शब्द नहीं बोला जाना चाहिए जो उचित नहीं हो। इसके जवाब में राहुल ने कहा, भारत माता मेरी भी माता हैं। मेरी एक माता (सोनिया गांधी) यहां बैठी हुई हैं और दूसरी भारत माता हैं।

इस दौरान कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी सदन में उपस्थित थीं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, कुछ दिनों पहले मैं मणिपुर गया। हमारे प्रधानमंत्री आज तक मणिपुर नहीं गए क्योंकि उनके लिए मणिपुर हिंदुस्तान (का हिस्सा) नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया, आज की सच्चाई है कि मणिपुर को आपने बांट दिया है, तोड़ दिया है। उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले साल 130 दिन तक मैंने भारत के एक कोने से दूसरे कोने तक यात्रा की। उन्होंने कहा, मैं समुद्र के तट से कश्मीर की बर्फीली पहाड़ी तक चला। राहुल गांधी ने कहा, जिस चीज के लिए मैं मरने को तैयार हूं, जिस चीज के लिए मोदी जी की जेलों में जाने को तैयार हूं और जिस चीज के लिए 10 साल तक गाली खाई है...उसे मैं समझना चाहता था। उन्होंने कहा, जब मैं यात्रा कर रहा था तो मुझे भीड़ की आवाज सुनाई नहीं देती थी, जिससे बात करता था उसका दुख और दर्द सुनाई देता था। राहुल गांधी ने कहा, यह देश एक आवाज है, इस देश के लोगों का दुख है, दर्द है, कठिनाइयां हैं, उसे समझना है। इसे समझने के लिए हमें अपने अहंकार, इच्छाओं और सपनों को दूर करना होगा। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से कहा, पिछली बार मैं जब बोला था तो आपको थोड़ा कष्ट हुआ था क्योंकि मैं अडाणी जी के बारे में केंद्रित था...

स्मृति ईरानी ने फ्लाइंग किस पर राहुल गांधी की आलोचना की

नई दिल्ली। केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सदन में फ्लाइंग किस की भाव-भंगिमा प्रदर्शित करते हुए महिला सांसदों के प्रति अभद्र व्यवहार दिखाने का आरोप लगाया और उन्हें स्त्रियों से द्वेष रखने वाला व्यक्ति बताते हुए कहा कि सदन में पहले कभी ऐसा आचरण नहीं देखा गया। बाद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महिला सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट की और केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य के खिलाफ सख्त कार्वाई करने की मांग की। लोकसभा अध्यक्ष को संबोधित भारतीय जनता पार्टी की 20 महिला सांसदों के हस्ताक्षर वाले शिकायत पत्र में कहा गया है, हम आपका ध्यान आज सदन में केरल के वायनाड से सांसद राहुल गांधी से संबंधित एक घटना की ओर दिलाना चाहती हैं। उक्त सदस्य ने अभद्र आचरण प्रदर्शित किया और उस समय केंद्रीय मंत्री एवं सदन की सदस्य स्मृति ईरानी को लेकर अभद्र भाव-भंगिमा प्रदर्शित की जब वह सदन को संबोधित कर रही थीं। भाजपा की महिला सांसदों ने मांग की कि सदस्य (राहुल) के ऐसे अभद्र आचरण के खिलाफ सख्त कार्वाई की जानी चाहिए।

मणिपुर की घटना शर्मनाक और उस पर राजनीति भी ज्यादा शर्मनाक है: शाह

एजेंसी/ नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) पर उसके नाम को लेकर कटाक्ष करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के नाम पर 12 लाख करोड़ रुपए के घोटाले दर्ज हैं, ऐसे में विपक्ष के पास नाम बदलने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। लोकसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में बोलते हुए शाह ने कहा, विपक्ष ने नाम क्यों बदला। गठबंधन का नाम यूपीए (संप्रग) अच्छा था। लेकिन जब 12 लाख करोड़ रुपए के घोटाले नाम पर चढ़े हैं तो बाजार में कैसे जाएं। जब कंपनी दिवालिया हो जाती है या साख खराब हो जाती है तो नाम बदल देती है। इन्होंने भी नाम बदल लिया।

गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि मणिपुर की घटना शर्मनाक है, लेकिन उस पर राजनीति करना उससे भी ज्यादा शर्मनाक है, सरकार की मंशा वहां जनसांख्यिकी में बदलाव करने की कतई नहीं है, ऐसे में सभी पक्षों को मिलकर उस राज्य में शांति बहाली की अपील करनी चाहिए। लोकसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर से जुड़े घटनाक्रम का ब्यौरा दिया और सरकार द्वारा वहां शांति स्थापित करने की दिशा में उठाए गए कदमों की जानकारी दी।

शाह ने कहा कि कांग्रेस समेत विपक्षी गठबंधन के घटक दलों के नाम पर अनेक घोटाले दर्ज हैं जिनमें बोफोर्स, 2जी स्पेक्ट्रम, सत्यम, राष्ट्रमंडल, कोयला घोटाला, वोट के बदले नोट, आदर्श, नेशनल हेराल्ड, चारा घोटाला और आईपीएल घोटाला हैं। उन्होंने कहा, इनके पास नाम बदलने के अलावा कोई रास्ता नहीं था। हमें नाम बदलने की जरूरत नहीं है। शाह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में भाजपा नीत केंद्र सरकार के छह साल और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अब तक के नौ साल के कार्यकाल में कोई ऐसा काम नहीं हुआ जिससे सिर झुकाना पड़े। उन्होंने कहा कि भाजपा नीत राजग ने देश को स्थिरता दी है, जबकि विपक्ष की फितरत अस्थिरता लाना है।

शाह ने कहा, मैं इस सदन के माध्यम से देश की जनता से करबद्ध विनती करता हूं कि देश को आगे ले जाना है इसलिए प्रधानमंत्री मोदी को पांच साल और दे दीजिए। अगले पांच साल में भारत दुनिया में नंबर एक का राष्ट्र बनेगा। शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि न्यूजक्लिक के संबंध में हाल में खुलासा हुआ है जिस पर सरकार को गाली दी जाती है

राज्यसभा में भारत छोड़ो आंदोलन की 81वीं वर्षगांठ पर श्रद्धांजलि दी गई

एजेंसी/ नई दिल्ली

राज्यसभा में बुधवार को भारत छोड़ो आंदोलन की 81वीं वर्षगांठ पर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और शहीदों की याद में कुछ देर मौन रखा गया। सभापति जगदीप धनखड़ ने ऐतिहासिक भारत छोड़ो आंदोलन का उल्लेख करते हुए देश की संप्रभुता व अखंडता को बनाए रखने और भारत की सेवा के लिए स्वयं को फिर से समर्पित करने का आह्वान किया।

उन्होंने इसे आत्मनिरीक्षण करने और अपने नैतिक योगदान पर विचार करने का अवसर बताया और सदस्यों से कहा कि उन्हें राष्ट्र की सेवा में अधिक उत्साह के साथ फिर से समर्पित होना चाहिए, लोगों की आकांक्षाओं को साकार करने और राष्ट्रों के समूह में भारत के लिए गौरवपूर्ण स्थान सुरक्षित करने प्रयास करना चाहिए।

मणिपुर में आग लगी है और केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री मोदी सोए हुए हैं : गहलोत

एजेंसी/ ज्यपुर

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को मणिपुर की स्थिति को लेकर केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि मणिपुर में आग लगी है और भारत सरकार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह सोए हुए हैं। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बांसवाड़ा जिले में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए गहलोत ने ऐतिहासिक मानगढ़ धाम को स्मारक के रूप में विकसित करने की शुरुआत 100 करोड़ रुपए की लागत के साथ करने की घोषणा की। इस अवसर पर गहलोत ने राज्य में फिर कांग्रेस नीत सरकार बनने का विश्वास जताया।

केन्द्र की भाजपा नीत सरकार और प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए गहलोत ने कहा, मणिपुर में आग लगी है... लेकिन भारत सरकार, मोदी जी, अमित शाह जी सोए हुए हैं। पूरी दुनिया में आलोचना हो रही है।

वंशवाद की राजनीति, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की भारत से विदाई जरूरी: भाजपा

एजेंसी/ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को महात्मा गांधी द्वारा 1942 में आज ही के दिन शुरू किए गए भारत छोड़ो आंदोलन को याद किया और कांग्रेस तथा विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दलों पर निशाना साधते हुए आह्वान किया कि वंशवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति देश हित में समाप्त होनी चाहिए।भाजपा नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति वंशवादी राजनीति के साथ आती है।उन्होंने केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान हुए कई घोटालों के साथ-साथ इंडिया गठबंधन के घटक दलों... तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद), द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के शासन वाले राज्यों में सामने आए घोटालों का उल्लेख करते हुए कहा कि वंशवाद की राजनीति, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति को देश के सर्वोत्तम हित में भारत छोड़ना चाहिए।उन्होंने कहा कि ए देश की तीन बीमारियां हैं जिन्हें भारत छोड़ देना चाहिए।प्रसाद ने संवाददाताओं से कहा, भारत, इसकी सुरक्षा, अखंडता के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि इन तीन बीमारियों... घोर परिवारवाद, भ्रष्टाचार और शर्मनाक तुष्टीकरण को भारत छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर देश के लोकतांत्रिक ताने-बाने की रक्षा करनी है, राजनीति में शुचिता को वापस लाना है और देश को बचाना है, तो इन तीन अभिशापों को भारत छोड़ना होगा।

370 पर भाजपा की टिप्पणी अवमानना के समान: उमर अब्दुल्ला

एजेंसी/ श्रीनगर

नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के नेता उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार को संविधान के अनुच्छेद-370 के ज्यादातर प्रावधानों को निरस्त करने पर धमकी देने के बजाय उच्चतम न्यायालय के फैसले का इंतजार करना चाहिए। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन इस मामले पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुछ नेताओं की टिप्पणियां लगभग अदालत की अवमानना के समान हैं। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है जब लोकसभा में केंद्र सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर बहस में हिस्सा लेते हुए केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा, अनुच्छेद-370 को कभी बहाल नहीं किया जाएगा। उमर ने कहा कि उन्हें भाजपा के जिम्मेदार नेताओं की ऐसी टिप्पणी सुनकर आश्चर्य होता है। नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के नेता ने कहा, यह मामला उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है, शीर्ष अदालत को फैसला लेने दीजिए। वे उच्चतम न्यायालय को क्यों धमकी दे रहे हैं? एक केंद्रीय मंत्री ने आज संसद में ऐसी टिप्पणी की है कि वे ऐसा कभी नहीं होने देंगे। हम उच्चतम न्यायालय के फैसले का इंतजार कर रहे हैं, उन्हें भी करना चाहिए। क्या उन्हें लगता है कि उनका मामला इतना कमजोर है कि उन्हें धमकी देने की जरूरत महसूस होती है? यह खेदजनक है। यह लगभग अदालत की अवमानना के समान है।

यह पूछे जाने पर कि शीर्ष अदालत में वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल द्वारा दी गई दलीलों के बाद क्या कोई उम्मीद है, अब्दुल्ला ने कहा कि दलीलें मजबूत हैं, लेकिन सरकार ने अब तक कोई जवाब नहीं दिया है। उन्होंने कहा, यह देखना होगा कि सरकार का जवाब कितना मजबूत होता है। मामले को आगे बढ़ने दीजिए, तभी हम इस पर चर्चा कर सकेंगे कि किसकी दलीलें बेहतर थीं।

ईडी ने हरियाणा के विधायक गोपाल कांडा से जुड़े परिसरों पर छापा मारा

एजेंसी/ नई दिल्ली

ईडी ने हरियाणा के विधायक गोपाल कांडा से जुड़े परिसरों पर छापा मारा नई दिल्ली, नौ अगस्त (भाषा) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक धनशोधन मामले की जांच के तहत हरियाणा के विधायक गोपाल कांडा और अन्य के परिसरों पर बुधवार को छापे मारे।

आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी गुरुग्राम के सिविल लाइंस इलाके में कांडा की अब बंद हो चुकी विमानन कंपनी एमडीएलआर के कार्यालय और उनके आवास पर सुबह करीब छह बजे पहुंचे। सूत्रों ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत छापेमारी की जा रही है और दिल्ली एवं सिरसा में भी कुछ परिसरों पर छापे मारे जा रहे हैं।

बारिश चीन की राजधानी हाल के हफ्तों में रिकॉर्ड बारिश से प्रभावित हुई है

चीनमें भारी बारिश और बाढ़ का नहीं थम रहा कहर, 33 लोगों की मौत, 18 अभी भी लापता

एजेंसी/ बीजिंग

चीन के अधिकांश उत्तरी हिस्से में असामान्य रूप से भारी बारिश का खतरा बना हुआ है। अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि बीजिंग की रिकॉर्ड भारी बारिश के बाद 33 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और 18 अभी भी लापता हैं। चीन की राजधानी हाल के हफ्तों में रिकॉर्ड बारिश से प्रभावित हुई है, जिससे बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है और शहर के उपनगरों और आसपास के इलाकों में पानी भर गया है। अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि बीजिंग में हाल के खराब मौसम में मुख्य रूप से बाढ़ और इमारतों के ढहने से 33 लोगों की मौत हो गई है, जो पिछले मंगलवार को अधिकारियों द्वारा दिए गए आंकड़े से लगभग तीन गुना अधिक है। राज्य प्रसारक सीसीटीवी के अनुसार, बीजिंग के उप-महापौर ज़िया लिनमाओ ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं ड्यूटी के दौरान मारे गए लोगों और दुर्भाग्यपूर्ण पीड़ितों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं। पूरे उत्तरी चीन में बाढ़ से सैकड़ों लोगों की मौत हो गई है, बीजिंग ने शुक्रवार को कहा कि पिछले महीने 147 मौतें या लापता होने की घटनाएं प्राकृतिक आपदाओं के कारण हुईं। चीन के आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने कहा कि उनमें से 142 बाढ़ या भूवैज्ञानिक आपदाओं के कारण हुए।

ख़ास ख़बर

माकपा प्रतिनिधिमंडल नूंह और गुरुग्राम का दौरा करेगा

नई दिल्ली। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेताओं का प्रतिनिधिमंडल बृहस्पतिवार को नूंह और गुरुग्राम का दौरा कर सांप्रदायिक हिंसा के पीड़ितों के प्रति एकजुटता प्रकट करेगा। पार्टी ने एक बयान में यह जानकारी दी। पार्टी ने बुधवार को बताया कि प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पोलित ब्यूरो के सदस्य नीलोत्पल बसु करेंगे और इसमें तीन सांसद जॉन ब्रिटास, ए.ए. रहीम और वी सिवदासन सदस्य होंगे। हरियाणा के नूंह में 31 जुलाई को तब समय सांप्रदायिक हिंसा भड़क गई थी जब विश्व हिंदू परिषद की शोभायात्रा पर भीड़ ने हमला कर दिया। इसके बाद गुरुग्राम और कुछ अन्य इलाकों में भी सांप्रदायिक हिंसा हुई। इन घटनाओं में होम गार्ड के दो जवान और एक इमाम सहित छह लोगों की मौत हो गई।

कर्नाटक में हाथियों की संख्या में वृद्धि : वन मंत्री

बेंगलुरु। कर्नाटक के वन मंत्री ईश्वर खंड्रे ने बुधवार को बताया कि नवीनतम सर्वेक्षण के मुताबिक राज्य में हाथियों की संख्या 6,049 से बढ़कर 6,395 हो गई है। मई में हाथियों की गणना कराई गई थी और इससे जुड़ी रिपोर्ट जारी करते हुए मंत्री ने कहा कि पिछली गणना 2017 में कराई गई थी और तब से अबतक 346 हाथियों की संख्या बढ़ी है। मंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, हाथी ताकतवर प्रजाति है लेकिन भारत सहित दुनियाभर में उसपर खतरा है।

धर्मेंद्र प्रधान से मिले अमेरिकी राजदूत,

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से बुधवार को अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने मुलाकात की और छात्रों की आवाजाही तथा कौशल सहयोग पर चर्चा की। प्रधान ने एक ट्वीट में कहा, भारत और अमेरिका के बीच शैक्षिक, नवाचार एवं शोध संपर्क पर सार्थक चर्चा हुई। हमारे ज्ञान संपर्क को व्यापक करने, छात्रों और विद्वानों की आवाजाही को बढ़ावा देने तथा अमेरिका में सामुदायिक कॉलेजों के जरिए हमारे कौशल सहयोग को मजबूत करने पर सार्थक चर्चा हुई।

सेना प्रमुख जनरल मनोज पाण्डे ब्रिटेन की पांच दिवसीय यात्रा पर रवाना

नई दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल मनोज पाण्डे बुधवार को पांच दिवसीय यात्रा पर ब्रिटेन रवाना हुए और इस दौरान वह एक प्रतिष्ठित सैन्य कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा द्विपक्षीय रणनीतिक मुद्दों पर शीर्ष ब्रिटिश रक्षा अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे। सेना ने बताया कि जनरल पाण्डे सैंडहर्स्ट में प्रतिष्ठित रॉयल मिलिट्री एकेडमी की 201वीं सॉवरेन परेड ऑफ कमिशनिंग कोर्स का निरीक्षण करेंगे। वह परेड में सॉवरेन प्रतिनिधि के रूप में भाग लेंगे। सैंडहर्स्ट में रॉयल मिलिट्री एकेडमी में सॉवरेन परेड एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम है जिसे अपने शानदार इतिहास के लिए जाना जाता है। सेना के अनुसार, जनरल पाण्डे भारत के पहले सेना प्रमुख हैं जो परेड के लिए सॉवरेन प्रतिनिधि बने हैं। सेना प्रमुख भारतीय सेना स्मारक कक्ष का भी दौरा करेंगे जिसे रॉयल मिलिट्री एकेडमी में गौरवशाली स्थान प्राप्त है। वह ब्रिटिश सेना के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ जनरल सर पैट्रिक सैंडर्स तथा ब्रिटिश सशस्त्र सेना के वाइस चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल ग्विन जेनकिन्स से भी बातचीत करेंगे।

ख़ास ख़बर

भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में पंचम दीक्षांत समारोह की तैयारी जोरों पर

दैनिक शुभ भास्कर /मधेपुरा। भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय को बिहार के राज्यपाल सह बिहार के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति द्वारा पंचम दीक्षांत समारोह आयोजित करने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। दीक्षांत समारोह का आयोजन 18 अगस्त 2023 को आयोजित होगी जिस में महामहिम राज्यपाल स्वयं उपस्थित रहेंगे। दीक्षांत समारोह को लेकर विश्वविद्यालय ने कई प्रकार की समितियों का गठन किया है जिसमें अनुश्रवण/निर्देशन समिति, प्रमाण पत्र तैयारी समिति, कार्यक्रम प्रबंधन समिति, स्वागत समिति, विद्वत परिधान समिति/पहनावा समिति अतिथि सत्कार समिति, सुविधा एवम परिवहन समिति, सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति, प्रेस समिति, साफ सफाई समिति आदि बनाए गए हैं। इसी संदर्भ में विद्वत परिधान समिति की एक महत्त्वपूर्ण बैठक बुलाई गई। बैठक परिधान समिति के संयोजक प्रोफेसर एम आई रहमान की अध्यक्षता में हुई जिस में डाक्टर इम्तेयाज अंजुम, सचिव, डाक्टर अरुण कुमार झा, श्रीमती प्रियंका, श्री राजीव कुमार, श्री हितेंद्र कुमार, श्री संजीव कुमार, श्री कमल किशोर ठाकुर, श्री रतन कुमार, श्री रामनरेश भारती, श्री लक्ष्मी मिश्र, श्रीमती रेणु देवी, श्रीमती शांति देवी और श्री रवीन्द्र कुमार रजक सदस्यों के रुप में उपस्थित हुए। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पूरी लग्न के साथ दीक्षांत समारोह को सफल बनाना है। विद्वत परिधान बनारस से मंगाए जाने पर सहमति व्यक्त की गई। दीक्षांत समारोह में गणमान्य व्यक्तियों एवम छात्र छात्राओं के परिधान पर विस्तृत चर्चा की गई। समिति ने दीक्षांत नियम एवम परिणियम का अध्यन कर तय किया कि छात्राओं को सफेद सलवार, लेमन येलो कुर्ता या लाल बॉर्डर युक्त लेमन येलो साड़ी और लाल ब्लाउज, लेमन येलो मालविया पगड़ी और लाल बॉर्डर युक्त विश्वविद्यालय के लोगो के साथ पीला अंगवस्त्र पहनना अनिवार्य होगा। छात्रों को सफेद कुर्ता और पजामा, या सफेद कुर्ता धोती, लेमन येलो मालविया पगड़ी और लाल बॉर्डर सहित विश्वविद्यालय लोगो लगा हुआ पीला अंगवस्त्र धारण करना होगा। समिति ने यह भी निर्णय लिया कि अंगवस्त्र और पगड़ी विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों को 16 एवम 17 अगस्त को ही उपलब्ध करा दिया जायेगा। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रेक्षागृह परिसर से इन सामग्रियों का वितरण किया जाएगा।

सहरसा का नाम रौशन कर रही युवा लेखिका खुशबू झा

सहरसा/डा. रूद्र किंकर वर्मा। खुशबू झा सहरसा के पटुआहा की रहने वाली हैं. यह युवा लेखिका ने इस उम्र में भी सहरसा और बिहार का नाम रौशन कर रही हैं. वुमेन लीडरशिप फोरम से युवा लेखिका के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने के लिए इन्हें विगत दिनों 'वुमेन लीडर अवार्ड इन लीडरशिप' से सम्मानित किया गया. दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में खुशबू झा को उनकी पुस्तक टॉक टू योर सोल के लिए उन्हें यह महत्वपूर्ण सम्मान प्रसिद्ध लेखक इकबाल दुर्रानी के हाथों प्राप्त हुआ. उन्हें इसी पुस्तक के लिए 2017 में 'अटल मिथिला सम्मान' मिला था. 2018 में वह पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. मुरली मनोहर जोशी के हाथों सम्मान पा चुकी हैं.

दूसरी पुस्तक की रचना

फिलहाल वह अपनी दूसरी पुस्तक की रचना में व्यस्त हैं. दिसम्बर 2023 तक उसे प्रकाशित करने की उनकी योजना है. खुशबू झा को इतनी कम उम्र में मिल रहे ऐसे सम्मान से सहरसा के लोगों में काफी हर्ष है. 'टॉक टू योर सोल' किताब जीवन के विभिन्न स्तरों पर व्यक्तिगत अनुभव के संबंध में है. यह लोगों को स्वयं के बारे में जानने की शिक्षा देती है. खुशबू झा की इच्छा है कि लोग इस किताब के जरिये अपनी भावनाओं को बदलें. पटुआहा निवासी लाल झा की पौत्री और भाघवा निवासी मुंशी जी नतिनी खुशबू झा के पिता सुशील कुमार झा कंस्ट्रक्शन के कारोबार से जुड़े हैं. मां शांति देवी गृहिणी हैं. भाई सूरज झा खुशबू झा की इस कामयाबी से काफी प्रभावित हैं.सहरसा का नाम रौशन कर रही यह युवा लेखिका

पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 का प्रथम चरण 29 सितम्बर से ई होम्स पूर्णियां में- संजीव मिश्रा

2023-24 के कला संस्कृति युवा विभाग एवं खेल के आगामी प्रतियोगिता से पूर्व खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन मौका

दैनिक शुभ भास्कर पूर्णियां। पनोरमा ग्रुप के द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 की तैयारी प्रारंभ हो चुकी है। बिहार अंडर 16 चयन समिति पूर्व सदस्य व ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक सह पनोरमा स्पोर्ट्स आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पनोरमा स्पोर्ट्स का भव्य आयोजन किया जा रहा है। खिलाड़ियों के अनुरोध पर इस वर्ष पनोरमा स्पोर्ट्स में टेबल टेनिस एवं शतरंज को जोड़ा गया है । पूर्व से क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन , बास्केटबॉल , वॉलीबॉल हो रही थी। कुल मिलाकर इस वर्ष पनोरमा स्पोर्ट्स में सात विधाओं में प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता हेतु रजिस्ट्रेशन शुल्क नहीं रखी गई है। प्रतियोगिता नि:शुल्क है। प्रतियोगिता हेतु रजिस्ट्रेशन फार्म हरिओम स्पोर्ट्स खीरु चौक भट्ठा बाजार पूणिया से प्राप्त व जमा कर सकते हैं। संपर्क नं:-9934468640

रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 15/09/23 टाईसीट 22/09/23 रखी गई है।बैडमिंटन ,बास्केटबॉल ,वॉलीबॉल , शतरंज एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं में 10+2 विद्यालय के स्कूली बच्चे ही भाग ले सकते हैं । ओपन टू ऑल के खिलाड़ी गण केवल क्रिकेट एवं फुटबॉल के प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन - 6 के प्रतियोगिताओं को छ: चरणों में

प्रथम चरण:-बालक एवं बालिका के लिए बैडमिंटन, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस,शतरंज के प्रतियोगिताओं में 10+2 विद्यालय के खिलाड़ी गण ही भाग ले सकते हैं। जिनके विजेता को नगद पुरस्कार राशि-15000/=

उपविजेता को नगद पुरस्कार राशि 11000/= दी जाएगी और चमचमाती ट्रॉफी भी।

द्वितीय चरण-केवल बालक वर्ग के लिए ओपन टू ऑल प्रतियोगिता खेली जाएगी।क्रिकेट एवं फुटबॉल जिसमें विद्यालय के साथ - साथ क्लब एवं कॉलेज के खिलाड़ी गण भाग ले सकते हैं। जिनके लिए विजेता नगद पुरस्कार राशि:-21000/= उपविजेता नगद पुरस्कार राशि:-15000/= रखी गई है। एवं चमचमाती ट्रॉफी भी।

तृतीय चरण में आमंत्रित टीम क्रिकेट :- प्रशासन इलेवन , अधिवक्ता इलेवन, प्रेस मीडिया पत्रकार इलेवन, बैंकर्स इलेवन , डाक्टर इलेवन, एअर फोर्स इलेवन, स्कूल निदेशक इलेवन, राजनीति दल इलेवन , व्यवसाई इलेवन, विभिन्न सामाजिक संगठन इलेवन एवं इच्छुक टीम भी भाग ले सकते हैं।

जिनके लिए विजेता नगद पुरस्कार राशि 51000/= उपविजेता नगद पुरस्कार राशि 21000/= तृतीय स्थान हेतु 11000/= चतुर्थ स्थान हेतु 5100/= के साथ - साथ चमचमाती ट्रॉफी रखी गई है।

इंडियन व नेपाली मुद्रा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

जयनगर /मधुबनी दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब) 48 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल की सीमा चौकी जानकीनगर के जवानों ने अवैध तरीके से नेपाल से भारत ला रहे भारतीय और नेपाली मुद्रा के साथ एक तस्कर को पकड़ा है। सशस्त्र सीमा बल के सीमा चौकी जानकीनगर के चेक पोस्ट पर तैनात जवानों ने अवैध तरीके से नेपाल से भारत ला रहे 3,10,000 नेपाली और 13,73,500 भारतीय मुद्रा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। 48वीं वाहिनी के डिप्टी कमांडेंट विवेक ओझा ने बताया कि हमें गुप्त सूचना मिली कि जानकीनगर के धुबी बाजार के रास्ते भारतीय और नेपाली मुद्रा की अवैध तस्करी होने वाली है। जिसके बाद जानकीनगर के समवाय प्रभारी एवं 5 जवानों ने चेक पोस्ट के रास्ते आने-जाने वाले लोगों की गहन रूप से तलाशी ली जाने लगी।इसी के तहत चेक पोस्ट पर तैनात जवानों ने देखा कि एक व्यक्ति नेपाल से भारत की तरफ आ रहा है। संदेह के आधार पर जवानों द्वारा उस व्यक्तियों को रोककर उसकी तलाशी ली गई, जिसमें उसके बैग से भारतीय और नेपाली मुद्रा प्राप्त हुए।व्यक्ति से पूछ-ताछ करने पर उसने अपना नाम मोहम्मद साजिद हुसैन घर हरलाखी बताया। पैसों की गिनती की गयी तो 3,10,000 नेपाली और 13,73,500 भारतीय मुद्रा बरामद हुए।आरोपी के पास से प्राप्त मुद्रा से सम्बंधित कोई लीगल कागजात नहीं था।इसके बाद चेक पोस्ट पर तैनात जवानों ने तस्कर को नेपाली व भारतीय मुद्रा के साथ गिरफ्तार कर लिया।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन 11 अगस्त को अररिया में- रंजीत यादव

अररिया। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह पूर्व केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार सैयद शाहनवाज हुसैन जी शुक्रवार, 11 अगस्त 2023 अररिया जिला के विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण करेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए जोकीहाट विधानसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी रहे युवा दिलों के धड़कन भाई रंजीत यादव ने बताया कि वे सुबह 08:00 बजे निज निवास, अपने गृह जिला (सुपौल) से अररिया के लिए प्रस्थान करेंगे।

महिला वर्ग खो-खो प्रतियोगिता में पार्वती साइंस कॉलेज मधेपुरा विश्वविद्यालय स्तर पर प्राप्त किया दूसरा स्थान

दैनिक शुभ भास्कर/ मधेपुरा। भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, लालू नगर मधेपुरा अंतर्गत अंतर महाविद्यालय खो-खो (पुरुष-महिला) प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन एम एल टी, कॉलेज सहरसा में 7 अगस्त 2023 से 8 अगस्त 2023 तक किया गया। जिसमें पार्वती साइंस कॉलेज, उपविजेता रहा। पीटीआई भानु कुमार के कुशल नेतृत्व और कुशल प्रशिक्षण में महिला वर्ग में विश्वविद्यालय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया । इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार और बरसर डॉ. सुनील कुमार ने खिलाड़ियों को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया, साथ ही निरंतर सफलता के लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

बिहार पृथ्वी दिवस पर चौसा में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

चौसा । सामाजिक शैक्षणिक कल्याण संघ चौसा के बैनर तले बुधवार को वन महोत्सव एवं बिहार पृथ्वी दिवस के शुभ अवसर पर प्रखंड के अभियाटोला में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसका नेतृत्व जदयू नेता नित्तम कुमार गांधी ने की।मौके पर लोगों के द्वारा फलदार,छायादार,फूल,औषधीय एवं अन्य प्रजाति के दो दर्जन से अधिक पौधो का पौधारोपण किया गया। मौक़े पर संजय कुमार सुमन, शिक्षक जवाहर चौधरी , जदयू नेता नित्तम कुमार गांधी युवा समाजसेवी आशीष कुमार, राकेश जायसवाल ,दामोदर मंडल,सतीश कुमार, प्रीतम भारती, सुधीर कुमार, शंकर चौधरी समेत दर्जनों लोगों ने अपने हाथों से एक एक पौधा लगाया।

क्रांति दिवस के अवसर पर एन एस एस की ईकाई ने मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा में किया विशेष कार्यक्रम

दैनिक शुभ भास्कर मधेपुरा। बुधवार को मधेपुरा महाविद्यालय मधेपुरा की एनएसएस इकाई द्वारा महाविद्यालय में क्रांति दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के संस्थापक, संरक्षक सह पूर्व प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने दीप जलाकर किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने क्रांति दिवस पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते कहा कि देश के लिए आजादी की जंग लड़ने वाले स्वतन्त्रता सेनानियों ने 9 अगस्त 1942 को क्रांति का एलान किया था, जिसे आज हमलोग अगस्त क्रांति दिवस के रूप में मनाते हैं। उन्होंने बताया कि 4 जुलाई 1942 के दिन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने एक प्रस्ताव पारित किया था कि यदि अंग्रेज अब भारत नहीं छोड़ेंगे, तो उनके विरुद्ध राष्ट्र स्तर पर नागरिक अवज्ञा आंदोलन चलाया जाएगा। देश को स्वतंत्रता दिलाने के विभिन्न प्रकार का आंदोलन किया गया। अंग्रेजी सत्ता को भारत से हटाने के लिए पूज्य बापू के नेत्तृत्व में जो अंतिम लड़ाई लड़ी गयी थी, उसे अगस्त क्रांति के नाम से जाना जाता है। आज के दिन हम उन स्वतन्त्रता संग्राम के सेनानियों को याद व नमन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। कार्यक्रम में कॉलेज के उप प्राचार्य प्रो. भगवान कुमार मिश्रा, एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रथम इकाई प्रो. बिजेंद्र कुमार, द्वितीय इकाई प्रो. मो. सोएब आलम, तृतीय इकाई प्रो. रत्नाकर भारती ने अगस्त क्रांति पर अपना अपना विचार व्यक्त किये। मौके पर कॉलेज के शिक्षक प्रो. मनोज कुमार झा, प्रो. कैप्टन गौतम कुमार, प्रो सुबोध कुमार एवं छात्र छात्रा क्रमशः रानी कुमारी, काजल कुमारी, मधु कुमारी, अजय कुमार, ललटू कुमार, धर्मेंद्र कुमार, दीपक कुमार, राघवेंद्र कुमार सिंह, बमबम कुमार, सत्यम कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

जवाहर नवोदय विद्यालय अररिया के छात्र छात्राओं ने जैव विविधता उद्यान, कुशियारगांव में किया पौधारोपण

दैनिक शुभ भास्कर अररिया। पृथ्वी दिवस पर जवाहर नवोदय विद्यालय अररिया के छात्र छात्राओं को बिहार का अनूठा जैव विविधता उद्यान, कुशियारगांव भ्रमण कराने ले जाया गया। उन्नीस सदस्यों के टीम का नेतृत्व कर रहे हैं कला शिक्षक मूर्तिकार राजेश कुमार और मैट्रन राजश्रीविद्यालय में प्रातः सभा में शिक्षक तनवीर अहमद ने बच्चों को पृथ्वी दिवस के महत्व के बारे में बताया और जानकारी देते हुए कहा कि पर्यावरण संकट से हम सभी कहीं न कहीं प्रभावित हो रहे हैं। हमें हमारी पृथ्वी का दोहन रोकने का प्रयास करना चाहिए और पेड़ पौधे लगाना चाहिए।पृथ्वी दिवस के अवसर पर मेधा यादव वन प्रमंडल पदाधिकारी,वन प्रमंडल अररिया द्वारा विद्यालय के बच्चों को कुशियारगांव स्थित जैव विविधता उद्यान नि:शुल्क भ्रमण कराने की निर्देश दिया। बच्चों ने जैव विविधता उद्यान में प्राकृतिक सौंदर्य का भरपूर आनंद लिया और पेड़ पौधों की नयी प्रजाति से भी परिचित हुआ। मौके पर राधे श्याम वनों के क्षेत्र पदाधिकारी भी उपस्थित थे।पृथ्वी दिवस पर बच्चों और शिक्षक मिलकर जैव विविधता उद्यान में अनेक पौधा रोपण किया।कला शिक्षक ने बच्चों को पेड़ पौधे के औषधीय गुणों के बारे में बताया, एवं पेड़ पौधे में जीवन होने की बात बताई और वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बसु को याद किया।बच्चों को प्रकृति पर आधारित गीत गाने को कहा। आंचल कुमारी ने स्वरचित कविता पाठ किया।

विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत स्वास्थ्य संस्थानों में हेल्दी बेबी शो का हुआ आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर ,अररिया। जिले में शिशु मृत्यु दर के मामलों में कमी लाने के लिए आयोजित विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत स्वास्थ्य संस्थानों में बुधवार को हेल्दी बेबी शो का आयोजन किया गया। सिमराहा एपीएचसी में फारबिसगंज पीएचसी प्रभारी राजीव बसाक की अगुआई में आयोजित कार्यक्रम में पूरी तरह स्वस्थ बच्चे की माताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित माताओं को डिब्बाबंद दूध से बच्चों को होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए उन्हें स्तनपान के महत्व से अवगत कराया गया। इस दौरान बीएचएम सईदुर्रजम्मा, बीईई पंकज कुमार सहित संबंधित सभी स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद थे। सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि जन्म के एक घंटे के अंदर नवजात को स्तनपान कराना बच्चों के स्वस्थ व सेहतमंद जिंदगी को मजबूत आधार प्रदान करता है। छह महीने तक केवल स्तनपान बच्चों के लिये सर्वांगीण विकास व पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होता है।

कार्रवाई विशेष गश्ती के दौरान सीमा चौकी माध्वापुर के जवानो ने गांजे के साथ दो तस्करो गिरफ्तार किया है।

गांजा के साथ दो युवक गिरफ्तार ,एसएसबी के द्वारा की गई कार्रवाई

जयनगर /मधुबनी/ दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब) 48वी वाहिनी जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल वाहय सीमा चौकी माध्वापुर के जिम्मेवारी के इलाके मे एस एस बी के जवानों को एक बड़ी कामयाबी मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर विशेष गश्ती के दौरान सीमा चौकी माध्वापुर के जवानो ने गांजे के साथ दो तस्करो गिरफ्तार किया है। सीमा चौकी माध्वापुर के प्रभारी निरीक्षक ऋषिकेश कुमार बताया कि सूचना मिली कि सीमा स्तंभ संख्या 293 के समीप गांजे की खेप नेपाल से भारतीय प्रभाग में सप्लाई होने वाली है। इसके लिए सीमा चौकी माध्वापुर से विशेष पेट्रोलिग दल का गठन किया गया था जिसका नेतृत्व असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर लेखराज कर रहे थे जिसमे 03 अन्य जवान शामिल थे। इस दल ने स्तंभ संख्या 293 से लगभग 800 मीटर भारतीय क्षेत्र के गांव खीरोदनी टोल के समीप दो व्यक्तियों को 2.015 किलो ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया । राजू कुमार सिंह, उम्र- 19 लगभग, पुत्र- नन्द किशोर महतो, ग्राम- तुलसियाही, थाना- तुलसियाही, जिला- धनुषा, नेपाल।राम जुलुम यादव, उम्र-19 वर्ष, पुत्र-विजय यादव, ग्राम- तुलसियाही, थाना-तुलसियाही, जिला-धनुषा, नेपाल।

गांजा कैनबिस 2.015 किग्रा मोटरसाइकल एक बजाज डिस्कवर नेपाली पंजीकरण संख्या 11पी 3558 सीमा चौकी माध्वापुर के प्रभारी निरीक्षक ऋषिकेश कुमार ने बताया गुप्त सूचना मिली थी कि नेपाल से भारतीय क्षेत्र में गांजे की खेप नेपाल से भारतीय प्रभाग में सप्लाई होने वाली है । इसी के सूचना के अधार पर एस?एस?बी? के जवानों को सीमा पर तैनात किया गया था। तैनात करने के बाद यह कार्रवाई की गई है। जब्त किए गए संदिग्ध गांजा एवं बरामद बाइक तथा गिरफ्तार तस्करों को पुलिस थाना साहरघाट के हवाले करने की प्रक्रिया जारी है । श्री गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट, 48वी वाहिनी जयनगर ने बताया भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये नाका, पेट्रोलिंग के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है। अवैध रूप से हो रही तस्करी के सामान को जब्त किया जा रहा है और सीमा पर एसएसबी की गश्ती तेज कर दी गई है ताकि इस प्रकार की गतिब्धियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित हो।

एनवाईकेएस ने शुरू किया मेरी माटी मेरा देश अभियान

दैनिक शुभ भास्कर/ अररिया। देश के वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में संपूर्ण देश में 9 अगस्त से 15 अगस्त के बीच भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा चलाये रहे मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत माटी को नमन वीरों का वंदन करते हुए युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय की जिला इकाई नेहरू युवा केन्द्र संगठन (एनवाईकेएस) की और से चयन समिति सदस्य प्रवीण कुमार ,लेखा पदाधिकारी सुधांश त्रिपाठी ने स्वतंत्रता सेनानी भृगु नाथ शर्मा के निवास स्थान बघुआ पहुँचकर उन्हें नमन करते हुए फूल माला और शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया और पौधरोपण कर शहीदों की याद में दिल्ली कर्तव्य पथ पर बनने वाले अमृत वाटिका के लिए मिट्टी का संग्रह कर अभियान का शुरुआत किया।इस दौरान एनवाईकेएस चयन समिति सदस्य व भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष श्री कुमार व लेखा पदाधिकारी श्री त्रिपाठी ने बताया कि आजादी के अमृत काल को यादगार बनाने हेतु इस अभियान का उद्देश्य बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों वीरों का सम्मान करना है।जिन्होंने अपना जीवन देश के लिए बलिदान कर दिया।

भृगुनाथशर्मा
मेरी माटी मेरा देश
नमन, वीरों का वंदन
अमृत वाटिका

जिसके अंतर्गत देश भर के ग्राम पंचायतों में वीर सेनानियों के याद में एक स्मारक का निर्माण होगा जिसको शिलाफ़लकम नाम दिया गया है जिसमे उस क्षेत्र के सभी सेनानियों का नाम दर्ज होगा। इसके साथ साथ 15अगस्त तक पौधरोपण,स्वच्छता अभियान सांस्कृतिक कार्यक्रम, संगोष्टी, हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम आयोजित होगा।वही वीर सेनानियों शहीदों के घर व गांव जाकर उनका वंदन करते हुए उस गांव की मिट्टी संग्रह और उसे अमृत कलश में भर कर दिल्ली में बनने वाले अमृत वाटिका के लिए भेजा जाएगा। इस मौके पर एनवाईके के युवा स्वयंसेवक सत्यप्रकाश, अभय नाथ मंडल, आशीष झा सहित अनेकों गणमान्य ग्रामीण मौजूद थे।

दैनिक शुभ भास्कर

ख़ास ख़बर

सी एच सी पिपरा में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्ववती महिलाओं का किया गया स्वास्थ्य जांच

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
निबंधन काउन्टर
Registration Counter

अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,पिपरा ,सुपौल। जिले के पिपरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरा में बुधवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से सभी गर्ववती की चिकित्सकिय जांच किया गया जिसमें,परिवार नियोजन परामर्श ,ए एन सी,बी पी,लैब जाँच,दवा सहित विभिन्न स्टॉल लगाया गया था, इस कार्यक्रम की देखरेख प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एस के चंद्रा के द्वारा किया गया। मालूम हो कि प्रत्येक महीने के 9 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं का पूर्ण जाँच किया जाता है, जिसमे प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग दो सो गर्भवती महिलाओं का चिकित्सीय जांच किया गया, जिसमे 4 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित किया गया है। प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रेम रंजन ने बताया क्षेत्र से आए सभी गर्भवती महिलाओं की कुल 14 प्रकार की जांच की गई, सभी महिलाओं के नास्ता का भी प्रबंध करवाया गया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एस के चंद्रा, डॉ बी0 बी0 सिंह, डॉ संतोष कुमार, डॉक्टर रंजित राम स्वास्थ्य प्रवंधक प्रेमचंद्र रजत, शिवेंद्र कुमार, राकेश कुमार, एएनएम ममता कुमारी, खुशबू कुमारी, नूतन प्रभा, सिंपी कुमारी, विजेता कुमारी, सिंकु कुमारी, रानी कुमारी, अर्चना कुमारी, रंजना भारती समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर 28 बोतल अंग्रेजी शराब किया बरामद

सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर ,सुपौल। जिले में किसनपुर थाना क्षेत्र के तुलापट्टी गांव के वार्ड नंबर 3 में गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को पुलिस अवर निरीक्षक अंजलि कुमारी एवं सहायक अबर निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह तथा पुलिस बल के साथ तुलापट्टी गांव पहुंचकर छापेमारी कर 28 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए आरोपी अमर कुमार कामत को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है । इस बाबत थानाध्यक्ष राघव शरण ने बताया कि तुलापट्टी निवासी आदेश कुमार उर्फ अमर कुमार पिता सत्येंद्र प्रसाद कामत द्वारा शराब का बराबर कारोबार करता है । सूचना के आधार पर मंगलवार को पुलिस पदाधिकारी अंजली कुमारी को भेजा गया, तो उन्होंने छापेमारी कर शराब बरामद किया है । बताया गया कि अभियुक्त के घर के पीछे एक झाड़ी में प्लास्टिक का बोरा में छुपाकर शराब को रखा गया था। जहां छापेमारी किया तो देखा कि एक बोरा बांध कर रखा हुआ है । बोरा को खोलने पर जिसमें 375द्बद्य का 26 बोतल एवं 180द्बद्य का दो बोतल रॉयल पार्टी ब्लाइंड माल्ट विक्सी पाया गया । पूछताछ में लोगों द्वारा बताया गया कि यह शराब अमर कुमार कामत का है । इसी आरोप में अमर कुमार कामत को हिरासत में लिया गया है। बताया गया है कि इससे पूर्व आरोपी के ऊपर किशनपुर थाना में लगभग पांच मामला दर्ज शराब बेचने के आरोप में है। कर्जेन थाना कांड संख्या 146 /21 सभी मध्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया हुआ है।

एनएच 106 सड़क किनारे रेन कट से बढ़ी दुर्घटना की आशंका

अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,पीपरा, सुपौल। जिले में पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पिपरा राघोपुर मार्ग कमलपुर पुल के समीप नवनिर्मित एनएच 106 सड़क में कई जगह रेन कट हो जाने के कारण सड़क के किनारे बड़ी खाई हो गई है। जिससे किसी भी समय बड़ी दुर्घटना घटने की आशंका बढ़ गई है। खास बात यह है कि यह सड़क हाल के दिनों में ही बनाया गया है और कई जगह अभी भी निर्माणाधीन ही है। ऐसे में सड़क निर्माण को लेकर लोगों में बहुत कुछ चर्चाएं भी होने लगी है। लोग कहते हैं बारिश का यही हाल रहा तो कई जगह रेन कट से सड़क किनारे गड्ढे हो जाने और पिचिंग सड़क टूटने का खतरा बन गया है।

लोजपा रा पार्टी कार्यकर्ताओं का जिला इकाई बैठक संपन्न

ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर ,सुपौल

जिले के सदर बाजार स्तिथ पब्लिक लाइब्रेरी एंड क्लब में बुधवार को लोजपा रा पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव एवं वन बूथ टेन यूथ को सुपौल जिला इकाई की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामकिशुन यादव ने किया जहां लोजपा रा पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रखंड अध्यक्ष व पार्टी पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में मुख्य अतिथि पांच दिवसीय दौरा पर सुपौल आएं बिहार प्रदेश महासचिव सह सुपौल प्रभारी रतन पासवान मौजूद थे। उन्होंने कहा जिले भर में संगठन के पदाधिकारियों व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक हो रही है। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव सह प्रभारी रतन पासवान ने कहा हमलोग राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान जी के निर्देश पर बिहार भर में संगठन की मजबूती को लेकर लगातार बैठकें कर रहे हैं। सुपौल में हमारी पार्टी पूर्व में भी चुनाव लड़कर जीत दर्ज किए हैं। पुनः एक बार फिर से आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। पार्टी के तमाम कार्यकर्ता डोर-टू-डोर कैम्पेनिंग कर रहे है। हमारी पार्टी की विचारधारा में विश्वास रखने वाले हजारों की संख्या में लोग पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। सुपौल में पार्टी की रीढ़ बेहद मजबूत है। बैठक को संबोधित करते हुए सुपौल जिलाध्यक्ष रामकिशुन यादव ने कहा बिहार की जनता चाचा भतीजा के शासन से उब चुकी है बिहार में अपराधियों का तांडव सिर चढ़कर बोल रहा। कानून नाम का चीज नहीं रहा है। बिहार में एनडीए काफी मजबूत स्थिति में है हमारी जीत बिहार के चालीसों सीट पर होगी। वहीं सुपौल जिला मिडिया प्रभारी सुनील कुमार पासवान अपने संबोधन में संगठन की मजबूती के साथ आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी को लेकर सभी पंचायत अध्यक्षों को हर बूथ दस यूथ तैयार करने कि बात कही।

उन्होंने कहा देश भर के युवा चिराग पासवान जी के लोकप्रियता से प्रभावित होकर यह ठान लिया है कि आगामी 2024 में दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और 2025 में बिहार का मुख्यमंत्री चिराग पासवान ही बनेंगे। प्रधान महासचिव ललित कुमार भारती ने कहा हमारी पार्टी एनडीए गठबंधन के साथ मिलकर बिहार की चालीसों सीट जीतेगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर पासवान प्रदेश महासचिव और सभी जिला इकाई के पदाधिकारियों का अभिनंदन किया।इस मौके पर प्रदेश महासचिव भोला पासवान, कविता पासवान युवा जिलाध्यक्ष रोशन कुमार, आईटी सेल जिलाध्यक्ष प्रभाष कुमार, संसदीय बोर्ड जिलाध्यक्ष नशीम गुड्डू, चिकित्सा प्रकोष्ठ राजेश कुमार पासवान, प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर पासवान, लक्ष्मण पासवान, सुरेश कुमार, ब्रह्मदेव पासवान, रोशन कुमार, मनोज चौधरी, अशोक पासवान, अशोक राय, पवन कुमार, सहित दर्जनों लोजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

हमारा कार्य राष्ट्र कल्याण लोक कल्याण के लिए हो तो भगवान भी हमारी सहायता करने आते हैं और हम उसमें सफल होते हैं

ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर ,सुपौल। जिले के नगर परिषद अंतर्गत श्री राधा कृष्ण ठाकुरबाड़ी मन्दिर सुपौल के प्रांगण में चल रहे श्रीराम कथा के चौथे दिवस पर अंचल समिति सदस्य मनीष कुमार सिंह द्वारा व्यास पीठ की पूजन एवं आरती कर शुभारंभ किया गया।

बाल लीला एवं यज्ञ रक्षा प्रसंग के अवसर पर मनमोहक झांकी भी प्रस्तुत किया गया,जिसका श्रोताओं ने आनंद उठाया।

श्रीराम कथा के चौथे दिवस पर बाल लीला एवं यज्ञ रक्षा प्रसंग पर बोलते हुए कहा जब छोटा बालक घर में आ जाए तो भगवान की पूजा कम कर देनी चाहिए क्योंकि भगवान ही बालक रूप में आते हैं।

अगर हमारे अंदर प्रेम,निष्ठा प्रबल हो तो वो भगवान जो निराकार है साकार रूप धारण करके आते हैं। आजकल हमारी निष्ठा टिकती नहीं इसलिए निष्ठा फलती नहीं है। किसी संकल्प का विकल्प नहीं ढूंढ़ना चाहिए जैसे कि हम विकल्प ढूंढ़ते हैं तो संकल्प टूट जाता है।

विश्वामित्र जी विश्व कल्याण के लिए यज्ञ करते थे इसलिए उनकी सहायता करने के लिए अखिल ब्रह्माण्ड के नायक प्रभु श्रीराम को आना पड़ा।

हमारा कार्य राष्ट निर्माण-लोककल्याण के लिए हो तो भगवान भी हमारी सहायता करने आते हैं और हम उसमें सफल होते हैं।

कथा में कमलाकांत झा,अंचल समिति सदस्य रामकुमार चौधरी,रामकिसुन चौधरी, दिलीप गुप्ता,रामकुमार जी, हनुमान साह, पूनम चौधरी,किरण देवी,रत्न देवी,गौरी देवी,चंदा कुमारी,लीना देवी, प्रीति देवी,रूपा देवी, मीणा देवी,मंजु देवी, ममता गुप्ता,बेबी देवी, अहिल्या देवी, अंजना देवी, पुनिता देवी, सीमा अग्रवाल,ऊमा देवी अग्रवाल, सुषमा देवी,पलक कुमारी,मीरा देवी,चण्डिका देवी सहित सैकड़ों महिला व पुरुष श्रद्धालु भक्त-जन विपरीत मौसम के वावजूद उपस्थित हुए।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत कैम्प के माध्यम से 200 से अधिक गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर किया गया साथ दवा का वितरण

सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर किशनपुर ,सुपौल। जिले में किसनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित प्रखंड के विभिन्न स्वास्थ्य उप केंद्र पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवतियों का जांच कर मुफ्त दवा का वितरण किया गया। प्रत्येक माह के 09 तारीख को होने वाला कार्यक्रम के तहत वुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किशनपुर सहित प्रखंड के विभिन्न उप स्वास्थ्य केंद्र पर गर्भवती महिलाओं का स्वाथ्य परीक्षण कर मुफ्त दवा व फल, नास्ता का वितरण किया गया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अभिषेक कुमार सिन्हा ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य उप स्वास्थ्य केंद्र पर कैम्प के माध्यम से गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जहां आज किए गए जांच में फिलहाल 199 गर्भवती महिलाओं के जांच का रिपोर्ट आया है। बांकी का अभी आना बांकी है। बताया कि गर्भवती महिलाओं का हिमोग्लोविन, एचआईवी, बी .पी., वजन, तापमान, हेमोग्लोबिन, ब्लड सुगर, एचआईवी, विडीआरएल, हैपेटाइटिस बी एवं पेट का जांच किया गया। जिसे जांचोपरांत मुफ्त दवा जैसे आयरन का गोली, कैलसियम, एल्वेंडजोल सहित अन्य दवाओं के साथ सेब, केला, बिस्किट एवं पानी के बोतल का वितरण किया गया। इसके अलावे सभी गर्भवती महिलाओं को एक रहन सहन खान पान के बारे में बताया गया। इसके अलावे कैम्प के माध्यम से उप स्वास्थय केंद्र सुखासन, परसा माधो एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खखई में भी गर्भवतियों का जांच कर दवा व फल का वितरण किया गया।

मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत हुआ वृक्षारोपण का कार्यक्रम

डॉ0 विनीत शेखर /दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल। जिले के निर्मली एचपीएस कालेज प्रांगण में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम एवं द्वितीय इकाई के द्वारा आयोजित किया गया। भारत सरकार के द्वारा निदेशित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के पूरे परिसर में वृहद रूप से पौधरोपण किया गया। लगभग 350 की संख्या में विभिन्न प्रकार के पेड़ों का पौधरोपण किया गया। इसमें कुछ पेड़ शो प्लांट वर्ग के हैं तो कुछ पेड़ छायादार वर्ग के हैं। इसके साथ ही बहुत सारे फलदार वृक्ष भी लगाए गए हैं। विदित हो कि इन विविध प्रकार के पौधों का रंगरूट प्रशिक्षण केन्द्र, सशस्त्र सीमा बल, आसनपुर, कुपहा के सहयोग से पौधा उपलब्ध कराया गया और पौधारोपण में इनलोगों का उल्लेखनीय सहयोग रहा। यह पूरा कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. उमा शंकर चौधरी की अध्यक्षता में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अतुलेश्वर झा एवं डॉ. कृष्णा चौधरी की देखरेख में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी बढ़ चढ़कर भाग लिए। इस अवसर पर डॉ. अभयधारी सिंह, डॉ. इन्द्रदेव सिंह यादव, डॉ. संतोष कुमार सिंह, श्री विजयशंकर, श्री गंगेश गुंजन, डॉ. सुदीप्त घोष, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. अब्दुल मतीन, श्री राजीव कुमार, डॉ. ललन कुमार, डॉ. लक्ष्मी कुमारी, डॉ. श्याम कुमार चौधरी।

अभिषेक मिश्र बने एमएसयू के प्रदेश उपाध्यक्ष

LONDON HILLS

डॉ बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली ,सुपौल। जिले में मिथिला स्टूडेंट यूनियन ने संगठन का विस्तार करते हुए अभिषेक मिश्र को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मिथिला स्टूडेंट यूनियन के बिहार प्रदेश प्रभारी के द्वारा जारी अधिसुचना में अभिषेक मिश्र को ये जिमेदारी दी गई है। जिसके लिए अभिषेक मिश्र ने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिनाश भारद्वाज, राष्ट्रीय सचिव विनीत शेखर व सभी राष्ट्रीय टीम के सदस्यो प्रति आभार प्रकट किया है। वही प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर श्री मिश्र को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा जो जिम्मेदार सौंपी गई है। उसे पूरी निष्ठापूर्वक निर्वहन करूंगा। मिथिला के हित के लिए कार्य करते हुए संगठन के जनाधार को जन जन तक पहुंचाने काम करेंगे। जल्द ही संगठन के विस्तार के लिए कार्य किए जाएंगे और मिथला राज्य निर्माण को लेकर आंदोलन को और गति देने का काम करेंगे। बधाई देने वालो में एमएसयू सुपौल जिला अध्यक्ष राज नीतीश, अभिराम झा, राजेश कामत, एम रहमान, विशाल, आरिफ, श्रीकांत, आर बी सत्यार्थी, विकाश झा, आनंद झा, प्रशांत गौरव ,बाबुल कुमार, जितेंद्र रजक ,पंकज यादव ,सौरभ कुमार, नवीन सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

डी बंधोपाध्याय आयोग और स्वामीनाथन आयोग के सिफारिश को लागू करो -ट्रेड यूनियन संयुक्त संघर्ष समिति

कारपोरेट हटाओं।
खेती बचाओं॥
देश बचाओं॥
संयुक्त किसान मोर्चा के अवाह्न पर
दिनांक - 09 अगस्त 2023 क्रांति दिवस के अवसर पर दिन के 12 बजे से जिला मुख्यालय सुपौल के समक्ष
विशाल धरना प्रदर्शन

मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल। जिले में 9 अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर संयुक्त किसान मोर्चा और ट्रेड यूनियन संयुक्त संघर्ष समिति और कोशी नव निर्माण मंच एवं एनएपीएम के संयुक्त तत्वावधान में प्रदर्शन सुपौल गांधी मैदान से निकल कर शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए सुपौल समाहरणालय पहुंचकर सभा मे तब्दील हो गया। जिसकी संयुक्त अध्यक्षता अखिल भारतीय किसान महा सभा के जिलाध्यक्ष कॉमरेड अच्छेलाल मेहता, अखिल भारतीय किसान सभा के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव,कोशी नव निर्माण मंच के जिलाध्यक्ष इंद्र नारायण सिंह,एनएपीएम के जिलाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने किया।

सभा को संबोधित करते हुएअखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा के जिला सचिव कामरेड जय नारायण यादव ने कहा कि मोदी सरकार अडानी अंबानी की दलाली कर रही है।देश के मजदूर किसानों पर महंगाई और टेक्स लाद कर अडानी अम्बानी का तिजौरी भरने का काम कर रही है।

सभा को संबोधित करते हुए कोशी नव निर्माण मंच के जिलाध्यक्ष इन्द्रनारायण सिंह ने कहा कोशी बांध के अंदर बसे लोगों का घर प्रति बर्ष विस्थापित होता है।लेकिन सरकार के तरफ से कोई राहत नहीं दी जाती है।

सभा को संबोधित करते हुए ट्रेड संयुक्त संघर्ष समिति सुपौल के जिला संयोजक कॉमरेड अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने मजदूरों के हित में बने 44 श्रम क़ानूनो को खत्मकर 4 श्रम कोड लायी है जो मजदूरों के लिए गुलामी की जंजीर है।सुपौल में श्रम अधीक्षक का पदस्थापन और निबंधित निर्माण श्रमिकों के लंबित अनुदान राशि का भुगतान अबिलम्ब किया जाय,

सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के नेता डॉ चंद्रभाष ने कहा कि किसानों के सभी फसलों का एमएसपी पर खरीद की गारंटी की जाय।बिहार में एपीएमसी लागू किया जाय।

सभा को भोला यादव,श्रवणकुमार,सदानंद राम,मजदूर नेता सुरेंद्र चौधरी,सुरेश चौपाल,किसान नेता दुर्गी सरदार,गीता देवी,जन्मजय राय, मो मुस्लिम,कैलाश कमल,चंद्रकिशोर यादव,विणा देवी,सुरेश मंडल,शोभा उरांव,श्रवण यादव, ऐक्टू नेता जितेंद्र चौधरी, गणेश्वर मंडल,उपेंद्र सादा, ब्रह्मदेव सादा,राजेश शर्मा, कोशी नव निर्माण मंच के नेता चंद्र मोहन यादव,मो अववास,महेंद्र यादव आदि नेताओ ने संबोधित किया।

मामला जर्जर विद्यालय के एक ही कमरे में चलता है पांचवी तक की क्लास ।

डर के साए में समय बिताते हैं स्कूल के शिक्षक और छात्र



मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल जिले के त्रिबेनीगंज अनुमंडल में मूलभूत अधिकार में शामिल शिक्षा को लेकर सरकार की सजगता कितनी कारगर है इसे देखना हो तो सुपौल जिले में आइये। जहाँ आपको स्कूलों की अनगिनत अचंभित करने वाली तश्वीर देखने को मिलेगी। कुछ स्कूलों में कहीं भवन नहीं है तो कहीं छात्रों की उपस्थिति कम देखी जाती है। कहीं रसोई घर नहीं है तो कहीं शिक्षको की कमी देखने को मिलेगी। ऐसे में बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कैसे मिल पाएगी ये बात शिक्षा विभाग से बेहतर कोई नही जान सकता।

ताजा मामला जिले के त्रिवेणीगंज प्रखंड क्षेत्र का है। यह मामला त्रिवेणीगंज प्रखंड मुख्यालय से महज तीन किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित प्राथमिक विद्यालय मेढिया से संबंधित है। कहते हैं विद्यालय की स्थापना 1952 ईसवी में की गई थी। बच्चो के बेहतर भविष्य को ध्यान में रखकर स्कूल की स्थापना से इलाके के लोगो मे खुशी हुई। लेकिन बीतते समय के साथ ही विद्यालय पुराने इतिहास की तरह बन गया है। जहाँ 75 वर्ष पूर्व बने विद्यालय के दो कमरों का भवन कभी भी ध्वस्त हो सकता है। ऐसे में कितनी बड़ी घटना घट सकती है, इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। वही सबसे बड़ी दिक्कत इस बात को लेकर भी है कि टेढ़ा नदी के किनारे बसे स्कूल की आधी जमीन नदी में समा चुकी है। नदी के बहाव से कटाव जारी रहने के कारण स्कूल भवन के नदी में समाने का खतरा भी मुंह बाए सामने खड़ी है।

दो कमरे के इस स्कूल में एक कमरा रसोई में उपयोग किया जा रहा है। शेष बचे एक कमरे में कार्यालय के साथ साथ बच्चे भी पठन पाठन करते है। मौके पर मौजूद एचएम ने बताया कि दो कमरे युक्त विद्यालय में 82 छात्र छात्राएं नामांकित है। जिसके बाद बिभागीय आदेश से एक नवसृजित विद्यालय वार्ड नं 7 को भी इसी प्रा वि मेढिया में शिफ्ट कर दिया गया। जिसमें 77 बच्चे नामांकित है। इस तरह कुल 159 वच्चो का भविष्य एक जर्जर कमरे के इर्द गिर्द घूम रहा है। प्रा वि मेढिया में 5 और नवसृजित में तीन शिक्षक कार्यरत है। इस तरह इस विद्यालय में अभी कुल 8 शिक्षक पदस्थापित हैं। जिससे बिभागीय कार्यशैली का अनुमान लगाया जा सकता है। विद्यालय में खेलने के स्कूल परिसर नही है। वही शौचालय के अभाव में वच्चो को अपने घरों की ओर रुख करना पड़ता है। हालांकि एक शौचालय विद्यालय परिसर में अवस्थित है

प्राचार्य डॉ0 जयदेव प्रसाद यादव की अध्यक्षता में मनाई गई स्व0अनूप लाल यादव की दसवी पुण्यतिथि

मेरी माटी मेरा देश
Mega Tree

जितेंद्र कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, त्रिवेणीगंज, सुपौल। जिले के त्रिबेनीगंज अनुमंडल में अनूपलाल यादव महाविद्यालय त्रिवेणीगंज के तत्वाधान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जयदेव प्रसाद यादव की अध्यक्षता में अनूप लाल बाबू की दसवीं पुण्यतिथि मनाई गई। पुष्पांजलि अर्पण के पश्चात एक सम्मान सभा का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने स्वतंत्रता सेनानी नेताजी अनुप बाबू के चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाले। मंच संचालन उप प्राचार्य प्रोफेसर अशोक कुमार ने किये। वक्ताओं ने बताये अनूप लाल बाबू स्वच्छ छवि के स्वच्छ नेतृत्व करने वाले समाजसेवी के रूप में जाने जाते हैं। त्रिवेणीगंज में डिग्री महाविद्यालय की स्थापना, अनुमंडलीय कार्यालय, अनुमंडलीय अस्पताल जैसे संस्थान उनकी देन है। वे गरीब शोषित और पीड़ितों के मसीहा थे। स्वतंत्रता संग्राम में उन्हें कई यातनाएं दी गई, फिर भी देश के आजादी के लिए लड़ते रहे। वे बिहार सरकार के मंत्री पद को भी सुशोभित किए। वे सांसद भी रह चुके थे। कोसी क्षेत्र के विकास में उनका अहम भूमिका रहा है। खासकर त्रिवेणीगंज जैसे पिछड़े क्षेत्र के वे विश्वकर्मा थे। अनूप बाबू जैसे नेता के नेतृत्व की कमी की भरपाई किया जाना संभव नहीं है। अनूप बाबू एक महान स्वतंत्रता सेनानी एवं इस महाविद्यालय के संस्थापक थे, इसलिए उनके सम्मान में आज 9 अगस्त को अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष, सचिव,प्राचार्य एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृहत वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। एनएसएस के स्वयंसेवकों और कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर विद्यानंद यादव, प्रोफेसर शंभू यादव, प्रोफेसर कुमारी पूनम द्वारा चयनित ग्राम में वृहत वृक्षारोपण किया गया।

ख़ास ख़बर

अवैध बालू लदा ट्रक के साथ चालक गिरफ्तार

दैनिक शुभ भास्कर नासरीगंज (रोहतास) थाना क्षेत्र के सिकरिया पेट्रोल पंप के समीप से स्थानीय पुलिस ने अवैध बालू लदा एक ट्रक को जब्त करते हुए उस ट्रक के चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।गिरफ्तार ट्रक चालक बक्सर जिले के मुफस्सिल थाना चौसा के नदाव गांव निवासी उपेंद्र यादव बताया जाता है। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि सिकरिया पेट्रोल पंप के समीप से अवैध बालू लदा एक ट्रक जो जब्त किया गया है। जबकि उस ट्रक के चालक को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

दलित असहाय लोगों की मदद करने वाली पार्टी है जदयू - पूर्व मंत्री

कोचस (रोहतास)दैनिक शुभ भास्कर महादलित आयोग के अध्यक्ष बनने पर बुधवार पहली बार कोचस जदयू कार्यालय में आये पूर्व परिवहन मंत्री सह वर्तमान महादलित आयोग के अध्यक्ष का जदयू कार्यकर्ताओं ने अंग वस्त्र व पुष्प देकर स्वागत किया। इस अवसर पर संतोष कुमार निराला ने कहा कि पार्टी ने जो मुझे जिम्मेवारियां दी है। उसे मैं निष्ठा पूर्वक निर्वहन करुंगा। साथ ही साथ पार्टी के मजबूती के लिए हर संभव प्रयास करूंगा तथा महादलित के हक के लिए लड़ाई निरंतर लड़ता रहूंगा। वही कोचस जदयू प्रखंड अध्यक्ष हरिहर सिंह ने बताया कि महादलित आयोग के अध्यक्ष बनने पर पूर्व परिवहन मंत्री संतोष कुमार निराला का बक्सर से सासाराम जाने के दौरान कोचस कार्यालय मे आगमन हुआ जिसमे जदयू कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने यह भी कहा कि महादलित समाज से आने वाले लोगों के लिए अध्यक्ष ऊर्जावान साबित होंगे। प्रखंड अध्यक्ष हरिहर सिंह, नगर अध्यक्ष गोविंद पटेल रामप्रवेश राम, पैक्स अध्यक्ष सुरेंद्र राम, बालेश्वर सिंह, गोविंद कुशवाहा, इंद्रजीत कुशवाहा, इंद्रजीत पटेल, मनोज पटेल, प्रमोद पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

समाजसेवी के श्रद्धांजलि सभा में लोगों की उमड़ी भीड़

दैनिक शुभ भास्कर डेहरी (रोहतास) शहर के चर्चित समाजसेवी सह पूर्व पंजाब नेशनल बैंक के चीफ मैनेजर अश्वनी कुमार चौधरी के निधन के बाद ब्रह्मभोज कार्यक्रम में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें शहर के सभी समाजसेवी के साथ परिवार के लोगों ने स्वर्गीय अश्वनी कुमार चौधरी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दिया सर्वप्रथम उनके तेल चित्र के पास दीप प्रज्वलित की गई सभी ने पुष्प माला पहनकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया इस मौके पर आए उनके मित्र डॉक्टर आरके सिंह ने कहा कि अश्वनी कुमार चौधरी शहर में हर सामाजिक कार्यों में आगे रहते थे अपने नौकरी में उन्होंने ईमानदारी के साथ कार्य किया और गरीबों का सहायता किया ऐसे व्यक्ति आज हमारे बीच में नहीं है इसकी कमी खल रही है श्रद्धांजलि सभा के मौके पर उनके पुत्र इंजीनियर निशांत निकुंज इंजीनियर अंकेश गुंजन के साथ परिवार के चंद्रबल सिंह नीतू कुमारी प्रीति देवी दीपिका देवी प्रमिला देवी मंगल सिंह श्वेता कुमारी मंजू चौधरी आदित्य चौधरी धर्मशिला चौधरी माधुरी चौधरी संगीता देवी रीता चौधरी प्रेमलता चौधरी नेशा चौधरी इंद्र बाला चौधरी बिपिन बिहारी नवल किशोर अशोक कुमार प्रदीप कुमार विश्वजीत चौधरी नितिन चौधरी अमित चौधरी कुंवर सिंह सोनू गुप्ता सहित सैकड़ो लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

> ➲ अश्वनी कुमार चौधरी शहर में हर सामाजिक कार्यों में आगे रहते थे अपने नौकरी में उन्होंने ईमानदारी के साथ कार्य किया

विद्युत विभाग बकाये उपभोक्ताओं पर करेगी नीलामवाद की कार्रवाई

बकाया राजस्व वसूली को लेकर लगातार चलायेगी अभियान

साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल
बिक्रमगंज (रोहतास)

ब्यूरो-रवि प्रकाश/शाहाबाद/ दैनिक शुभ भास्कर/ बिक्रमगंज (रोहतास) विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल,बिक्रमगंज अंतर्गत सभी प्रशाखाओं में राजस्व वसूली को लेकर नीलामवाद की कार्रवाई शुरू करेगी। जिसको लेकर लगातार अभियान जारी कर दिया है। जिसमें बिजली चोरी को लेकर जुर्माना एवं प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। बकायेदार उपभोक्ताओं के विरुद्ध विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए विद्युत कनेक्शन काटा जा रहा है। वही पूर्व में जो बकायेदार उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया था। जो अब तक बकाये राशि का भुगतान नहीं किया गया है। उन पर नीलामवाद दायर की जा रही है। इस संबंध में सहायक विद्युत अभियंता,बिक्रमगंज राज कुमार ने बताया कि चालू सप्ताह में 5 उपभोक्ताओं पर नीलामवाद दायर करने हेतु लीगल नोटिस भेजी गई है। जिसके तहत अग्रेतर कार्रवाई भी जारी है। जिसमें बिक्रमगंज नगर परिषद क्षेत्र के नटवार रोड स्थित अजय कुमार गुप्ता, पिंटू कुमार, चीनी मिल स्थित कांति कुंवर, मुनी देवी, कृष्णा नगर मुहल्ला स्थित रमेश कुमार सिंह का नाम शामिल है। जो सभी ऊक्त उपभोक्ताओं का विद्युत संबंध कटने के बाद भी बकाया राशि जमा नही करने के कारण बिहार और उड़ीसा लोक मांग वसूली अधिनियम 1914 के तहत नीलामवाद दायर किया जा रहा है। जबकि सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि जो भी उपभोक्ताओं का बकाया राशि रहने के कारण विद्युत कनेक्शन काटा जाता है तो सक्षम प्राधिकारी से किस्तीकरण कराने के पश्चात बकाया राशि एवं पुनः विद्युत संयोजन शुल्क जमा करने के पश्चात विद्युत का उपभोग करें। साथ ही साथ अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें। ग्रामीण उपभोक्ता अपने बकाए बिल का भुगतान पंचायत के मीटर रीडर के माध्यम से करा स्थल पर ही रसीद प्राप्त कर सकते हैं।

आगे बताते चलें कि राजस्व संग्रहण को लेकर बार बार उपभोक्ताओं से बिजली बिल जमा करने की आग्रह के बावजूद भी बिजली बिल का भुगतान नहीं करने को लेकर पूर्व में 33 उपभोक्ताओं पर नीलामवाद की कार्रवाई की गई है। जिसका नीलामवाद पदाधिकारी द्वारा वाद संख्या भी उपलब्ध करा दी गयी है।

आजादी अमृत महोत्सव पर वीरों के याद में कार्यक्रम आयोजित

मेरा माटी मेरा देश
मिट्टी को नमन-वीरों का वन्दन
शहीद वीर-वीरांगनाओं के स्मृति में
मेरी माटी मेरा देश अभियान
राजपुर (रोहतास) दिनांक- 9 अगस्त 2023

राजपुर (रोहतास) राजपुर प्रखंड के मंडल पकड़ी गांव में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के मेरा माटी मेरा देश के अंतर्गत आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर वीरों को नमन,मिट्टी का वंदन किया गया । इस कार्यक्रम के अंतर्गत राजपुर मंडल के पकड़ी गांव में शहीद राजेश्वरी कांत तिवारी के घर की मिट्टी को वंदन करते हुए अस्थि कलश में रखकर भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीण जनता ने प्रधानमंत्री के पंचप्रण लिए। साथ ही पकड़ी गांव के ही शहीद रामायण पांडे जी के परिजन को सम्मानित कर मिट्टी को वंदन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री विजय सिंह,जिला मंत्री रेशमा पटेल,राजपुर मंडल अध्यक्ष दीपक गुप्ता,नोखा ग्रामीण अध्यक्ष अनिल सिंह,नासरीगंज नगर अध्यक्ष लालबाबू प्रसाद,अति पिछड़ा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश चौहान,बिंदेश्वरी सिंह,कौशल राज,जवाहिर चौरसिया, कृष्ण कुमार लाल,राजेंद्र प्रसाद,संजय साह,अनिल राय,अरविंद रॉय ,गौतम गुप्ता सहित कार्यकर्ता और ग्रामीण जनता उपस्थित रहे। जिला महामंत्री विजय सिंह ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश के तहत आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर शहीद और स्वतंत्रता सेनानी के घर की मिट्टी को वंदन और वीरों को नमन करते हुए अमृत कलश में मिट्टी को लेकर कलश पंचायत, मंडल,जिला,प्रदेश होते हुए दिल्ली में 29 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा पूरे भारत से अमृत कलश की मिट्टी को वंदन और वीरों को नमन कर 7500 वृक्षारोपण करेंगे। साथ ही 9 अगस्त को कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

अवैध बालू खनन रोकने के लिए बालू घाट पथ को प्रशासन ने कटवाया

दैनिक शुभ भास्कर नासरीगंज(रोहतास) प्रखण्ड क्षेत्र में बालू के अवैध खनन और परिवहन की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन की ओर से एक ओर जहां लगातार दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। वहीं सरकार की ओर से बालू घाटों से खनन पर रोक के बाद सभी बालू घाटों के रास्तों को अवरुद्ध कराने का काम भी तेज कर दिया गया है। बुधवार को कच्छवा थाना क्षेत्र के दनवार बालू घाट के रास्ते को माइनिंग इंस्पेक्टर राहुल कुमार व थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने जेसीबी से कटवाया। जिससे अवैध खनन एवं परिवहन को रोका जा सके। माइनिंग इंस्पेक्टर ने बताया कि संबंधित अंचलाधिकारी व थानाध्यक्ष को संयुक्त रूप से बालू घाटों पर कटिंग की निगरानी सौंपी गई है, ताकि बनाये गये गढ़े में मिट्टी भरायी करके फिर से रास्ते का निर्माण नहीं हो सके। कहा कि किसी भी शर्त पर अवैध बालू का खनन व परिवहन कदापि होने नहीं देंगे। इस बार बालू घाट जाने के समीप कटिंग किया गया है। अगर कोई असामाजिक तत्व कटिग को भरने का काम करता है तो वैसे व्यक्ति के ऊपर कानून करवाई की जायेगी

अनियंत्रित ई रिक्शा पलटने से व्यक्ति घायल

कोचस (रोहतास) थाना क्षेत्र के उसराव गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर ई-रिक्शा के पलट जाने से एक अधेड़ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि मंगलवार की संध्या में उसराव गांव के समीप राष्ट्रीय उच्च मार्ग 30 पर सवारियो से भरा एक ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमे ई रिक्से पर सवार एक अधेड़ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि अन्य लोगो की हल्की चोटे आई है। घायल की पहचान नटवर थाना क्षेत्र के गौतम सिंह के रूप मे हुई हैं जो अपने रिश्तेदारी में जा रहा था। घायल अधेड़ व्यक्ति को आनन फानन मे स्थानीय लोगों की मदद से कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने इलाज उपरांत बेहतर इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है।

बीड़ीओ ने पर्यवेक्षको के साथ बैठक की

दैनिक शुभ भास्कर नोखा (रोहतास) प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत बुधवार को स्वच्छता को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरमा कुमारी ने पर्यवेक्षको के साथ बैठक की। जिस बैठक में बीड़ीओ ने ओडीएफ, ठोस-तरल अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़ी कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर के रख रखाव से संबंधित विशेष जानकारी लिया। साथ ही साथ सभी कार्य बिंदुओं पर ठीक ढंग से कार्य करने की स्वच्छता पर्यवेक्षकों को दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर प्रखंड समन्वयक सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

लोहिया स्वच्छ अभियान अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई हुआ निरीक्षण

दैनिक शुभ भास्कर काराकाट (रोहतास) लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान फेज-2 के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत बुढ़वल में ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई डब्लूपीयू के निर्माण हेतु बीडीओ ने किया निरीक्षण। जिसको लेकर अंचल कार्यालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त भूमि का सीमांकन अंचल अमीन द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह ने उपस्थिति में करवाया। साथी ही साथ योजना के कार्य को शीघ्रता से आरंभ करवाने हेतु सभी ग्राम पंचायत मुखिया सहित पंचायत सचिव को दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर प्रखण्ड समन्वयक काराकाट,अंचल अमीन सुदामा सिंह,माननीय मुखिया अभिभावक विरेन्द्र सिंह,उपमुखिया बुढ़वल,वार्ड सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थिति थे।

सकला रजवाहा का गोड़ारी पुल का फॉल तोड़ डाला गया हजारों बीघा धान की खेती सत्यानास

दैनिक शुभ भास्कर काराकाट (रोहतास) नासरीगंज सकला रजवाहा में गोड़ारी पुल पर बना फॉल को तोड़ दिया गया .अचानक घटी घटना से किसानों में हाहाकार मच गया . फॉल तोड़ने की घटना बुधवार को करीब ढाई बजे का बताया जाता है . जैसे ही किसानो को फॉल तोड़ने की जैसे ही सूचना मिली सौकड़ों किसान गोड़ारी पुल पर पहुंच गये . इस अजीबो गरीब घटना से किसानों में आक्रोश व्याप्त हो गया है . किसान जब फॉल तोड़ने की जानकारी लेने लगे तो कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पटना के कोई एसडीओ आये थे जेसीबी से काराकाट थाना की पुलिस के सहयोग से तोड़ दिया गया . किसानों ने जब थाना पहुंचकर जानकारी ली तो बताया कि पटना से सिचाई विभाग का एसडीओ थे . जब थाना से एसडीओ के नंबर पर कॉल किया गया तो रिसीव ही नहीं किया .इसके बाद किसान काराकाट प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह को सूचना दिया तो बीडीओ ने फोन किया तो एसडीओ कॉल उठाया लेकिन नाम नहीं बताया कहा कि ऊपर से आदेश तोड़ने द्धड्ड आया है . जब बीडीओ ने आदेश का कागज मांगे तो बोला गया कि भेज रहा हूँ लेकिन काफी इंतजार के बाद कागज नहीं मिला . फॉल तोड़ने की सूचना बीडीओ ने बिक्रमगंज एसडीएम को दिया कि किसानों में काफी आक्रोश है . विधि व्यवस्था गड़बड़ा सकता है किसान आंदोलन करने पर उतारू है . किसानों को फॉल टूटने से चिंता सताने लगी कि हजारों एकड़ धान का फसल का कैसे पटवन होगा . किसानों ने पुलिस के प्रति भारी आक्रोश देखा गया कि बिना सोचे समझे पुलिस बल मुहैया कराया गया . जबकि 6ः 15 बजे बीडीओ को पत्र भेजा गया .

आयोजन

एकदिवसीय नियोजन मेले में 3560 अभ्यर्थियों ने भाग लिया

जिला स्तरीय नियोजन मार्गदर्शन मेला का हुआ आयोजन

National Career Service
श्रम संसाधन विभाग, बिहार
अवर प्र
दिवसी

दैनिक शुभ भास्कर डेहरी (रोहतास) संयुक्त श्रम भवन अवर प्रादेशिक नियोजनालय, डालमियानगर के परिसर में एक दिवसीय जिला स्तरीय नियोजन सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन निशांत कुमार सिन्हा, सहायक निदेशक,नियोजन दिनेश तिवारी, जिला नियोजन पदाधिकारी रोहतास, पुरूषोतम त्रिवेदी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, इन्दु चक्रवती प्रबंधक, जिला निबंधन परामर्श केन्द्र ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन उपरांत उन्होंने रोजगार की तलाश में उपस्थित हुए सभी अभ्यर्थियों से कहा कि मेले में 22 नियोजकों ग्रेस इंजीनियरिंग टाटा मोटर्स उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक प्रा0 लि0, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक, एडवर्स एडटाइजप्लस प्रिंटिंग प्रा0लि0, सूर्या फिजियोथेरिपी एण्ड हेल्थ केअर प्रा0लि0, 2050 हेल्थ केयर, मिलीनियम स्कील प्रा0लि0, यूनिवर्सल इन्टरप्राइजेज, कामधेनू स्वीटस प्रा0लि0, ग्रीनटास इंडस्ट्रीज प्रा0 लि0, क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लि0, वालकरू इन्टरनेशनल प्रा0लि0, स्पेक्ट्रम टैलेंट मैनेजमेंट प्रा0लि0, 24 सिक्यूरिटी प्रा0लि0, ईकार्ट प्रा0लि0, वीजी ऑटो कॉम्पोनेंटस प्रा0लि0, माटी लिंक्स ग्लोबल प्रा0लि0, शाही एक्सपोर्टस प्रा0लि0, सिक्यूरिटी इंटिलिजेंस सर्विसेज प्रा0लि0, एमजीएफ स्कीलस, एपेक्स एवं इनोविजिन आदि द्वारा स्टॉल लगाया गया है। साथ ही राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ प्रदान करने हेतु 8 विभागों ने भी अपने स्टॉल लगाये। सहायक निदेशक नियोजन के द्वारा कहा गया कि श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा इस मेले का आयोजन कर एक अच्छी पहल की गई है। जिसका लाभ सभी अभ्यर्थियों को उठाना चाहिए। नियोजन मेला के संबंध में श्री निशांत कुमार सिन्हा, सहायक निदेशक (नियोजन) द्वारा बताया कि इस नियोजन मेला में 22 नियोजकों ने भाग लिया जिसकी कुल रिक्तियों 2000 थी। आज के इस नियोजन मेला में 3053 आवेदकों ने अपना बॉयोडाटा जमा किया जिसमें 901 अभ्यर्थियों को शार्टलिस्ट चयनित किया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि मेले में लगभग 3 हजार 560 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। नियोजन मेला के संबंध में निशांत कुमार सिन्हा, सहायक निदेशक (नियोजन) द्वारा बताया गया कि नियोजन मेला में आए हुए आवेदकों एनसीएस पोर्टल पर निबंधन नही है वो आवेदक निबंधन काउन्टर पर निबंधन अवश्य करा लें। नियोजन मेला में निशांत कुमार सिन्हा,सहायक निदेशक नियोजन , दिनेश तिवारी, जिला नियोजन पदाधिकारी, रोहतास, पुरुषोतम त्रिवेदी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डेहरी इन्दु चक्रवती प्रबंधक डी0आ0सी0सी0, रोहतास जिला कौशल विशेषज्ञ नित्यानंद गर्ग, जिला कौशल प्रबंधक सौरभ कुमार, कुंदन कुमार, यंग प्रोफेशनल सुरज कुमार, लिपिक, सरोज कुमार, प्रभात रंजन कम्प्यूटर ऑपरेटर बिपिन कुमार, रवि रंजन पाण्डेय सहित अवर प्रादेशिक नियोजनालय, डालमियानगर के सभी अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे ।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा कमिटी घोषणा का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

दैनिक शुभ भास्कर नोखा (रोहतास) भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी द्वारा भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कमिटी की घोषणा पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। जिसमें नवनियुक्त प्रदेश मंत्री त्रिविक्रम नारायण सिंह के यहां उनके प्रशंसकों एवं पार्टी के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दिये एवं शुभकामनाएं व्यक्त की। विदित हो कि त्रिविक्रम सन 2010 से हीं युवा मोर्चा के जिला से प्रदेश तक की राजनीति मे सक्रिय रहते हुए प्रदेश कार्य,समिति सदस्य के साथ औरंगाबाद जिला के प्रभारी का दायित्व निर्वहन किये। अभी त्रिविक्रम जी काराकाट लोकसभा प्रभारी का दायित्व निर्वहन के क्रम में प्रदेश संगठन में उन्हें प्रदेश मंत्री का दायित्व मिला है। जिला के भाजपा नेता व पदाधिकारियों ने जिला से सक्रिय रुप से जुड़े चार नेताओं क्रमश प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ भीम सिंह चंद्रवंशी, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, प्रदेश महामंत्री शिवेश कु.राम एवं प्रदेश मंत्री त्रिविक्रम नारायण सिंह को प्रदेश की नयी टीम में आने से खुशी व्यक्त की है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुशील कु.चंद्रवंशी, जिला महामंत्री विजय सिंह, प्यारे लाल ओझा, अशोक साह, जिलाउपाध्यक्ष विवेक सिंह, मंगलानंद पाठक,पंकज सिंह, प्रमोद कुशवाहा,जिलामंत्री रेशमा कुमारी, संतोष पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद सिंह, राजेन्द्र सिंह भोला सुनीतागुप्ता,संध्या श्रीवास्तव, ई.पुलकित सिंह, संजय काश्यप,कन्हैया सिंह, प्रकाश गोस्वामी,रोहित सिंह राजपूत कोनार मण्डल अध्यक्ष सतीश सिंह गुड्डू, सासाराम प्रखंड की पूर्व प्रमुख राम कुमारी देवी,समाजसेवी संजीव मोहन जी रविंद्र कुशवाहा जी,रोहित राज सिंह, शक्ति परमार, मुकेश यादव, आशुतोष सिंह, आर्यन सिंह इंजीनियर अभिषेक सिंह, रविंद्र कुशवाहा, अंकित कुमार,सोमेश्वर सिंह सहित अन्य ने बधाई दी।

ख़ास ख़बर

नवनिर्मित चबूतरे में आई दरार निचे की जमीन खिसकी

शुभ भास्कर /दुर्गावती कैमुर प्रखंड के दहियाव गांव में एक शिव मंदिर पर 4.5 लख रुपए की लागत से एक चबूतरे का निर्माण किया गया था जो 60 दिन नहीं चल पाया और चबूतरे में दरार आ गई। मिली जानकारी के मुताबिक सरकार के द्वारा 15वें वित्त आयोग के द्वारा सरकारी एजेंसी के माध्यम से दहियाव गांव में एक शिव मंदिर पर मिट्टी डालकर चबूतरे का निर्माण किया गया जो चबूतरा एक बरसात का भी पानी खाने के लिए नहीं छोड़ा गया और आनन फानन में उसकी ढलाई कर दी गई। जिस कारण से चबूतरे के अंदर की मिट्टी खिसक गई और चबूतरा पर दो भागों में बिखर गया। इस तरह से सरकारी पैसे का दुरुपयोग सरकारी कर्मचारियों के द्वारा घडल्ले से देखने को मिल रहा है। उसी गांव में 4020000 से नाली बनाने का काम किया जा रहा था जिस नाली को तीन नंबर के ईट से पांच इंच का एक तरफ करीब 40 मीटर नाली बनाकर राशि को निकाल दिया गया। ग्रामीण जनता समाचार पत्र के माध्यम से सरकार से मांग करती है की ऐसे लूट करने वालों के खिलाफ जांच कर तत्काल करवाई किया जाए।

महिलाओ का खून जांच, वजन जांच, ब्लड प्रेसर, हीमोग्लोबिन एवं कैलीशियम, आर्यन की गोली एवं फल वितरण

कैमुर भगवानपुर/ शुभ भास्कर। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर मे 200 गर्वभवती महिलाओ का किया गया जांच एवं दवा वितरण इसकी जानकरी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर प्रभारी सह चिकित्सा पदाधिकारी डा संजीव कुमार ने देते हुए बताया की प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओ का खून जांच, वजन जांच, ब्लड प्रेसर, हीमोग्लोबिन एवं कैलीशियम, आर्यन की गोली एवं फल वितरण किया गया द्य जिसमे 200 गर्भवती महिलाओ का जांच एवं दवा वितरण किया गया द्यजिसमे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर के डा एवं anm, bcm शिवानंद पांडे उपस्थित रहे

बिहार पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनना है

शुभ भास्कर /भभुआ कैमुर बिहार पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण प्रेमी शिवम कुमार ने कई विभिन्न जगहों पर फलदार व छायादार पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया। पर्यावरण प्रेमी शिवम कुमार ने बताया कि इस ÷बिहार पृथ्वी दिवस÷ मनाने का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनना है। जिस पृथ्वी को हम माँ का दर्ज देते हैं, जिसने संपूर्ण मानव जाति, जीव-जंतुओं, पेड़-पौधों, जल आदि को अपनी गोद में शरण दे रखी है। उसी को आज दिन-रात प्रदूषित कर रहे हैं। पर्यावरण की रक्षा व पृथ्वी की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी और कर्तव्य बनता है।

राहुल गांधी के सदस्यता बहाल होने पर चैनपुर प्रखण्ड में कांग्रेसियों ने खुशी जताते हुए बांटा मिठाईयां

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता चैनपुर

चैनपुर कैमूर में कांग्रेस के पूर्व राष्टीय अध्यक्ष राहुल गांधी का सांसद सदस्यता बहाल होने पर चैनपुर प्रखण्ड में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है। जिसको लेकर चैनपुर प्रखंड में एक विजय जुलूस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता चैनपुर प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह यादव और संचालन घुरा बिंद ने किया । जिसमें विजय जुलूस चैनपुर प्रखण्ड मुख्यालय से निकाल कर दुर्गा मंदिर के पास जाकर समापन किया गया। जहां कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने झंडा को लेकर कांग्रेस जिंदाबाद का नारा लगा रहे थे। उसके बाद एक सभा आयोजन किया गया। जिसमें चैनपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी प्रकाश सिंह , ने कहा कि बदलें की भावना से भाजपा ने कांग्रेस नेताओं को प्रताड़ित कर रहा है। वहीं कांग्रेस जिला प्रवक्ता राजकेश्वर त्रिपाठी चैनपुरी ने मणिपुर मे जल रहा है। वहां के मुख्यमंत्री को नरेंद्र मोदी ने अभी तक नहीं हटाया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि पूरे भारत में महंगाई, भष्टाचार, बेरोज़गारी से जनता त्रस्त हैं। लेकिन केंद्र सरकार का इस पर कोई ध्यान नहीं है। और संसद में मणिपुर का मुद्दा को नहीं उठाया जा रहा है। और सरकार पीछे हट रही है। अन्त में सभा को खत्म कर के मिठाई बांट कर दिया बंधाई । इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष राधेश्याम कुशवाहा, प्रदेश कांग्रेस सचिव सुदर्शन राम, विरेन्द्र कुमार सिंह कुंवर सिंह पटेल सहित अन्य लोगों ने उपस्थित रहे

आशा के अनिश्चितकालीन धरने से आज प्रभावित हुआ पर्ची काउंटर

शुभ भास्कर/ रामपुर- कैमूर। प्रखंड अंतर्गत आशा कार्यकर्ताओं के अनिश्चितकालीन धरने से प्रभावित हो रहा है पर्ची काउंटर। बता दें कि प्रखंड रामपुर के सभी आशा कर्मी अपनी मांगों को लेकर 12 जुलाई से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठी हुई हैं। आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि जब तक सरकार द्वारा हमारी मांगे पूरी नहीं की जाएगी तब तक हमारे तरफ से धरना जारी रहेगा। जिससे प्रखंड के पर्ची काउंटर दवा वितरण प्रभावित हो रहा है। आए दिन ऐसा देखने को मिल रहा था कि आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर में बाहर से किल्ली लगाकर मरीजों को दिखाने के लिए रोक दिया गया उसके बाद बेलाव थाना प्रभारी को सूचित किया सूचना के बाद बेलाव थाना के पुलिस पहुंची बेलाव थाना के ह्य द्व श्याम सुंदर के द्वारा समझा बूझकर हटाया गया

। आशा कार्यकर्ता के द्वारा रामपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गेट बंद कर रही धरना प्रदर्शन 1000 में दम नहीं 10,000 से कम नहीं।

भगवानपुर प्रखंड के दूधरिया मोड़ से एक शराबी गिरफ्तार

शुभ भास्कर/ भभुआ कैमुर। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष भगवानपुर अनिल प्रसाद ने देते हुए बताया की गुप्त सुचना मिला की भगवानपुर प्रखंड के दूधरिया मोड़ पर एक शराबी शराब के नशे मे हंगामा कर रहा है द्य भगवानपुर पुलिस गुप्त सुचना के आधार पर भगवानपुर प्रखंड के दूधरिया मोड़ पहुंची तो देखा की एक शराबी शराब के नशे मे हंगामा कर रहा है भगवानपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर भगवानपुर थाना लाई द्य पूछताछ करने पर पता चला की शराबी ग्राम तोड़ी निवासी आलियार राम का पुत्र हरेंद्र राम बताया द्य जिसका समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर मे मेडिकल जांच कराकर जेल भेजा गया।

मोहर्रम के त्यौहार को लेकर पुलिस प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च

जला पदाधिकारी कैमूर सावन कुमार द्वारा नुआव प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया।

शुभ भास्कर

जिला पदाधिकारी कैमूर सावन कुमार द्वारा नुआव प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रखंड को मुख्यमंत्री आवास योजना के प्राप्त नौ लक्ष्यों में से सात लक्ष्य पूर्ण पाए गए। ये दो अनापत्ति प्रमाण पत्र के अभाव में लंबित है। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा अंचलाधिकारी के स्तर से लंबित आवास के अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने का निर्देश दिया गया।

कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी की खोज की गई जो अनुपस्थित पाए गए। दूरभाष पर वार्ता के समय भी उनके द्वारा किसी भी योजनाओं के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। जिला पदाधिकारी द्वारा इस लापरवाही के लिए स्पष्टीकरण करने तथा जिला कल्याण पदाधिकारी को प्रपत्र क गठित कर विभाग को भेजने का निर्देश दिया गया। प्रखंड आपूर्ति के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि उनके द्वारा पन्द्रह दिनों से कोई जाँच नहीं किया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड कृषि नुआव के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज़्यादातर कार्यदिवस में मुख्यालय नहीं आते एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को वीज़ वितरण से संबंधित प्रतिवेदन 15 दिनों से उपलब्ध नहीं कराया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखंड कृषि पदाधिकारी नुऑव से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। अब चकबंदी कार्यालय मोहनिया का रिकॉर्ड रुम पूर्वाहन 11¬45 पर बंद पाया गया। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा सभी कर्मियों से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया।

सूचना आरक्षी अधीक्षक द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करने के उपरांत कहा गया कि अपराधी बहुत जल्द ही गिरफ्त में होंगे

अपराधियों ने गोली मारकर 70000 रुपए के लूट की घटना को दिया अंजाम

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर। कैमूर- जिला के कुदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्टीय राजमार्ग 2 भभुआं परसथुआं ओवर ब्रिज के पास अपराधियों ने गोली मारकर 70000 रुपए की लूट की घटना को दिया अंजाम, आरक्षित अधीक्षक द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करने के उपरांत कहा गया, कि अपराधी बहुत ही जल्द प्रशासन की गिरफ्त में होंगे। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम लगभग 7¬00 बजे नगर पंचायत कुदरा स्थित भभुआं परसथुआं मार्ग ओवर ब्रिज के पास, राष्टीय राजमार्ग 2 पर अपराधियों द्वारा, उस वक्त व्यापारी पर हमला करके दो गोली मार 70000 रूपए की लूट की घटना को अंजाम दिया गया। जिस समय वह कुदरा से सासाराम जाने के लिए बस का इंतजार कर रहा था। पीड़ित रोहतास जिला के सासाराम निवासी विकास कुमार उम्र 42 वर्ष पिता मोतीलाल सेठ, से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित आभूषणों का कारीगर है। जो कुदरा बाजार अंतर्गत आभूषणों के दुकान से, ग्राहकों के स्वेच्छा अनुसार आभूषणों का रूपरेखा तैयार करता है। बुधवार को जब वह अपना कार्य करके सासाराम के लिए वापस जा रहा था। उसे वक्त लुटेरों द्वारा व्यापारी की बैग छीनने का कोशिश किया गया। व्यापारी जब बैग देने से इनकार किया और लड़ने लगा, तो लुटेरों द्वारा व्यापारी के ऊपर दो गोली चलाया गया। एक गोली व्यापारी के पैर के घुटने के निचले हिस्से में लगा वहीं दूसरी गोली व्यापारी के जांघ में लग गया। आसपास उपस्थित लोगों द्वारा घटना की सूचना थाना प्रशासन को दिया गया। सूचना के मिलते ही थाना अध्यक्ष द्वारा मौके पर पहुंचकर, पीड़ित को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरा पहुंचाया गया। जहां से डॉक्टरों द्वारा घायल व्यक्ति की, स्थिति को गंभीर देखते हुए व्यक्ति की समुचित इलाज हेतु ट्रामा सेंटर के लिए स्थानांतरित कर दिया गया। बुधवार को कैमूर आरक्षि अधीक्षक ललित मोहन शर्मा के द्वारा, घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। साथ ही आरक्षी अधीक्षक द्वारा पीड़ित जिन दुकानों में कार्य करता था, उन दुकानों का भी निरीक्षण किया गया। आरक्षी अधीक्षक द्वारा स्पष्ट रूप से कहा गया, कि आरोपी बहुत जल्द ही प्रशासन के गिरफ्त में होंगे। आरक्षी अधीक्षक द्वारा कुदरा बाजार वासियों से भी वार्तालाप किया गया, बाजार वासियों द्वारा लाइट एवं सुरक्षा हेतु सुरक्षाकर्मी की मांग किया गया। आरक्षी अधीक्षक द्वारा स्पष्ट रूप से कहा गया, कि सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है, और आप लोगों के सुरक्षा हेतु कुदरा बाजार में चार सुरक्षाकर्मी अतिरिक्त दिया जाएगा। उपस्थिति मीडिया कर्मियों द्वारा आरक्षि अधीक्षक के समक्ष थाना प्रशासन को होने वाली समस्याओं से भी अवगत कराया गया। जिस संदर्भ में आरक्षी अधीक्षक द्वारा थाना प्रशासन को होने वाली समस्याओं का निदान हेतु। थाना अध्यक्ष संजय कुमार के समक्ष थाना प्रशासन को वाहन एवं अतिरिक्त प्रशासनिक कर्मियों को देने हेतु आश्वस्त किया गया।

➲पीड़ित रोहतास जिला के सासाराम निवासी विकास कुमार उम्र 42 वर्ष पिता मोतीलाल सेठ, से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित आभूषणों का कारीगर है।

जोनल कमांडर नक्सली सहित तीन गिरफ्तार,मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआं / (कैमूर) भभुआ , 31.05.2023 को भगवानपुर पुलिस के द्वारा एक नक्सली को 2 अवैध हथियार, 3 मैनपैक एवं 9 राउंड गोली के साथ गिरफ्तार किया गया था जिसका नाम संजय कुमार साहनी है वहीं उसका एक अन्य साथी प्रकाश कुमार उर्फ रोहित राय फरार हो गया था, जिसे गोह थाना के (औरंगाबाद) पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया उक्त घटना को नक्सली से जुड़े होने की संभावना को देखते हुए अन्य जिलों के थाने को सूचना दे दिया गया था इसी क्रम में औरंगाबाद पुलिस के द्वारा फरार अपराधी प्रकाश कुमार उर्फ रोहित राय को गिरफ्तार किया गया तथा उसके पास से अवैध हथियार गोली बरामद किया गया गिरफ्तार अपराधी ने स्वीकार किया है कि वह नक्सली संगठन से जुड़ा हुआ है तथा यह लोग कैमूर पहाड़ी पर पुनः नक्सली संगठन को सुदृढ़ करने का कार्य कर रहे हैं ।

गिरफ्तार अपराधी प्रकाश कुमार उर्फ रोहित राय से पूछताछ के क्रम में उसके निशानदेही के आधार पर अधौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरडीहा गांव में छापामारी कर विजय शंकर सिंह के घर से मिनी गन फैक्ट्री का उद्वेदन किया गया तथा एक राइफल, अर्धनिर्मित देसी कट्टा, पिस्टल निर्माण हेतु अन्य अवैध सामग्री, एक लैपटॉप एवं आपत्तिजनक पोस्टर पंपलेट तथा रसीद बरामद किया गया। विजय शंकर सिंह द्वारा स्वीकार किया गया कि वह नक्सली संगठन के लिए हथियार बनाता है और विनोद शंकर तथा प्रकाश कुमार उर्फ रोहित कुमार राय के द्वारा ही हथियार बनवाया गया था जिसे पुलिस के द्वारा बरामद कर लिया गया है।

126 लीटर अंग्रजी शराब के साथ एक गिरफ्तार टेम्पु जब्त

शुभ भास्कर/ मोहनिया कैमुर। एलटीएफ एवं मोहनिया पुलिस की संयुक्त रूप की कार्रवाई में यूपी के तरफ से आ रहा है एक डाला टेंपू से पुलिस ने रो कर समेकित चेकपोस्ट पर तलासी के दौरान एक तस्कर समेत 126 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गिरफ्तार तस्कर को पुलिस ने कागजी प्रक्रिया के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को समेकित चेक पोस्ट पर यूपी से आने वाले छोटे वाहनों का एलटीएफ एवं मोहनिया पुलिस संयुक्त रूप से जांच कर रही थी इसी क्रम में यूपी के तरफ से आ रहे डाला टेम्पु जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 43 ब्र 3525 को रोककर तलाशी ली गई जिसमें से रॉयल्स चैलेंज 750 एमएल का 12 पीस जिसका कुल मात्रा 9 लीटर व 180 एमएल रेडिको 8 पीएम का 650 पीस जिसका कुल मात्रा 117 लीटर बरामद किया गिरफ्तार तस्कर रोहतास जिले के बिक्रमगंज थाना अंतर्गत खैरा बुंधर निवासी राजनारायण शर्मा का पुत्र प्रेमचंद शर्मा उर्फ विश्वकर्मा शर्मा को पुलिस ने हिरासत में लिया वही पुलिस ने टेंपो को जप्त करते हुए चालक को मोहनिया थाना को सुपुर्द कर दिया वही मोहनिया पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर को मोहनिया के अनुमंडल अस्पताल में मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत भभुआ भेज दिया

अपराध पर नियंत्रण हेतु नशे व नशेड़ियों पर रोक लगाने के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने थाना प्रशासन को सौपा ज्ञापन

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर। कैमूर- जिला के कुदरा थाना क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने थाना प्रशासन को अपराध पर नियंत्रण हेतु नशे व नशेड़ीयों पर रोक लगाने के लिए सौंपा ज्ञापन। संदर्भ में कुदरा नगर पंचायत के उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मिथिलेश सिंह के साथ ही नगर पंचायत के सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा, कुदरा थाना पर पहुंचकर थानाध्यक्ष संजय कुमार को अपराध पर नियंत्रण हेतु नशे व नशेड़ीयों पर नियंत्रण के लिए ज्ञापन दिया गया। नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार सिंह के द्वारा बताया गया, कि नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों के बैठक के उपरांत यह निर्णय लिया गया, कि नगर पंचायत अंतर्गत व्यवसाई से हुई लूट की घटनाओं से हम सभी क्षुब्ध हैं। और हम सभी चाहते हैं कि भविष्य में ऐसी किसी घटना का पूर्णापन ना हो। विज्ञापन दाताओं में सम्मिलित दूधनाथ राम, सुरेंद्र कुमार, रामाशीष चौधरी, लवकुश रस्तोगी, अंकुर जायसवाल, पप्पू गुप्ता, अरुण कुमार, अभिनव कुमार, विशाल कुमार व विपिन कुमार के द्वारा, युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त में देखते हुए चिंता व्यक्त किया गया। साथ ही थानाध्यक्ष से मांग किया गया, कि कुदरा नगर पंचायत के हरेक चौक चौराहे पर गश्ती दल रखा जाए, और नशाखोरी पर रोक लगाने के लिए जो भी जरूरी कदम हो उसे उठाया जाए। थानाध्यक्ष के द्वारा यह आश्वस्त दिया गया, कि थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत हर संभव प्रयास है, कि नशे व नशेड़ीयों पर रोक लगाने के साथ अपराध पर पूर्ण रूप से नियंत्रण हो। संवाददाता का विचार अक्सर यह देखने को मिलता है, कि थाना प्रशासन द्वारा, जब अपराध पर नियंत्रण हेतु सख्त कदम उठाया जाता है, तो जनप्रतिनिधियों व तथाकथित सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा अपने वोट के चक्कर व पहुंच दिखाने के लिए थाना प्रशासन पर भी दबाव बनाया जाता है। अगर सत्यापन देखा जाए तो सारे सारे अपराध की जड़ कुरमुत्ता की तरह उपज गए सामाजिक कार्यकर्ताओं का ही है।

ख़ास ख़बर

गौशाला का हाल हुआ बेहाल गौशाला के अंदर मरे पड़े हैं पशु

दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय । जखनिया गाजीपुर । बिरनो ब्लाक अंतर्गत बद्धूपुर गौशाला में कई पशु मरे पड़े हुए हैं और खंड विकास अधिकारी से लेकर सचिव को पशुओं के मरने की कोई जानकारी नहीं है आज सुबह जब गौशाला का निरीक्षण करने स्थानीय लोगों के साथ मीडिया कर्मी पहुंचे तो वहां का नजारा देख लोग हाथ पाव रह गए ना तो पशुओं के खाने का कोई इंतजाम है और ना ही उन्हें बरसात में रहने का कोई व्यवस्था बनाई गई है गौशाला के अंदर कई पशु मरे पड़े हुए हैं जिन्हें कुत्ते व कौवे जानवर नोच कर खा रहे हैं इस बारे में खंड विकास अधिकारी सीमा कुमारी से बात करने पर उन्होंने बताया कि गौशाला है वहां और पशुओं के खाने-पीने की व्यवस्था की गई है वहां अभी कुछ दिन पहले ही नए सचिव नियुक्त हुए हैं मैं उनसे जानकारी कर ले रही हूं जब वहां के सचिव अजय मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अभी 2 दिन पहले मैं गौशाला पर गया था वहां के ग्राम प्रधान सुभाष राम बर्खास्त कर दिए गए हैं कमेटी के गठन की प्रक्रिया चल रही है फिर भी मैं पशुओं के खाने पीने की व्यवस्था किया हूं लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि इस गांव आश्रय केंद्र पर शुरू से ही तमाम व्यवस्थाएं हैं जिन्हें प्रशासन नजरअंदाज करता रहा है

यादव महासभा गाजीपुर में एक जूट का परिचय दिखाया चुनाव में सभी प्रमुख लोग पहुँचे

समाज को एक साथ लेकर चलेगे विशिस्ट अतिथि श्री राम मूरत यादव मास्टर ने अध्यक्ष के नाम का अनुमोदन करते हुए समर्थन किया और बताया कि समाज मे एकता भाई चारे के सन्देश आज दिया गया

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी। नन्दगंज देवकली ब्लाक के यादव महासभा ब्लॉक अध्यक्ष पद की सर्वसम्मति से एक नाम की घोषणा तुरना के पूर्व प्रधान श्री रामअवध यादव का हुआ सम्मान समारोह में मुख्यअतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्री सच्चेलाल यादव जी , अति विशिष्ट अतिथि श्री राम नगीना यादव जी , विशिष्ट अतिथि राममूरत यादव मास्टर जी व मुख्यवक्ता जिलाध्यक्ष श्री सुजीत यादव जी थे इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुजीत यादव ने सबका स्वागत अभिनंदन किया मुख्यअतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सच्चेलाल यादव ने बोले कि गर्व की बात है समाज एक जुट होकर एक मंच पर आकर समाज की उन्नतिशील बनाने का संकल्प लिया हम सब एक होकर अध्यक्ष के साथ काम करेंगे एक रोटी एक बेटी का संकल्प सभी लोग ले तो समाज मे बदलाव आएगा अतिविशिष्ट अतिथि वरिष्ठ नेता राम नगीना यादव ने अध्यक्ष पद की घोषणा सर्वसम्मति से तुरना के पूर्व प्रधान रामअवध के नाम का किया और बताया कि तेज तर्रार नेता को अध्यक्ष चुना गया है जो समाज को एक साथ लेकर चलेगे विशिस्ट अतिथि श्री राम मूरत यादव मास्टर ने अध्यक्ष के नाम का अनुमोदन करते हुए समर्थन किया और बताया कि समाज मे एकता भाई चारे के सन्देश आज दिया गया और समाज दहेज मुक्त बने ऐसा हम सबको पहल करनी चाहिए इस अवसर नवनिर्वाचित अध्यक्ष राम अवध यादव ने ब्लॉक के पदाधिकारियों की घोषणा की उन्होंने 1 यादव महासभा की महिला अध्यक्ष सीता यादव 2 महामंत्री प्रमोद यादव व मुकेश यादव 4 उपाध्यक्ष विनोद यादव पूर्व प्रधान , अर्जुन यादव प्रबंधक , मुन्ना यादव प्रधान , राजेश यादव प्रधान 5 सचिव पप्पू यादव , अनिल यादव , संतोष यादव , सुभाष यादव , धर्मदेव यादव , अजय यादव टीपू , आदि की घोषणा की इस अवसर पर नरसिंह यादव ,राजेन्द्र यादव ,कन्हैया यादव , बलिस्टर यादव शिवपुजन यादव दिवेश यादव पुसू यादव गोलू यादव रामायण यादव ,आदि लोग थे

पुरैनी खरादी मोहल्ले के जल जमाव का मुख्य कारण अवैध रूप से नाले के ऊपर अतिक्रमण



दैनिक शुभ भास्कर/ फिरदौस अहमद। भागलपुर/जगदीशपुर-प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरैनी दक्षिणी जो मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र है और यह वर्ष 1990 से लेकर कई वर्षों तक प्राकृतिक मार और भीषण बाढ़ के चपेट में इलाके का कमर तोड़ दिया हमारा जबकि बुनकर और बीड़ी तैयार करने पर भी ग्रहण लग चुका है रोजगार का कोई दूसरा साधन नहीं है आजादी के बाद से लेकर अब तक पुरैनी के कई इलाके में सरकार के विकास की किरण अब तक नहीं पहुंच पाई है कुछ जगहों पर जैसे खरादी मोहल्ला पुरैनी नव निर्माण नाला एवं सफाई के नाम पर 20 से 25 लाख रुपए कागज पर ही बनकर अपना दम तोड़ दिया। न इसकी जांच हुई और न ही विभागीय कार्रवाई।दो दिनों के बारिश से खरादी मुहल्ला में कई घरों के अंदर 2 से 3 फीट पानी बरकरार है यह जल जमाव 22 मोहल्ले की निकासी इसी खरादी मोहल्ला होकर ही निकासी का एकमात्र साधन है जो अतिक्रमणकारियों द्वारा पूरी तरह से किराए पर दुकान लगाकर चांदी काट रहा है पुरैनी इलाके की खुशनसीबी यह है जहां दो मुखिया दो समिति दो सरपंच 52 सदस्य एक एमएलए एक जिला परिषद जहां जनप्रतिनिधि का खेती हो वहां ऐसी दुर्दशा बेहद दुखदाय की बात है सरकारी खजाने में पैसौं की कमी नहीं है फिर भी जनता इस विषम परिस्थिति से त्राहिमाम त्राहिमाम कर रहे हैं आखिर ऐसी दुर्दशा का जिम्मेदार कौन चुनाव के समय में हर वादे किए जाते उसके बाद भूल जाते हैं। यूको बैंक मुख्य मार्ग से होते हुए मोमिन टोला सड़क अतिक्रमणकारियों द्वारा नाले निकासी को बन्द कर दुकान जूता चप्पल गोदरेज अलमारी एवं अनेको प्रकार की किराए पर लगाकर अपने फायदे के चक्कर में पुरे पंचायत को नर्क में धकेल दिया है ऐसे अतिक्रमणकारियों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए नाले निकासी का कार्य किया जाए ताकि वर्षों से परेशान जनता को राहत मिल सके। जिला पार्षद हासिम दिलकश उर्फ गुलजार एवं पुरैनी दक्षिणी पंचायत के मुखिया सहवाज साहब नाले निकासी और वर्षा के जल जमाव को लेकर कहां के दोनों पंचायत के मुखिया पंचायत समिति एवं गांव की जिम्मेदार इस समस्या एवं अतिक्रमणकारि संबंधित आगे आना होगा तभी समस्या का समाधान है और कहां के वर्तमान में मुखिया का खजाना खाली है सरकार के ध्यान से कोसों दूर है नाले की निकासी सबसे बड़ी समस्या है जो अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण कर रखा है गांव के लोगों को आश्वासन दिया है बहुत जल्द इस समस्या से निजात दिलाएंगे।पूर्व उपसरपंच अकबर अंसारी मास्टर मुख्तार परवेज,अधिवक्ता जर्रार अहमद जहांगीर इस्लाम,कलीम ,आरिफ ,अरमान किला ,राशिद उर्फ मिस्टर सदस्य मुस्ताक, वसीम, इकबाल, मुजाहिर, अफरोज, आदि ने ऐसी दुर्दशा पर अफसोस जाहिर किया है।

मेरा माटी मेरा देश अभियान का ग्राम पंचायतों में किया गया शुभारंभ उपस्थित रहे सभी कर्मचारी

दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय । जखनिया गाजीपुर । शासन द्वारा 9 अगस्त से 15 अगस्त तक मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत में सभी कर्मचारी के साथ उपस्थित ग्रामीणों के बीच कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें ग्रामीणों के साथ सभी लोगों ने शपथ ली की विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाते हुए गुलामी की मानसिकता से मुक्ति के लिए हर संभव प्रयास करेंगे देश की समृद्धि विरासत पर गर्व करेंगे और उसके उत्थान के लिए हमेशा कार्य करते रहेंगे राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और दायित्वों का पालन करेंगे देश के गौरव के लिए प्राण देने वाले वीरों से प्रेरित होकर राष्ट्र की रक्षा सम्मान और प्रगति के लिए समर्पित रहेंगे उक्त कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी जखनिया कमलेश कुमार सिंह के साथ ही खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम वीडियो पंचायत राजकमल गौरव ग्राम प्रधान सीकानूराम विद्यालय के प्रधानाचार्य अध्यापक गण रोजगार सेवक एवं पंचायत सहायक उपस्थित रहे इसी तरह का कार्यक्रम ब्लाक अंतर्गत सभी 90 ग्राम पंचायत में किया गया खंड विकास अधिकारी द्वारा मीटिंग हाल में सभी सचिवों एवं ब्लाक कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई जिसमें प्रमुख रूप से अंजनी सोनकर नवीन श्रीवास्तव प्रिया यादव अनिल यादव आरती चौहान अजीत गोंड गौरव सिंह धर्मेंद्र कुमार सतीश बाबू रामप्रवेश सहित सभी लोग उपस्थित रहे

भारतीय युवा कांग्रेस का मनाया गया 63वा स्थापना दिवस

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो/ गाजीपुर। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सुधांशु तिवारी के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के कैंप कार्यालय पर दुनिया के सबसे बड़े युवा संगठन भारतीय युवा कांग्रेस के 63 वें स्थापना दिवस पर युवा कांग्रेस का झण्डा फहराकर सभी कार्यकर्ताओं ने शपथ ग्रहण कर एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष ताम्रध्वज कुमार, भदौरा ब्लॉक अध्यक्ष अभय कुमार, मनीष कुमार, अभिषेक बिंद, हरिनंदन, श्रवण कुमार, मुंशी, संदीप यादव, अजीत यादव, अखिलेश, अजय बिंद इत्यादि लोग मौजूद रहे।

रेलवे पटरी पर अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी

दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय । दुल्लहपुर गाजीपुर । भुडकुड़ा थाना क्षेत्र के गौरा खास गांव के पास रात्रि 2ः00 बजे ट्रेन के चालक की सूचना पर स्टेशन अधीक्षक ने स्थानीय पुलिस स्टेशन में सूचना दिए की एक व्यक्ति का शव रेल पटरी में पड़ा है।तत्काल मौके पर पहुंचे थाने के उपनिरीक्षक देवेश चंद्र तिवारी शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी के लिए भेज दिया। 45 वर्षीय व्यक्ति लूंगी और गंजी पहना हुआ था। पुलिस ने काफी प्रयास किया लेकिन व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो पाया।थाने के उप निरीक्षक दिवेश चंद तिवारी ने बताया कि सर और हाथ में चोट के निशान थे ऐसा लगता है कि चलती ट्रेन से गिरकर व्यक्ति की मौत हो गया है हालांकि शिनाख्त के लिए 72 घंटे शव को मोर्चरी हाउस में रखा जाएगा।

करंट मारने से टेम्पू चालक की मौत

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो/ दिलदारनगर। थाना क्षेत्र के टेम्पू चालक की मौत करंट की चपेट में आने से हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आसिफ खान पुत्र मेराज खां का शव नहर के बगल में स्थित झोपड़ी में मिला। शव मिलते ही पूरे क्षेत्र में हलचल मच गया। परिजनों ने बताया कि आसिफ कल किसी से मिलने के लिए गया था जो वापस घर नही आया। मोबाइल पर रिंग बज रहा था लेकिन उठ नही रहा था। आज सुबह उसकी लाश नहर के बगल में स्थित झोपड़ी में मिला। एसओ दिलदारनगर ने बताया कि परिजनों के तहरीर दिया है कि आसिफ की मौत करंट की चपेट में आने से हो गयी है। तहरीर के आधार पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई होगी।

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में डीएम और नपा अध्यक्ष ने दिलाई शपथ

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो/ गाजीपुर। ''आजादी के अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत देश भक्तों को नमन करने और उनकी स्मृतियों को ह्दय में सजोने और उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा ग्रहण करने, युवाओं को उनके बलिदान एवं देश भक्ति के बारे में बताने, हर वर्ग व हर समुदाय को अपने राष्ट्र के प्रति कृत संकल्पित करने के लिए पूरे देश में ''मेरी माटी मेरा देश'' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद में भी इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्यालय, तहसील, ब्लाक एवं ग्राम स्तर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, सामान्य नागरिकों की भागीदारी के साथ उल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। मुख्यालय स्तर पर यह कार्यक्रम आमघाट पार्क में बुधवार को बड़े ही घूम-घाम से मनाया गया। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एंव अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, सरिता अग्रवाल ने आमघाट पार्क में सर्वप्रथम महात्मा गॉधी के मूर्ति पर माल्यार्पण एवं नमन करने के पश्चात् दीप प्रज्ज्वलित कर शिलाफलकम् का उद्घाटन किया। साथ ही साथ स्कूली बच्चों, युवक मंगलदल, महिला मंगलदल व जनपदवासियों को शपथ दिलायी गयी। जिलाधिकारी ने स्वयं एवं उपस्थित आगन्तुको, समस्त छात्र-छात्राओ, युवक मंगलदल, महिला मंगलदल व जनपदवासियों से अमृत कलश में मिट्टी डलवाकर इस कार्यक्रम के उद्देश्य को सफल बनाने की तरफ कदम भी बढ़ाया। इस दौरान जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि पिछले वर्ष जनपद में तिरंगा अभियान बडे ही उत्साह के साथ मनाया गया था, उसी श्रृखला में आज हम उन पंच तत्व को नमन करेगे जिसमे हम पले बढे है। वो है हमारे देश की माटी। इस पूरे अभियान का शीर्षक है ''मेरी माटी मेरा देश''। उन्होने कहा कि हमारा जनपद वीरो की धरती है। यहा पर वीर अब्दुल हमीद, रामउग्रह पाण्डेय, शिवपूजन राय जैसे वीरो ने जन्म लिया। जिन्होने अपने देश की खातिर अपने प्राणो को न्यौछावर कर दिया। आज इन्ही वीरो के नाम से हमारे जनपद के युवा प्रेरित होते हुए देश की रक्षा के लिए अपने प्राणो की आहूति देने को तत्पर रहते है।

➲ जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एंव अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, सरिता अग्रवाल ने आमघाट पार्क में सर्वप्रथम महात्मा गॉधी के मूर्ति पर माल्यार्पण एवं नमन करने के पश्चात् दीप प्रज्ज्वलित कर शिलाफलकम् का उद्घाटन किया।

अवैध तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

थाना-खानपुर, ज
महिला हेल्प डेस्क

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो/ गाजीपुर। थाना खानपुर पुलिस द्वारा एक नाजायज तमंचा .315 बोर व एट जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ एक अभियुक्त किया गया गिरफ्तार ।

एसपी ओमवीर सिंह गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सैदपुर के मार्गदर्शन में दिनांक 09.08.2023 को थाना खानपुर पुलिस द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व तलाश वाँछित/वारण्टी व देखभाल क्षेत्र में मामूर होकर चिलौना कला पुलिया बहदग्राम चिलौना कला से समय करीब 06.15 बजे अभियुक्त सागर खरवार पुत्र रामसजीवन खरवार निवासी ग्राम गनीपुर डगरहा थाना मेहनाजपुर जनपद आजमगढ़ अथक परिश्रम करके गिरफ्तार किया गया तथा उसके कब्जे से 01 अदद तमंचा .315 बोर व 01 अदद कारतूस जिन्दा .315 बोर नाजायज बरामद किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 105/20,23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

कहा उक्त अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा सांसद देश के विकास के गति तय करती है

मणिपुर का बहाना है , विपक्ष को भर्ष्टाचार से अपने परिवार को बचाना है- प्रमोद वर्मा

दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय । जखनिया गाजीपुर । स्थानीय जखनिया। कई दिनों से देश के संसद में मानसून के महत्वपूर्ण सत्र में मणिपुर की चर्चा को लेकर विपक्ष द्वारा जो प्रोपोगेंडा और हंगामा किया जा रहा है, इससे देशवासियों का बहुत बड़ा नुकसान हुवा है। उक्त अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा सांसद देश के विकास के गति तय करती है, मानसून सत्र देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। पर कांग्रेस सहित विपक्ष का पूरा गठबंधन अपने भ्रष्टाचार को छुपाने, अपने परिवार को बचाने और तुष्टिकरण की राजनीति के कारण, मणिपुर की आड़ में पूरे देश को अराजकता में झोकना चाहते हैं, यह अत्यंत निंदनीय है। वर्मा ने कहा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में आज का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। 9अगस्त 1942 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन आरंभ हुआ था। वही स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने 9 अगस्त 1942 में मलाया (अब मलेशिया) में जापान की मदद से इंडियन नेशनल आर्मी की स्थापना की थी। इसके प्रतीक स्वरूप अगस्त क्रांति दिवस पर भारतीय स्वतंत्रता के लिए लोग जागरूक हुए और स्वतन्त्रता के लिये अपने प्राणों की आहुति दी उन सभी स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीदों को आज शत शत नमन करता हूँ। वर्मा ने कहा मणिपुर का मुद्दा नया नही है। वहाँ स्वतंत्रता से पहले ही आंदोलन और संघर्ष होते रहें। यही कांग्रेस है कि मणिपुर वर्षों जलता रहा जातीय संघर्ष होता रहा और कांग्रेस मौन साधी रही। वहा जातीय संघर्ष और ड्रग कारोबार के कारण आतंकवाद पनपता रहा मणिपुर में हिंसा होती रही कांग्रेस चुप थी। पूर्वोत्तर राज्यों का विकास कभी कांग्रेस के एजेंडे में ही नही था। भाजपा जबसे सत्ता में आयी है पूर्वोत्तर का विकास शुरू हुआ, पर कांग्रेस को ये भी रास नही आ रहा। आज जो कुछ भी देश मे आराजक हो रहा है वो कांग्रेस के तुष्टिकरण का परिणाम है। आज प्रधानमंत्री ने Quit INDIA के माध्यम से स्पष्ट किया कि भारत से परिवारवाद, भर्ष्टाचार और तुष्टिकरण को अब मिटाना होगा ऐसे लोगों को भारत छोड़ना होगा। इसके वजह से भारत को बहुत नुकसान हुआ है। वर्मा ने कहा देश की सत्ता में कुछ परिवार शासन करके अपना पेट भरता गया और गरीब मरता रहा। वो अमीर होते गए और गरीब और गरीब होते गये। बर्मा ने कहा मणिपुर की घटना पर संसद सत्र शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने गहरा दुख व्यक्त किया था और अपराधियों के ऊपर त्वरित कार्रवाई की बात की थी। पर क्या कांग्रेस शासित राज्यों में बच्चियों का दिनदहाड़े सामूहिक बलात्कार हो रहा है, बलात्कार के बाद उनको काटकर भट्टियों में जला दिया जा रहा है, उस पर राहुल गांधी सहित उनके I.N.D.I.A.गठबंधन के किसी सदस्य ने एक भी शब्द कहा? जनता यह सब देख रही है।

वर्मा ने कहा विपक्ष ने जो यह संसद में अविश्वास प्रस्ताव लायी है वह सभी जानते हैं की औधे मुंह गिरेगा और यह तय हो जाएगा की 2024 में भारत की विपक्षी पार्टियों के आचार व्यवहार और विचार को देश की जनता भली भांति देख रही, वो अपने परिवार को भ्रष्टाचार से बचाने और अपने अस्तित्व के लिये लड़ रहे हैं। इनके परिवार वाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार को जनता नकारेगी और विकास के आधार पर ही पुनः देश मे नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूर्ण बहुमत से बनेगी और देश का विकास तीव्र गति से होगा।

जनपंचायत में सपा नेताओं ने सुनी जनता की समस्याएं

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो/ गाजीपुर। क्रान्ति दिवस के अवसर पर बुधवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर पूरे प्रदेश की हर विधानसभाओं में हर सेक्टर स्तर पर जनपंचायत आयोजित की गयी। इस जनपंचायत में पार्टी के नेताओं ने जनता के मन की बात सुनी और उनकी पीड़ा और व्यथा को जानने का प्रयास किया। इसी कड़ी में कांशीराम आवास बड़ी बाग में भी जनपंचायत आयोजित हुई। इस जनपंचायत में शामिल यहां की स्थानीय निवासियों ने कांशीराम आवास की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि जिला प्रशासन की उदासीनता की चलते यह कालोनी पूरी तरह से उपेक्षित है। इस कालोनी में साफ सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है। जब से कालोनी बनी है उसके बाद आज तक कभी भी न उसकी रंगाई पुताई हुई और नहीं साफ सफाई। इस कालोनी में चल रहा विधालय और क्लिनिक भी बंद कर दिया गया है। राशन मिलने वाला कन्ट्रोल भी यहां से बहुत दूर स्थानांतरित कर दिया गया है। जिससे यहां के लोग को राशन लेने जाने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां के जर्जर तारों और खराब पड़े ट्रांसफार्मर की समस्या के साथ साथ और भी इस कालोनी में व्याप्त समस्याओं को बताने का काम निवासियों ने किया। इस जनपंचायत में शामिल समाजवादी पार्टी के नेताओं ने इन? समस्याओं को लेकर संघर्ष करने और जिलाधिकारी से वार्ता करने की बात कही। इस जनपंचायत को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने कहा कि आज हम मोदी की तरह अपने मन की बात सुनाने नहीं आये हैं बल्कि हम आपकी व्यथा और पीड़ा को जानने तथा आपके मन?की बात सुनने आये हैं। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और प्रदेश की खराब कानून व्यवस्था से पूरा देश और प्रदेश जूझ रहा है। जिला उपाध्यक्ष आमिर अली ने कहा कि इस भाजपा सरकार मे गरीब का चूल्हा जलना मुश्किल हो गया है। भाजपा सरकार को आपकी बुनियादी सवालों से कुछ भी लेना-देना नहीं है। यह सरकार केवल समाज में नफ़रत पैदा कर अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने का काम कर रही है।

ख़ास ख़बर

अपराधियों के लिए क्षेत्र में कोई जगह नहीं ढ्ढसत्येंद्र वर्मा

शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी

गोंडा।अपराधी अपराध का रास्ता छोड़ें अन्यथा धानेपुर थानाक्षेत्र से बाहर चले जाएं।उक्त वक्तव्य धानेपुर थाने के नवागत थाना इंचार्ज सत्येंद्र वर्मा ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद व्यक्त किया।श्री वर्मा ने थाने पर तैनात उपनिरीक्षकों व आरक्षियों को हिदायत देते हुए कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति से सम्मानपूर्वक पेश आएं और पीड़ित व्यक्तियों की समस्याओं का निष्पक्ष जांच कर समुचित न्याय व सुरक्षा प्रदान करना सुनिश्चित करें तथा क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाएं।

पुलिस अधीक्षक के आदेश में जनपद गोण्डा में मनाया गया साइबर जागरूकता दिवस

गोंण्डा शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के आदेश में शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप आम जनमानस में साइबर अपराध से बचाव हेतु साइबर जागरूकता दिवस'' पर जनपद गोण्डा में थानों के साइबर नोडल उ0नि0 एवं प्रशिक्षित कर्मियों के सहयोग से जनपद के समस्त थाना क्षेत्र में स्थित शिक्षण संस्थानों में cyber Awareness का सेमीनार आयोजित कर cyber Awareness से सम्बन्धित पम्पलेट, पोस्टर का प्रयोग कर आम जनमानस में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु नेशनल साइबर क्राइम रिपोटिंग पोर्टल एवं टोल फ्री हेल्प लाइन नम्बर 1930 के बारे अवगत कराते हुए साइबर जागरूकता दिवस मनाया गया।

साइबर अपराध जैसे इन्टरनेट बैकिंग, एटीएम कार्ड डेविड कार्ड क्रेडित, ओलेक्स फ्राड, वालेट यूपीआई सम्बन्धित धोखाधड़ी में सावधानियां, फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्राड, व्हाट्एप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइड से होने वाले फ्राड के सम्बन्ध में सावधानियां, फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हास्टएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप होने के सम्बन्ध में बचाव के तरीके एवं साइबर अपराध घटित होने पर थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क हेल्पलाइन नम्बर वेबसाइड पर शिकायत दर्ज के सम्बन्ध में व अपराध होने पर पुलिस किस प्रकार उनकी मदद कर सकती है, इसकी जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। उक्त आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजनमानस को साइबर अपराध के प्रति जागरूक कराना था जिससे साइबर अपराध सम्बन्धी जागरूकता का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जा सके और नागरिकों को साइबर ठगी से बचाया जा सकें।

फाइलेरिया उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी गोंडा। स्वास्थ्य विभाग,उ.प्र.शासन द्वारा चलाये जा रहे फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के अन्तर्गत आज श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय गोण्डा में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य प्रो रवीन्द्र कुमार पाण्डेय ने उपस्थित छात्रों को फाइलेरिया रोग के बारे में जागरूक किया। फाइलेरिया उन्मूलन के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो रवीन्द्र कुमार पाण्डेय,चीफ प्रॉक्टर प्रो आर बी एस बघेल,प्रो श्याम बहादुर सिंह,प्रो अतुल कुमार सिंह,डा पवन कुमार सिंह, डा दिलीप शुक्ला,डा चमन कौर समेत महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

भारतीय किसान यूनियन(अरा)ने 8 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव को सौंपा

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या

सीहावल अयोध्या, बुधवार को तहसील सोहावल में एक दिवसीय धरना देकर ज्ञापन सौंपा पंचायत में वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने पहुंचकर किसानों की समस्याओं को सुना और एसडीएम से वार्तालाप कर बताया कि नगर पंचायत खिरौनी सुचितागंज बाजार अंदर चौराहे के बगल विद्युत पोल नीचे से सड़ गया है ऊपर तार के सहारे खड़ा है कभी भी बड़ी दुर्घटना को दावत दे सकता है इसी तरह कई पोल बल्ली के सहारे रोके गए हैं जिसकी शिकायत कई बार प्रशासनिक अधिकारियों से की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, तहसीनपुर सामुदायिक उप केंद्र पर तैनात एन एम, के न रहने पर दाई के सहारे गर्भवती महिलाओं की कराई जाती है डिलीवरी आए दिन जच्चा-बच्चा की होती है मौत सोहावल तहसील परिसर के बगल 2 साल से ज्यादा बने हो गया शौचालय आज तक चालू नहीं किया गया शौचालय न चालू होने से 4 किलोमीटर सोहावल चौराहा से सुचितागंज मार्केट की दूरी होने से आए दिन महिलाओं और लड़कियों और राहगीरों को काफी कठिनाइयों होती हैं कई बार शिकायत के बाद तक आज तक नहीं चालू की गई इसी तरह कई गांव जैसे खिरौनी सारा उचितपुर सोहावल के शौचालय बंद पड़े हैं शीघ्र चालू कराया जाए जिससे राहगीरों और ग्रामीणों को सुविधा मिल सके नगर पंचायत खिरौनी सुचिता गंज के कई वार्ड मे दर्जनों की संख्या में खंभे में लगी लाइट खराब हो गई है सही कराया जाए, बिजली का कार्य करने के उपयोग में लेबटर नंबर 2 गाड़ी खराब हो गई है उसे सही कराया जाए जिससे नगर पंचायत के लोगों को सुविधा मिल सके, सोहावल तहसील क्षेत्र अंतर्गत छुट्टा पशुओं को पकड़ा कर गौशाला भिजवाया जाए जिससे किसानों की फसल बच सके और हिंसक सड़ों द्वारा लोग घायल हो रहे हैं निजात मिल सके सोहावल तहसील क्षेत्र अंतर्गत तमाम पात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड न बन पाने के कारण क्षेत्र के पात्र व्यक्ति राशन कार्ड के लिए परेशान हैं और बार-बार आवेदन के बाद भी नहीं बन पा रहा है पात्र व्यक्तियों का राशन कार्ड बनाया जाए, रुकी हुई वृद्धा विधवा विकलांग पेंशन जारी कराई जाए बरसात को देखते हुए जगह-जगह चोक नाले की सफाई कराई जाए जिससे जलभराव की समस्या ना उत्पन्न हो पंचायत में एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव ने किसान समस्याओं का 1 हफ्ते का निस्तारण का समय मांगा पंचायत की अध्यक्षता महिला अध्यक्ष सविता मौर्या तहसील अध्यक्ष श्री नाथ वर्मा ने किया पंचायत का संचालन जगदंबा प्रसाद बर्मा जवाहरलाल तिवारी मोहम्मद जमील, नरेंद्र विश्वकर्मा ने किया और कहा कि आने वाली 25 सितंबर लखनऊ किसान महापंचायत में जिले से हजारों की संख्या में किसान पहुंचेंगे पंचायत में प्रमुख रूप से अबरार खान गयादीन राजू निषाद राम तीरथ तिवारी शेषनाथ सिंह सगीर अहमद लालमति लाजवती गुड़िया श्रीमती संगीता आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे

मेरी माटी, मेरा देश एवं हर घर तिरंगा अभियान के तहत पंच प्रण शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ आयोजित

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या

कलेक्ट्रेट सभागार
अयोध्या

अयोध्या। योगी सरकार के दिशा निर्देश पर आयुक्त सभागार में मंडलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में, कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में, विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव की अध्यक्षता में आजादी का अमृत महोत्सव के समापन समारोह के अंतर्गत मेरी माटी, मेरा देश एवं हर घर तिरंगा अभियान के तहत पंच प्रण शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत देशभक्तों को नमन करने और उनकी स्मृतियों को हृदय से सजोने और उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा ग्रहण करने, युवाओं को उनके बलिदान एवं देशभक्त के बारे में बताने, हर वर्ग व हर समुदाय को अपने राष्ट्र के कृति संकल्पित करने के लिए पूरे देश में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।इस कार्यक्रम के तहत कार्यालयों में, विद्यालयों में, तहसीलों एवं ग्रामों में पंचप्रण की शपथ दिलायी गयी कि मैं शपथ लेता हूँ कि विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाऊंगा। मैं शपथ लेता हूँ कि गुलामी की मानसिकता से मुक्ति के लिये हर संभव प्रयास करूंगा। मैं शपथ लेता हूँ कि देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करूंगा और इसके उत्थान के लिए हमेशा कार्य करता रहूँगा। मैं शपथ लेता हूँ कि देश की एकता और एकजुटता के लिए सदैव प्रयासरत रहूँगा। मैं शपथ लेता हूँ कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और दायित्वों का पालन करूंगा। मैं शपथ लेता हूँ कि देश के गौरव के लिए प्राण देने वाले वीरों से प्रेरित होकर राष्ट्र की रक्षा, सम्मान और प्रगति के लिए समर्पित रहूँगा।

रामेश्वरम की यात्रा कर लौटे अभिषेक सावंत का जोरदार स्वागत

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। रामवन गमन मार्ग होते हुए रामेश्वरम तक की यात्रा साइकिल से पूरा करने का प्रण लेकर निकले अयोध्या के अभिषेक सावंत ने 115 दिनों में अपनी यात्रा पूरी कर ली। तकरीबन सात राज्यों की यात्रा साइकिल से पूरी करने के बाद अयोध्या पहुंचे सावंत उत्साह से लबरेज दिखे। बुधवार को गृह जनपद वापसी पर उनका जगह-जगह स्वागत हुआ। बस स्टेशन पर उतरते ही युवाओ ने माला पहना कर अभिनंदन किया, उसके बाद पिकअपगंज चौराहे पर भी स्वागत हुआ।स्वागत की कड़ी में ही अयोध्या कायस्थ विकास संस्थान की टीम ने रीड गंज चौराहा पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। संगठन के अध्यक्ष अरुण श्रीवास्तव ने कहा कि अभिषेक ने अयोध्या के साथ-साथ पूरे देश में अपने समाज का भी नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि अभिषेक सावंत को अपने सपने पूरे करने के लिए जिस भी मदद की जरूरत पड़ेगी उसके लिए संस्थान की टीम के साथ सदैव खड़ी रहेगी। उपाध्यक्ष जय प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे युवा की समाज के सभी वर्गों को मिलकर स्वागत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 115 दिन में साइकिल चला कर लगभग 8000 किलोमीटर की यात्रा करने वाले इस युवा एक इतिहास रचा है। स्वागत से अभिभूत अभिषेक ने बताया कि आज पूरा दिन बजरंगबली के दरबार में माथा देखने के बाद रामलला के दर्शन पूजन एवं पावन सलिला सरयू मां के चरणों में अपनी श्रद्धा निवेदित करेंगे।स्वागत करने वालों में दिलीप श्रीवास्तव,सुरेंद्र श्रीवास्तव,अभय श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, देश दीपक जौहरी, अनिल श्रीवास्तव राजू, शिखर श्रीवास्तव, इंदु भूषण पांडे पत्रकार, तेजेंद्र सिंह पिंकी, पूर्व डिप्टी मेयर सुधीर नारायण श्रीवास्तव, वा पूर्व भाजपा के नगर अध्यक्ष मुरारी सहाय सिन्हा सहित अन्य लोग शामिल रहे।

> अभिषेक सावंत को अपने सपने पूरे करने के लिए जिस भी मदद की जरूरत पड़ेगी

समाजवादी महिला सभा ने सभी विधानसभाओं में जन पंचायत का किया आयोजन

अयोध्या । समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा दिशानिर्देशित क्रांति दिवस के अवसर पर समाजवादी महिला सभा ने सभी विधानसभाओं में जन पंचायत का आयोजन किया, एवं समाजवादी पार्टी की सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यों और वर्तमान भाजपा की डबल इंजन की सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर करते हुए पूरे जनपद में क्रांति दिवस के रूप में मनाया गया। महिला सभा की जिलाध्यक्ष सरोज यादव बीकापुर विधानसभा के दिलासीगंज गांव में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह सरकार महिलाओं, किसानों, नौजवान की विरोधी है कहती कुछ है करती कुछ है झूठा वादा करती हैं।

मेरी माटी मेरा देश का हुआ आयोजन

शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी

गोंडा।जिले के पंड़री कृपाल विकास खंड अन्तर्गत विशुन पुर बैरिया स्थित प्राथमिक विद्यालय में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि श्रेयस्कर देव सिंह उर्फ गौरव सिंह मौजूद रहे।कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

विहिप की प्रखंड बैठक में बनी योजना

विश्व हिन्दू परिषद

नवाबगंज (गोण्डा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा नगर के पहलवानवीर मंदिर पर बुधवार को विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड इकाई की बैठक सम्पन्न हुई. बैठक में आगामी कार्ययोजना बनाई गयीं.

विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड नवाबगंज नगर व ग्रामीण की संयुक्त बैठक पहलवानवीर मंदिर पर आयोजित की गयीं. बैठक में आगामी कार्ययोजना बनाई गयीं. बैठक को प्रखंडो के पालक व जिले के सह मंत्री रामशंकर शर्मा ने सम्बोधित किया. उन्होंने कहा की राष्ट्र व धर्म की रक्षा के लिए संगठन को मजबूत बनाना होगा. इसके लिए सभी प्रखंड पदाधिकारी समिति का निर्माण करे तथा एक सतसंग स्वयं का व खण्ड /उपखण्ड में सत्संग प्रारम्भ कराये. उन्होने आगामी कार्यक्रम के तहत 14 अगस्त को अखंड भारत दिवस,7 सितंबर को विहिप स्थापना दिवस व 30 सितंबर को बजरंग दल द्वारा शुरू होने वाली शौर्य यात्रा के संबंध में दोनों प्रखंडो को जिम्मेदारियां सौंपी.साथ ही कार्यक्रम बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष ग्रामीण प्रेमनाथ मिश्र व संचालन सुनील कसौधन ने की.बैठक में जिला सह मिडिया प्रभारी राजेश तिवारी, प्रखंड उपाध्यक्ष रामदेव यादव, कार्याध्यक्ष उमाशंकर, राघवेंद्र तिवारी, गोकुल सिंह, राजाराम यादव, मुंशीलाल, बब्बन, महेश आदि लोग उपस्थित रहे.

रोजगार मेले के जरिए युवाओं का भविष्य संवार रही योगी सरकार

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। उत्तर प्रदेश में युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार की ओर से इस संबंध में व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के परिणामस्वरूप अयोध्या में वर्ष 2022-2023 में सेवायोजन विभाग की तरफ से रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिससे कई सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। इन रोजगार मेलों में कई कम्पनियां भी शामिल हुई। मेले के माध्यम से कुल मिलाकर 2650 युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। योगी सरकार विशिष्ट पहल के तौर पर जिन रोजगार मेलों के आयोजन कर रही है। रोजगार-स्वरोजगार सृजन का साधन बने इन मेलों में विभागों के भाग लेने से एक ही स्थल पर बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिल मिल रहे हैं। वर्ष 2022,2023 में लगे रोजगार मेले अयोध्या क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन और रोजगार को लेकर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल हुआ है। सेवायोजन की तरफ से अब इससे एक कदम आगे बढ़कर सभी विभागों के लिए रोजगार हेल्प डेस्क भी बनाए जा रहे हैं। वृहद रोजगार मेले के जरिये अयोध्या में बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। अयोध्या के सहायक निदेशक सेवायोजन पद्म वीर कृष्ण ने बताया कि 2022-2023 में जिले में 35 वृहद रोजगार मेले आयोजित किए गए, जिसमें कई कंपनियों ने प्रतिभाग किया। इस वर्ष 2650 युवाओं को नौकरी दी गई। रोजगार मेले में कुल मिलाकर 9933 युवाओं ने प्रतिभाग किया था।

> सेवायोजन की तरफ से अब इससे एक कदम आगे बढ़कर सभी विभागों के लिए रोजगार हेल्प डेस्क भी बनाए जा रहे हैं।

बनेंगे रोजगार हेल्प डेस्क

एक ओर, आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए जिले के अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किए जा रहे ये रोजगार मेले उपयोगी साबित हो रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ प्रशासन की तरफ से अलग-अलग विभागों में रोजगार हेल्प डेस्क भी बनाए जाएंगे। सहायक निदेशक सेवायोजन पद्म वीर कृष्ण ने बताया कि रोजगार हेल्प डेस्क बनाकर संबंधित विभाग की ओर से रोजगार, स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण व अप्रेंटिस से जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी दी जायेगी। इसके लिए भी प्रक्रिया शुरू हो रही है।

शिक्षा भवन

यदि हम सब संगठित रहेंगे तो सरकार और शासन को हमारी मांगे माननी ही पड़ेगी।

शिक्षकों ने शिक्षा भवन से कचहरी तक मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर कराया अपनी ताकत का एहसास

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ

अयोध्या।प्रदेशीय नेतृत्व के आवाहन पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद अयोध्या के शिक्षकों ने बुधवार को शिक्षा भवन से कचहरी तक मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर अपनी ताकत का एहसास कराया । शिक्षा भवन से माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राकेश पांडे की अगुवाई में निकले शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली, निशुल्क चिकित्सा लाभ, तदर्थ शिक्षकों के वेतन बहाली, सहित 16 सूत्रीय मांगो के समर्थन में जमकर नारे लगाए। शिक्षक हमारी मांगे पूरी हो चाहे जो मजबूरी हो पुरानी पेंशन बहाल करो बहाल करो बहाल करो आदि नारों की तख्तियां लेकर कचहरी गेट पहुंचे जहां,जहाँ माध्यमिक शिक्षक संघ के नेताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौपा। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राकेश पांडे ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन हम शिक्षकों का अधिकार है जिसे हम लेकर ही रहेंगे। श्री पांडे ने कहा सरकार और शासन शिक्षकों का उत्पीड़न कर रही है जिससे शिक्षक डर जाएं लेकिन शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है वह किसी की अत्याचारों से डरने वाला नहीं हमारे संगठन का स्वर्णिम इतिहास रहा है हमने जो चाहा उसे हासिल किया है यदि हम सब संगठित रहेंगे तो सरकार और शासन को हमारी मांगे माननी ही पड़ेगी। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री आलोक तिवारी ने कहा कि हमारा संगठन सदन से लेकर सड़क तक शिक्षकों के लिए संघर्ष कर रहा है केवल हमको संगठित रहना है हम संगठित रहेंगे तो सरकार और शासन हमारा कुछ भी बिगाड़ नहीं सकती है हमारे सभी परलब्धियां हमको हासिल होगी ।

जबकि सरकार और शासन हमको आपस में बाटकर हमारा शोषण तथा उत्पीड़न करना चाहती है । माध्यमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष था मीडिया प्रभारी संजीव चतुर्वेदी ने 2005 से पूर्व के चयनित शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ तुरंत दिए जाने की मांग उठाई उन्होंने कहा कि जब केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2004 तक के सभी शिक्षक कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ मिल गया है तो राज्य सरकार को केंद्र सरकार का अनुसरण करके पुरानी पेंशन का लाभ दे देना चाहिए। रैली में माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी , प्रधानाचार्य देवव्रत सिंह,महानगर अध्यक्ष अनूप पांडे ,महानगर मंत्री डॉ पंकज शुक्ला, संदीप ओझा, पंकज सिंह भूपेंद्र तिवारी कमलेश पांडे महेंद्र कॉल संतोष यादव प्रेम जी आनंद, संत सिंह डॉ रंजीत वर्मा, उमापति वर्मा, विनोद मिश्रा, हरि नारायण ओझा, दीनानाथ पांडे, सुजीत त्रिपाठी, पंकज सिंह, विनीत मिश्रा, रमेश पाठक, उमेश वर्मा, सुनील दुबे, अनिल पांडे ,सच्चिदानंद शुक्ला ,अरुण दुबे, रमाशंकर यादव, राजेश पांडेय, संदीप चक्रवर्ती मोतीलाल ,सुनील वर्मा दलसिंहार वर्मा अरविंद कुमार ,कृष्णानंद तिवारी, विजय श्रीवास्तव ,अशोक मिश्रा, आदि उपस्थित रहे ।

योगी सरकार की बड़ी उपलब्धि, अमृत काल में जगमगाया गोंडा का वनटांगिया गांव

शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश

गोंण्डा प्रदेश के पिछड़े और अति पिछड़े समाज को पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुहिम को बड़ी उपलब्धि प्राप्त हुई है। देश की आजादी के अमृत काल में अब गोण्डा के जंगलों में बसने वाले वनटांगिया समुदाय का जीवन भी रोशन हो उठा है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप गोण्डा जिला प्रशासन की पहल पर रामगढ़ वनटांगिया गांव तक बिजली पहुंच पाई है। आजादी के करीब 75 वर्षों बाद अब उनके गांव की ओर जाने वाले रास्ते भी दूधिया रोशनी से जगमगा उठे हैं।

अप्रोच सड़क से गांव तक रोशन हुआ मार्ग

गोण्डा की जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा वन विभाग अप्रोच सड़क से रामगढ़ वनटांगिया गांव तक के मार्ग को रोशन किया गया। गोण्डा की हरदवा ग्राम पंचायत में रामगढ़ वनटांगिया गांव है। आजादी के करीब 75 वर्ष बाद भी यह गांव विकास की मुख्यधारा से कटा हुआ था। समाज के पिछड़े और अति पिछड़े वर्गों का विकास योगी सरकार की प्राथमिकता रही है। सीएम की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बीती 12 जून को जनपद की कमान संभालने के साथ ही वनटांगिया समुदाय को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की कवायद शुरू कर दी। उन्होंने स्वयं 16 जून को रामगढ़ वनटांगिया गांव का निरीक्षण किया और विकास की रणनीति तैयार की। एक ओर जहां, वनटांगिया समुदाय के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए गांवों में दो सरकारी स्कूल स्थापित करने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है तो वहीं, गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने की पहल की गई। अब गांव को रोशन भी किया जा रहा है। इसका काम मंगलवार को शुरू किया गया। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर समुदाय तक पहुंचाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन इसके लिए प्रतिबद्ध है।

पहली बार गांव तक पहुंची बिजली, खिले चेहरे जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान ग्राम वासियों की ओर से बिजली न होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसको प्राथमिकता से लिया गया। मंगलवार को गांव के मुख्य मार्ग पर खंभे और लाइट लगाने का काम शुरू भी कर दिया गया। पहली बार गांव में दुधिया रोशनी देख गांव वालों के चेहरे खिल उठे। बच्चे हो या बुजुर्ग सभी के चेहरों पर एक अलग सी खुशी देखने को मिली। बुजुर्ग महिला फूलादेवी 52 वर्ष ने कहा, पहले अंधेरा रहता था।

ख़ास ख़बर

मधुपुर आदिवासी एभेन अखाड़ा के बैनर तले रेलवे बैडमिंटन हॉल में धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/ मधुपुर/देवघर

मधुपुर आदिवासी एभेन अखाड़ा के तत्वाधान में बुधवार को मधुपुर शहर के रेलवे बैडमिंटन हाल में धुमधाम से विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया । मौके पर मुख्य अतिथि प्रोफ़ेसर होरेन हॉसदा, बालेश्वर हेंब्रम और प्रभु कॉल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया । फिर भगवान बिरसा मुंडा और सिदो-कान्हू की तसवीर पर माल्यार्पण किया गया एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया । मौके पर भूनेश्वर कोल ने कहा कि 9 अगस्त को पुरे विश्व में आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है । कहां कि आज आदिवासी समाज छोटे समूह में एकत्रित हुए हैं । इसका कई कारण है । प्रकृति के प्रभाव से वर्तमान में कृषक निराश हैं । इस भारत के धरती का आदिवासी कभी मलिक हुआ करते थे । आज दूसरे के सामने हाथ फैलाने को मजबूर हैं ।आज आदिवासी समाज बिखरा है । आदिवासियों की संस्कृति जीने का तरीका छोड़ते जा रहे हैं। काशी की संस्कृति परंपरा वेशभूषा धरोहर तभी बचेगा । जब इसके बारे मे हम सोचेंगे ।आज आदिवासी के हित में बहुत सारे कानून बने हैं । मौके पर आदिवासी महिलाओं ने परंपरागत तरीके से नृत्य और गीत से अतिथियों का स्वागत किया गया। मौके पर विचार गोष्ठी में आदिवासी वक्ताओं ने कहा की आदिवासी समुदाय के लोगों के पिछड़ेपन का मुख्य वजह शैक्षणिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक एवं जल जंगल से बेदखल करना है। यही वजह है कि आदिवासी समुदाय का अस्तित्व धीरे धीरे मिटता जा रहा है। जो गंभीर चिंता का विषय है। कल कारखाना के कारण जंगल काट रहे हैं और यहां के आदिवासियों का पलायन हो रहा है । जिसके कारण आदिवासी धरातल और संस्कृति से दुर होते जा रहे हैं । आदिवासियों के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक तौर पर विकास करने के लिए सरकार को पूरी गंभीरता से विचार करना होगा। शोषण, अत्याचार, महिला उत्पीड़न, बलात्कार की घटनाएं आए दिन आदिवासियों के साथ हो रहा है। आदिवासी बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। वक्ताओं ने आदिवासियों को पूरी तरह से संगठित होकर एक मंच पर आने का आह्वान किया। मौके पर बाल किशोर सौरेन के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना किय गया । मौके पर आदिवासी परंपराओं से आधारित वाद्य यंत्र नृत्य प्रस्तुत किया गया । मौके पर शिक्षिका पद्मिनी, मुर्मू, , ओदिन हांसदा, बुलाहट संस्था की सचिव वेरनादेत तिर्की, प्रभु जान हांसदा, प्रभु कोल, भुनेशवर कोल, बसंती मरंडी, बहामुनी हांसदा, सुरेश मांझी सहित अन्य मौजूद थे।

बीएलओ के कार्य से मुक्ति को लेकर सेविकाओं ने मंत्री हफीजुल हसन को सौंपा ज्ञापन

दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/ मधुपुर/ देवघर। बाल विकास परियोजना आंगनबाड़ी सेविकाओं को चुनाव कार्य के लिए बीएलओ पद पर नियुक्त किए जाने को लेकर सेविकाओं में रोष है। सेविकाओं का कहना है कि हम कई विभाग के कार्यो को करते हैं जैसे बच्चों की देखभाल और उनको शिक्षा देना के साथ प्रतिमाह बच्चों का ग्रोथ वजन कर पोषण टेकर करना प्रतिमाह स्वास्थ्य विभाग के कार्यों को भी करते हैं और अपने आंगनबाड़ी केंद्र में टीकाकरण कराते हैं। इसका प्रतिमाह रिपोर्ट तैयार कर विभाग को देना पड़ता है इस तरह हमारे ऊपर अचानक चुनाव कार्य को लेकर बीएलओ पद पर नियुक्ति कर बोझ डाल देना यह अच्छी बात नहीं है! हम एक महिला है महिला होने के कारण भी सबसे ज्यादा कार्य करते हैं इसीलिए हम सभी बीएलओ कार्य करने से असहमत हूं! इसके लिए हम सबको बीएलओ कार्य से मुक्ति दिलाया जाए! इसको लेकर सैकड़ों सेविकाओं ने झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक, खेलकूद ,संस्कृति मंत्री क्षेत्रीय विधायक हफीजुल हसन के आवास पहुंचकर अपने मांगों को लेकर ज्ञापन सोंपा और मांग की के हमें बीएलओ कार्य से मुक्ति दिलाया जाए। मौके पर सेविका संगीता कुमारी ,आरती देवी ,नादरा परवीन, बसंती हेंब्रम, रेखा कुमारी, प्रतिमा देवी, किरण देवी समेत सैकड़ो सेविकाएं उपस्थित रहे।

चार पर बिजली चोरी की प्राथमिकी थाने में दर्ज

दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/ मधुपुर/देवघर मधुपुर विद्युत विभाग आपूर्ति प्रशाखा के कनीय अभियंता सतीश कुमार ने 4 लोगों पर अवैध रूप से बिजली चोरी करने कि प्राथमिकी थाने में दर्ज कराई है । कनीय अभियंता के आवेदन पर पुलिस ने मोहनपुर गांव निवासी गिरधारी दास व विनोद दास और शहर के कुंडूबांग्ला चित्रगुप्त कॉलोनी निवासी सुनील कुमार मंडल और किशोरी यादव को आरोपित बनाया है । दर्ज प्राथमिकी में अभियंता ने पुलिस को कहा है कि उन्होंने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के वरिय अधिकारी के निर्देश पर विभाग के मिस्त्री के साथ क्षेत्र में औचक निरीक्षण को निकले थे । इसी दौरान इन लोगों के घर की बिजली की जांच की गई । जिसमें अवैध रूप से मीटर से बायपास करके अवैध रूप से बिजली जलाते हुए पकड़ा गया है ।

लोगों के बीच जाकर उनकी समस्या का समाधान कर हरिमोहन मिश्रा बना रहे हैं जननायक की पहचान

दैनिक शुभ भास्कर

मनीष बरणवाल/ जामताड़ा जैसे ही शिकायत पहुंची कि मेरा राशन कार्ड को बंद कर दिया गया है, अनाज मिलना बंद हो गया है। वैसे ही नारायणपुर प्रखंड के आपूर्ति पदाधिकारी को फोन जाता है और राशन कार्ड जल्द बनाए जाने का आश्वासन मिल जाता है। फुटबॉल के लिए जर्सी हो, ग्रामीणों की समस्या,उन समस्याओं को सुनना और व्यक्तिगत रूप से हल निकालना।

शायद दबे और प्रगति की दौड़ में पिछड़ चुके लोगों के बीच में काम करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा यूं ही नहीं जामताड़ा का जननेता के रूप में पहचान रखते हैं। उनकी विश्वसनीयता का ही कमाल है कि उनके आने के पूर्व पूरा गांव रास्ते के दोनों ओर खड़ा हो उनका इंतजार करते दिखे। मौका था विश्व आदिवासी दिवस का। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा नारायणपुर प्रखंड के बरियारपुर गांव में आदिवासी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में पुर्व जिला कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार दुबे, महामंत्री अजीत कुमार दुबे,विमल कुमार भैया, नारायणपुर प्रखंड अध्यक्ष तारकेश्वर प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष मुस्तफा अंसारी,मुखिया सीता राम बास्कि सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे ।समारोह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष हरि मोहन मिश्रा ने कहा कि आज पूरा विश्व आदिवासी दिवस मना रहा है। यह दिवस आदिवासियों के सम्मान में एक छोटा सा पहल मात्र है। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि आज हमारे राज्य का मुखिया आदिवासी है और उनके सफल नेतृत्व में यह राज्य तरक्की के रास्ते पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी एकमात्र ऐसा समुदाय है जिसे प्रकृति से सबसे ज्यादा प्रेम है। आदिवासियों का हर त्यौहार प्रकृति प्रेम से जुड़ा हुआ है। प्रकृति द्वारा दिया गया जंगल पहाड़ नदी झरने पालतू मवेशी यह सब आदिवासियों के लिए पूज्यनीय है। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में मणिपुर, नागपुर और मध्य प्रदेश में आदिवासियों के साथ जो घटना घटित हुई है वह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसी घटनाएं भाजपा शासित राज्यों में ही घट रही है। जिससे यह पता चलता है कि भारतीय जनता पार्टी आदिवासियों की कितनी बड़ी हितेषी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से आदिवासियों के उत्थान को लेकर प्रयासरत और चिंतित रहा है। आज आदिवासी माता बहनों का सम्मान करके हमें काफी गर्व महसूस हो रहा है। आदिवासियों की सेवा करने से प्रकृति की सेवा करने जैसा भाव मन में उत्पन्न होता है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों का विरोध करने वाले भारतीय जनता पार्टी को हमें एकजुट होकर खदेड़ने का काम करना है। आदिवासी विरोधी भाजपा सरकार को आने वाले चुनाव में इस देश की सत्ता से बाहर निकालना है। आने वाले समय में उन्होंने सभी को एकजुट होकर काम करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी का जिला अध्यक्ष होने के नाते आपके हर सुख दुख में आपके साथ खड़ा रहने का भरोसा दिलाता हूं।

शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल जरूरी है - उपायुक्त शशि भूषण मेहरा

दैनिक शुभ भास्कर

मनीष बरणवाल/ जामताड़ा विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023 के अवसर पर जिले के आउटडोर स्टेडियम में विभिन्न झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2023 के अवसर पर दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन का शुभारंभ उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा शशि भूषण मेहरा, उप विकास आयुक्त अनिलसन लकड़ा एवं अन्य वरीय पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।साथ ही उपायुक्त द्वारा उपस्थित सभी खिलाड़ियों को खेल शपथ दिलाया गया एवं इसके अलावा बैलून को खुले आकाश में छोड़ा गया। उपायुक्त ने कहा कि पर्यटन कला संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के निदेश के आलोक में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर दो दिवसीय 09 एवं 10 अगस्त को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों से अपील करते हुए कहा कि खेल को खेल भावना से खेलने की आवश्यकता है, सिर्फ पढ़ाई ही नहीं बल्कि शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल जरूरी है। उन्होंने सभी से आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में आदिवासी संस्कृति उनके प्रकृति प्रेम, कला एवं संस्कृति आदि से सीखने एवं उसे संजोए रखने का अपील किया। जिला क्रीड़ा पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया आउटडोर स्टेडियम जामताड़ा एवं अन्य स्थानों में इसका आयोजन किया जा रहा है जिसमें एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी एवं आर्चरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बालक वर्ग के 150 एवं बालिका वर्ग में 70 भाग ले रहे हैं। वहीं फुटबॉल में बालक में कुल 12 टीम एवं बालिका में 8 टीमें भाग ले रही है। वहीं हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन सेंट जोसेफ स्कूल में किया जाएगा

विश्व आदिवासी दिवस के शुभ अवसर पर हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर

संवाददाता/ जामताड़ा सेंट जोसेफ स्कूल के खेल ग्राउंड में पर्यटक कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग रांची के निर्देशानुसार जिला प्रशासन जामताड़ा के तत्वाधान एवं हॉकी जामताड़ा के सहयोग से आज एक दिवस जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हॉकी प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ सेंट जोसेफ स्कूल के प्राचार्य फादर जोसेफ तपन एवं हॉकी जामताड़ा के उपाध्यक्ष अनूप राय ने दीप प्रज्वल कर विधिवत्त शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में जामताड़ा के विभिन्न स्कूल के बालक एवं बालिका वर्ग के 6/6 टीम हिस्सा लिए। जिसमें बालक वर्ग में विजेता आरजे.आरजे. हाई स्कूल कर्माटांड़ , उपविजेता सेंट जोसेफ स्कूल जामताड़ा रहे एवं बालिका वर्ग में विजेता आरजे.आरजे हाई स्कूल कर्माटांड़, उपविजेता झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय कर्माटांड़ रहे। सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को जिला खेल पदाधिकारी जामताड़ा संतोष कुमार ने क्रमशः विजेता टीम को 21000 एवं उपविजेता टीम को 15000 के चेक एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया। एवं उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता का आयोजन से खिलाड़ियों को एक बेहतर प्लेटफार्म मिलेगा। आने वाले समय में ऐसे बहुत सारे खेल प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्तर पर किया जाएगा। जिससे कि यहां के खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में खेलने का अवसर प्राप्त हो सके। निश्चित रूप से जामताड़ा में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है। बरसते उन खिलाड़ियों को सही प्लेटफार्म देने की आवश्यकता है । इन खिलाड़ियों को तराशने के लिए राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन जामताड़ा निरंतर प्रयासरत है।

नाला नेताजी स्टेडियम में विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में मौजूद हुए झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो

दैनिक शुभ भास्कर/ सुष्मिता कुमारी / संवाददाता नाला/जामताड़ा नाला नेताजी स्टेडियम में विश्व आदिवासी दिवस समारोह मनाया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर स्थानीय विधायक सह झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो मौजूद हुए ।इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर उनके आगमन होते आयोजक समिति तथा संथाल समाज के पद धारक ओं के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया इस अवसर पर आदिवासी पारंपरिक नृत्य गीत के साथ आदिवासी रीति रिवाज के अनुसार उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मंच कार्यक्रम के पूर्व उन्होंने सर्वप्रथम सिद्धू कानू तिलकामांझी चांद भैरव आदि महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की साथ ही विधिवत रूप से पूजा अर्चना की। इस क्रम में संथाल समाज के नायकी, गोडेत एवं धर्म गुरु के द्वारा विधिवत रूप से वीर सेनानियों का पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष के कर कमल द्वारा ग्राम प्रधान माझी हड़ाम तथा नाइक एवं संथाल समाज के पदाधिकारी को पगड़ी बना कर उनका स्वागत किया गया वहीं आयोजन समिति के द्वारा भी स्थानीय विधायक सा झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो को पगड़ी पहनकर सम्मानित किया गया। मालूम हो कि कार्यक्रम में झामुमो जिला अध्यक्ष श्यामलाल हेंब्रम भी विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद थे। मालूम हो कि इस अवसर पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने आदिवासी समाज को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज को रेखांकित करने के लिए पूरे विश्व में आदिवासी दिवस मनाया जाता है हालांकि आज के दिन में भी इस संप्रदाय व समाज के लोग अपेक्षाकृत आगे नहीं पहुंच पाए हैं ।उन्होंने सभी युवा वर्ग को समाज के हित को ध्यान में रखते हुए संगठन एक रूप से आगे बढ़ने की प्रतिष्ठा के बारे में कहा उन्होंने कहा कि समाज को संरक्षित करने के लिए युवा वर्ग की अहम भूमिका होती है। यदि समाज एवं युवा वर्ग चिंतन करें तो आदिवासी समाज का उद्देश्य पूर्ण होगा ।उन्होंने यह भी कहा कि विशेष सत्र में चीर लंबित मांग सरना धर्म कोड विषय पर भी सरकार गंभीरतापूर्वक लेते हुए भी पास किया परंतु सेंसस के आधार पर नहीं हो पाया। इस दौरान उन्होंने आदिवासी धर्म संस्कृति की रक्षा को लेकर तमाम युवा वर्ग को सचेत रहने की बात कही वहीं उन्होंने पेसा कानून एसपीटी एक्ट के बारे में भी जानकारी दी और कहा कि आज भी आदिवासी का जमीन अन्य लोगों के हाथों हस्तांतरित हो रहा है कहा कि भूमि अधिग्रहण कानून अगर लागू हो जाता है तो मालिकाना हक सुनिश्चित रहती है ।

विधानसभा अध्यक्ष ने कुंजबना कल्याण अस्पताल में कम्प्यूटेराइज्ड टोमोग्राफी (सीटी स्कैन) का किया उद्घाटन

दैनिक शुभ भास्कर/ सुष्मिता कुमारी / नाला/जामताड़ा स्थानीय विधायक सह झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने कुंजबना सनमत कल्याण अस्पताल में कंप्यूटराइजड टोमोग्राफी सिटी स्कैन का विधिवत रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर सनमत कल्याण अस्पताल कुंजबना के प्रबंधक उदित मिश्रा तथा अन्य पदाधिकारियों के द्वारा उनको बुके देकर हार्दिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत रूप से फीता काटकर कंप्यूटराइज टोमोग्राफी सिटी स्कैन का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में जामताड़ा उपायुक्त शशि भूषण मेहरा, उप विकास आयुक्त अनिलसन लकड़ा तथा अनुमंडल पदाधिकारी संजय पांडे भी मौजूद रहे। इस अवसर पर स्थानीय विधायक सह झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने कहा कि आज भी हमलोग चिकित्सा के क्षेत्र में देश के अन्य भागों से काफी पीछे है। शहर में जो चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध है आज भी ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के पास कोई चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। इस चीज को दृष्टिपात करते हुए हमलोग प्रयास कर रहे हैं ।करीब 40 किलो मीटर दूर प्रखंड हेडक्वार्टर से करीब 15-20 किलोमीटर दूर जहां चिकित्सा व्यवस्था का निहायत ही जरूरत है। इसको देखते हुए ग्रामीण जन जीवन को बेहतर चिकित्सा व्यवस्था मिले उसके लिए हमलोग प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि कुंजबना कल्याण अस्पताल को एक अत्याधुनिक अस्पताल के रूप में हम कैसे विकसित करें उसके लिए हमलोग प्रयास कर रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि आप अगर पूरा अस्पताल घूम कर देखेंगे तो पता चला होगा कि आँख के पेसेंट के लिए भी यहां अच्छी व्यवस्था है , यहां आई स्पेशलिस्ट तथा उपकरण उपलब्ध है। अब सिटी स्कैन से चिकित्सक को भी काफी सहूलियत होगी। और लोगों को अच्छा चिकित्सा व्यवस्था मिलेगा। इसी उद्देश्य से इस मशीन को यहां लाया गया। इस अवसर पर उपायुक्त शशि भूषण मेहरा ने कहा कि इस अत्याधुनिक मशीन के स्थापित हो जाने से क्षेत्र के गरीब गुरवे लोग लाभान्वित होंगे और उन्हें काफी दूर घर के बाहर चिकित्सा नहीं करानी होगी, उन्हें इसी अस्पताल से बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध हो पाएगी। उन्होंने कुंजबना कल्याण अस्पताल की चिकित्सीय व्यवस्था एवं अन्य गतिविधियों से प्रभावित होकर प्रसन्नता जाहिर की। कहा कि इस प्रकार की ही व्यवस्था इन ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए होनी चाहिए जो यह सारी व्यवस्था उपलब्ध है और यहां के चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी भी काफी समर्पित और सेवा परायण है। इस अवसर पर कुंजबना कल्याण अस्पताल के प्रबंधक उदित मिश्रा, डॉक्टर विजयानंद, काठीकुंड अस्पताल के प्रबंधक डॉक्टर कमल नयन सिंह, गिव इंडिया के रिप्रेजेंटेटिव मेरी सुरीन, डॉक्टर केके झा खन्ना, शिलावंती टुडू, किशोर कमल पाल , फतेहपुर प्रमुख अरविंद मुर्मू, युवा नेता मोहम्मद सफीक अंसारी,नदिया नंद माजी, प्रकाश झा सहित अन्य चिकित्सा पदाधिकारी तथा स्वास्थ्य कर्मी आदि मौजूद थे।

> ➡ आगे उन्होंने कहा कि आप अगर पूरा अस्पताल घूम कर देखेंगे तो पता चला होगा कि आँख के पेसेंट के लिए भी यहां अच्छी व्यवस्था है , यहां आई स्पेशलिस्ट तथा उपकरण उपलब्ध है।

कार्यक्रम मौके पर उपायुक्त शशि भूषण मेहरा ने सर्वप्रथम सभी को शुभकामनाएं दीं।

उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों को विश्व आदिवासी दिवस की दी शुभकामनाएं

दैनिक शुभ भास्कर

मनीष बरणवाल/ जामताड़ा विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर समाहरणालय स्थित एसजीएसवाई प्रशिक्षण भवन सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा शशि भूषण मेहरा, पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी,उप विकास आयुक्त अनिलसन लकड़ा एवं अन्य वरीय पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया।इससे पूर्व उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त सहित सभी वरीय पदाधिकारी को बालिकाओं के द्वारा पौधा एवं पारंपरिक परिधान अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपायुक्त शशि भूषण मेहरा ने सर्वप्रथम सभी को शुभकामनाएं दीं। 1982 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने आदिवासियों के भले के लिए एक कार्यदल गठित किया था जिसकी बैठक 9 अगस्त 1982 को हुई थी। उसी के बाद से संयुक्त राष्ट्र संघ ने अपने सदस्य देशों में प्रतिवर्ष 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाने की घोषणा की। आदिवासी समाज के लोगों का सबसे अच्छा गुण है समानता, भाईचारा, महिलाओं को बराबरी का स्थान जो इन्हें विशेष स्थान प्रदान करता है। इनका प्रकृति के प्रति लगाव, किसी भी खुशी के मौके पर पारंपरिक परिधानों में नृत्य एवं गायन से एक अलग पहचान बनाए हैं। उपायुक्त ने कहा कि केवल आदिवासियों के लिए नहीं, पूरे देश के लिए ये दिवस अहम है। जिला के समस्त आम-जन प्रकृति का संरक्षण एवं उपज करने की दिशा में अपना अहम कर्तव्य निभाएं। प्रकृति से हीं मनुष्य का जीवन है। एक ओर जहां संस्कृति और परंपराओं के संवाहक आदिवासी समाज ने सांस्कृतिक धरोहर को बचाए रखने में अहम भूमिका अदा की है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का जलवा दिख रही है। उपायुक्त ने आगे कहा कि आदिवासी समाज से ऐसे कई महापुरुष हुए जिन्होंने समाज के भलाई के लिए अंग्रेजों से अत्याचार के खिलाए डटकर सामना किया

मदर्स इंटरनेशनल पहुंचे कैबिनेट मंत्री हफीजुल बच्चों के साथ किया टिफिन शेयर

दैनिक शुभ भास्कर

संवाददाता/ मधुपुर/ देवघर अपने कार्यशैली से क्षेत्र के लोगों को प्रभावित करने वाले स्थानीय विधायक सह सूबे के कैबिनेट मंत्री हफीजुल हसन बुधवार को कुंडू बांग्ला स्थित मदर्स इंटरनेशनल अकादमी पहुंचे। जहां विद्यालय के निदेशक मनोज कुमार कलबलिया की उपस्थिति में बच्चों ने बैंड के धुन पर उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में स्वास्थ्य, समय और अनुशासन का विशेष महत्व रखते हुए बच्चे आगे बढ़े। मोबाइल फोन का कम से कम इस्तेमाल करें। टिपीन टाइम में पहुंचे मंत्री हफीजुल हसन बच्चों के साथ टिफिन शेयर किए। बच्चों से कहा समय पर खाना जरूर खा लेना चाहिए। बच्चे अपने बीच राज्य के कैबिनेट मंत्री को पाकर काफी खुश दिखे। मौके पर मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि विद्यालय निदेशक मनोज कुमार कलबलिया बड़े भाई के समान है मदर्स विद्यालय में पहुंचकर काफी सुखद अनुभूति होती है। समय-समय पर क्षेत्र और राज्य की समस्याओं को लेकर उनके साथ विचार-विमर्श करता रहता हूं। मौके पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष फैयाज कैसर, स्वास्थ्य प्रतिनिधि मोहम्मद शाहिद उर्फ फेकू, डब्बू बथवाल, ओम रवानी मीडिया प्रभारी मोहम्मद समीर आलम मौजूद थे।

खास ख़बर

गंडक नदी का बढ़ा जलस्तर, मडराने लगा बाढ़ के खतरा

दैनिक शुभ भास्कर गोपालगंज। नेपाल के तराई क्षेत्रों में भारी बारिश के वजह से बाल्मीकि नगर बैराज द्वारा लगभग तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने की प्राप्त सूचना के कारण जिला प्रशासन गोपालगंज अलर्ट मोड पर है। जिला पदाधिकारी गोपालगंज डॉ0 नवल किशोर चौधरी (भा0प्र0से0) के निदेश पर गंडक नदी के बॉधो पर चौबीसो घंटे लगातार संबंधित पदाधिकारियों द्वारा पेट्रोलिंग की जा रही है ।जिला पदाधिकारी इस पर लगातार नजर बनाये हुए है ।पदाधिकारियों से स्थिती के पल पल की खबर ले रहे है।संम्भावित बाढ़ को देखते हुए सभी प्रकार की तैयारियॉ पूर्व से ही कर ली गयी है। जिला प्रशासन द्वारा गंडक नदी के निचले इलाके में रहने वाले नागरिकों को अपने मवेशियों के साथ ऊंचे स्थानों पर शरण लेने को कहा गया है। प्राप्त सूचना के अनुसार बारिश की वजह से गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि हो गई है और नेपाल के तराई क्षेत्रों में भी भारी बारिश की होने की वजह से बाल्मीकि नगर बैराज द्वारा तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने की सूचना है ,जिसको देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा कुचायकोट प्रखंड के काला मटहीनिया विशंभरपुर आदि दियारा के निचले क्षेत्र में बाढ़ आने की प्रबल संभावना हो गई है । बांधों की निगरानी लगातार की जा रही है। आपदा से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है। सभी दियारा वासियों को अपने जानमाल की सुरक्षा के लिए के लिए ऊंचे स्थानों पर चले जाने का निर्देश दिया गया है ।साथ ही अपने मवेशियों को भी ऊंचे स्थानों पर ले जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए माझा प्रखंड के नरैनिया , भैंसही एवं पुरैना के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के और कुचायकोट प्रखंड के दियारा क्षेत्रों में लोगो को लगातार जिला प्रशासन द्वारा अनाउंसमेंट कर ऊँचे स्थानो पर शरण लेने को बोला जा रहा है।

मादक पदार्थ के साथ 7 तस्कर गिरफ्तार

दैनिक शुभ भास्कर गोपालगंज। जादोपुर थाना क्षेत्र के बंगरी गांव के पास जादोपुर थाना की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब 15 लाख का एक क्विंटल गांजा बरामद किया है। साथ ही सात तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनसे पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पकड़े गए लोगों में जादोपुर थाना क्षेत्र का जमीर मिया, सचिता नंद महतो, उदय कुमार, अंतरीप कुजूर सहित सात लोग शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि जादोपुर थाना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मादक पदार्थ की तस्करी के लिए कुछ लोग पहुंचे हैं। सूचना के आधार पर जादोपुर थाना के थानाध्यक्ष ने एक टीम का गठन कर विशेष छापेमारी अभियान चलाया। टीम ने छापेमारी कर जादोपुर बंगरी से उड़ीसा से सीवान के रास्ते गोपालगंज लाए जा रहे एक टेंपो में तहखाना बनाकर ले जा रहे 102 किलो गांजा बरामद किया गया। साथ ही 7 गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

दिन भर होती रही झमाझम बारिश लोग परेशान

सिवान संवाददाता सिवान जिला मुख्यालय समेत जिले के विभिन्न प्रखंडों में दिनभर झमाझम बारिश होती रही। जिससे लोग परेशान दिखे। बताते चलें कि दिनभर सड़कें सुनसान दिखाई दी। जबकि विद्यालयों में बच्चे नदारद नजर आए। बताते चलें कि बीती रात्रि से ही लगातार बारिश होने की वजह से दिनभर सड़कें सुनसान दिखाई दी। वहीं विभिन्न सरकारी तथा प्राइवेट विद्यालयों में बच्चे ना के बराबर दिखाई दिए। बताते चलें कि खराब सड़कों पर गड्ढों में पानी भर जाने से कोई मुख्य मार्गो पर लोग आने जाने वाले राही परेशान दिखाई दिए।

राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंडर 17 बालिका प्रतियोगिता के फाइनल मैच में सीवान की टीम बनी विजेता

सीवान संवाददाता।

CHAMPIONS
राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी ... -17 (बालिका) प्रतियोगिता - 2023
REDMI NOTE 6 PRO
MI DUAL CAMERA

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण बिहार पटना जिला प्रशासन सिवान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंडर-17 बालिका प्रतियोगिता 2023 का फाइनल मुकाबला कैमूर बनाम सिवान के बीच खेला गया। सिवान की टीम ने एक तरफ मैच में कैमूर को 8-0 से पराजित कर नेशनल के लिए जगह बनाई । सुब्रतो कप नेशनल मैच दिल्ली में आयोजित है अनुमंडल पदाधिकारी सिवान सदर श्री रामबाबू बैठा,अनुमंडलीय लोक निवारण पदाधिकारी श्री अभिषेक चंदन वरीय उप समाहर्ता सुश्री बृष भानु ,श्रीमति प्रियंका कुमारी , जिला खेल पदाधिकारी श्री विकाश कुमार, सिवान सदर सीओ श्री ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, डीपीए आईसीडीएस वंदना पांडेय, फुटबॉल संघ के जिला सचिव जावेद अख्तर खान के द्वारा खिलाड़ियों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। विजेता उपविजेता टीम को ट्रॉफी अनुमंडल पदाधिकारी सिवान सदर रामबाबू बैठा के द्वारा प्रदान किया गया । अनुमंडल पदाधिकारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा के खेलकूद में आजकल काफी संभावना है ।आप बिहार के लिए , देश के लिए के लिए खेले यह मेरी शुभकामना है ।मौके डॉक्टर रीता सिन्हा ,संतोष कुमार सिंह, मनोरंजन कुमार सिंह, संजय पाठक, वीजय प्रताप सिंह, अरविंद शंकर, बृजेश कुमार ,अनिरुद्ध कुमार, फुलेना यादव ,प्रधानाध्यापक परवेज अहमद, सिवान की कोच पिंकी कुमारी आदि मौजूद रहे।

सिवान की तरफ से सीवान की कैप्टन एंजेल यादव ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने टीम के लिए दो गोल बनाए सिवान के तरफ से ज्योति कुमारी और प्रियंका कुमारी ने दो-दो गोल किए। सिवान के तरफ से बेहतरीन खिलाड़ियों में शिबू यादव ,प्रिया यादव, निकी कुमारी ,निकिता कुमारी, रुबी कुमारी प्रमुख रही। कैमूर के तरफ से खुशबू कुमारी और गुड़िया कुमारी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।

समाजवादी पार्टी के लोग अयोध्या में सड़क पर तो अवधेश प्रसाद सदन में उठा रहे जनता की आवाज - पारसनाथ यादव

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या

> ➲समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने क्रांति दिवस के रूप में जन पंचायत का आयोजन किया।

मिल्कीपुर-अयोध्या।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर बुधवार को मिल्कीपुर विधानसभा की 45 स्थानों पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने क्रांति दिवस के रूप में जन पंचायत का आयोजन किया। नगर पंचायत कुमारगंज में अध्यक्ष विकास सिंह (छोटू) व सपा के नगर अध्यक्ष राम सतन कोरी की अगवाई में वार्ड संख्या- 6 अमावां छीटन में जन पंचायत आयोजित की गई।वहीं दूसरी तरफ उधुई गांव में आयोजित जन पंचायत को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है। प्रदेश का विकास रुक गया है, जो भी जन कल्याणकारी योजनाएं सपा के शासनकाल में संचालित थी उसकी सरकार ने बंद कर दिया। उसके बदले सरकार नौजवानों, किसानों का शोषण कर रही है और प्रदेश में आज जंगल राज्य व्याप्त है। महिलाओं पर दिन प्रतिदिन अत्याचार हो रहे हैं। लेकिन सरकार मौन है। उन्होंने सपा के शासनकाल की योजनाओं को एक-एक कर जनता को गिनाया और कहा कि आज प्रदेश की जनता अखिलेश यादव की तरफ उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है। आने वाले लोकसभा के चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा सरकार को आईना दिखाने का काम करेगी और विपक्षी गठबंधन की सरकार बनेगी। जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के लोग आज अयोध्या में सड़क पर तो विधायक अवधेश प्रसाद सदन में जनता की आवाज उठा रहे हैं। समाजवादी पार्टी के मीडिया प्रभारी लवलेश पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम को विधानसभा अध्यक्ष पृथ्वीराज यादव,विधायक प्रतिनिधि अमित प्रसाद,मिल्कीपुर ब्लॉक अध्यक्ष पृथ्वीराज यादव,अशोक यादव,डॉ माखनलाल यादव,नगर अध्यक्ष कुमारगंज राम सतन कोरी आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष व मिल्कीपुर विधानसभा के प्रभारी रामजी पाल ने किया। कार्यक्रम में विधानसभा महासचिव सुनील कोरी, जिला सचिव आजाद सिंह चौहान,शकील अहमद, मोहम्मद मुस्लिम ग्राम प्रधान, कृष्ण कुमार ग्राम प्रधान धनैचा, तुलसीराम कोटेदार, राकेश चौरसिया जिला सचिव, सहित बड़ी संख्या में सपा के कार्यकर्ता व नेताओं के अलावा ग्रामीण भी मौजूद रहे।

जनपद के समस्त अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों खाद्यान्न का वितरण 12 अगस्त से

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या ।जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि जनपद के समस्त अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को अवगत कराया जाता है माह अगस्त, 2023 के सापेक्ष राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत नियमित खाद्यान्न (गेहूं/चावल) का वितरण माह अगस्त, 2023 में 12 अगस्त 2023 से प्रारम्भ होकर 23 अगस्त 2023 तक सम्पन्न होगा। उक्त अवधि में अन्त्योदय कार्ड धारकों को प्रति कार्ड 35 कि0ग्रा0 खाद्यान्न (14 कि0ग्रा0 गेहूँ व 21 कि0ग्रा0 चावल) तथा पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रति यूनिट 05 कि0ग्रा0 खाद्यान्न (02 कि0ग्रा0 गेहूँ व 03 कि0ग्रा0 चावल) का निःशुल्क वितरण सुनिश्चित कराया जायेगा। माह अगस्त 2023 के सापेक्ष नियमित खाद्यान्न वितरण की अन्तिम तिथि 23 अगस्त 2023 निर्धारित है। जिन कार्डधारकों का ई-पॉस मशीन पर अंगूठा नहीं लगता है,

सपा महानगर ने पूरे महानगर क्षेत्र के सभी सेक्टरों में जन पंचायत का आयोजन किया

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। समाजवादी पार्टी महानगर ने पूरे महानगर के 18 सेक्टर में जन पंचायत का आयोजन किया सेक्टर नंबर 1 आयोजक उपाध्यक्ष रियाज अहमद . एम जे पैलेस मे सेक्टर 2 उपाध्यक्ष श्री चंद यादव ,पार्षद कृष्ण गोपाल यादव स्थान राजाराम पैलेस में सेक्टर 3 सचिव विजय यादव शक्ति जायसवाल, स्थान राम प्रिया हाटा, सेक्टर 4 महानगर उपाध्यक्ष संजय सिंह , बृजलाल पासी, ऋतुराज सिंह,जनौरा ग्राम में, सेक्टर 5 उपाध्यक्ष सूरज वर्मा दर्शन नगर में सेक्टर 6 उपाध्यक्ष नागेश्वर कोरी आरपी पैलेस में सेक्टर 7 उपाध्यक्ष राकेश पांडे मलिकपुर में सेक्टर 8 पार्षद प्रतिनिधि मंसूर प्रधान बड़ी देवकाली में सेक्टर 9 सचिव विरेंद्र गौतम कल्याण मंडप में सेक्टर 10 राजनाथ यादव गायत्री नगर अब्बू सराय सेक्टर 11 पार्षद राशिद सलीम पार्षद कार्यालय हनुमत नगर सेक्टर 12 भगवानदीन निषाद विक्रमादित्य नगर मे सेक्टर 13 पार्षद विशाल पाल गुरुद्वारा नानक पुरा में सेक्टर 14 पार्षद जगत नारायण यादव पार्वती मैरिज लान मे सेक्टर 15 पार्षद अर्जुन यादव सोमू अशफाक उल्ला खान सेक्टर 16 महिला महानगर अध्यक्ष अपर्णा जयसवाल बड़ी देवकाली निवास में सेक्टर 17 छात्र सभा महानगर अध्यक्ष शिवांश तिवारी अवध विश्वविद्यालय में सेक्टर 18 अखिलेश चौबे रामघाट में इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने सभी सेक्टरों में पहुंचकर पार्टी द्वारा नियुक्त पदाधिकारियों से वार्ड की जनता के मूलभूत समस्याओं को जाना और राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के द्वारा प्रदेश में मुख्यमंत्री रहते हुए उनके द्वारा किए गए कामों के बारे में क्षेत्र की जनता को बताया और इस सरकार में हो रही समस्याओं के बारे में क्षेत्र के जनमानस से जानकारी लेकर उसके निराकरण के लिए जिले के उच्च अधिकारियों को अवगत करा कर निराकरण कराने का आश्वासन दिया ।

दो बाइक चोरी , प्राथमिकी दर्ज

दैनिक शुभ भास्कर गोपालगंज। भोरे थाना क्षेत्र में बाइक चोर गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया हैं. थाना क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए चोरों ने दो बाइकों की चोरी कर ली. पहली घटना भोरे थाना क्षेत्र के जैतपुरा गांव में हुई. जहां संदीप साह ने अपनी बाइक घर के बरामदे में खड़ी कर अंदर सोने चले गए थे. देर रात जब उनकी नींद खुली, तो देखा कि बाइक गायब हो गई है. वहीं दूसरी घटना भोरे स्थित डॉ जगदीश चौधरी के क्लीनिक के पास हुई. जहां इलाज कराने आए लक्ष्मीपुर के मुंद्रिका गुप्ता की बाइक चोरी कर ली गई. काफी खोजबीन के बाद भी जब बाइक का पता नहीं चला, तो दोनों ब्यक्तियों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है. वहीं पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है.

मैरवा में जनगणना कार्य अंतिम चरण में



मैरवा सिवान संवाददाता सिवान जिले के मैरवा में जनगणना कार्य अंतिम चरण में बताया जाता है। बताते चलें कि मुख्यालय मैरवा के प्रखंड परिसर में लगातार जनगणना कर्मी पर्यवेक्षक तथा प्रगणक लगातार कार्य को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह चार्ज अधिकारी धनंजय कुमार ने बताया कि जनगणना कार्य अंतिम चरण में चल रहा है । बताते चलें कि उन्होंने बताया कि 1 से 2 दिन में पूर्ण कार्य संपन्न हो जाएगा।

भूमि विवाद में मारपीट

पचरुखी (सीवान) पचरुखी थाना क्षेत्र के मधवापुर गांव में बीते मंगलवार को भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गयी। इस मारपीट में दोनों पक्षों क आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पचरुखी में भर्ती कराया गया। इस मामले में एक पक्ष की निर्मला देवी और दूसरे पक्ष के दीनानाथ शर्मा के बयान पर अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

गुठनी 40 प्रतिशत गांवो में बिजली कंपनी ने लगाया केबल

गुठनी। नगर पंचायत और ग्रामीण इलाकों में बिजली कंपनी द्वारा आज भी नंगे तारों से ही बिजली सप्लाई दी जाती है। जिनसे स्पार्क, सार्क सर्किट, तारों का टूटना और बिजली व्यवस्था ठप होना मुख्य कारण है। वही ग्रामीण इलाकों में इस कुव्यवस्था के शिकार दर्जनों ग्रामीण हो चुके हैं। बिजली कंपनी के जेई योगेश कुमार ने बताया कि प्रखंड में करीब 40त्न से अधिक जगहों पर केबल युक्त बिजली सप्लाई शुरू किया गया है। जबकि 60त्न बचे जगहों पर भी केवल लगाने का काम चल रहा है। उनका कहना है कि बचे हुए जगहों पर केवल सिस्टम जल्द लगाया जाएगा। वहीं स्थानीय ग्रामीणों की माने तो चरवाहों, ग्रामीण, मजदूरों, महिलाओं, कामगार मजदूर अधिकतर करंट लगने से काल के गाल में चले जाते हैं। बावजूद बिजली कंपनी द्वारा आज तक मृतक के आश्रितों को कोई मुआवजा नहीं मिल पाया। मैरवा प्रभाग के बिजली कंपनी के एसडीओ निहाल श्रीवास्तव ने बताया कि हमारे पास इसका डेटा उपलब्ध नहीं है. हमारी टीम बिजली आपूर्ति को लेकर सजग है।

क्या कहते हैं कार्यपालक अभियंता

बिजली कंपनी के कार्यपालक अभियंता मुकेश रमन ने बताया की कंपनी को मृतक के परिजनो द्वारा किया गया एफआईआर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, बैंक डिटेल और आवेदन देना होगा। हम जांच के बाद मुआवजा राशि सौप देते हैं।

लक्ष्मीकांत बने कला एवं सांस्कृति प्रकोष्ठ के जिला संयोजक

हसनपुरा (सीवान) नगर पंचायत हसनपुरा निवासी लक्ष्मीकांत पाठक को बीजेपी जिलाध्यक्ष संजय पांडे द्वारा कला एवं सांस्कृति जिला संयोजक बनाया गया है। मनोनय के पश्चात नवनिर्वाचित जिला संयोजक कला एवं सांस्कृति श्री पाठक ने प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी व जिलाध्यक्ष संजय पांडे के प्रति आभार प्रकट किया है।वहीं श्री पाठक को मनोनय पर दुर्गा सोनी मंडल अध्यक्ष, विनोद सिंह पूर्व जिला संयोजक कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ, मनोज गुप्ता, मनोज मिश्र, राजकुमार शर्मा लोकसभा विस्तारक पूर्णिया,राजू मिश्र,धनंजय जायसवाल, अवधबिहारी गिरि, राधाकांत पाठक,मुन्ना प्रसाद,दिनेश्वर बारी, ऋषिदेव साह, तारकेश्वर साह, दुर्गा प्रसाद आदि ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

15 अगस्त की तैयारी को ले बैठक

हसनपुरा (सीवान) प्रखंड मुख्यालय स्थित मीटिंग हॉल में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को ले बीडीओ राजेश्वर राम के नेतृत्व संबंधित अधिकारियों की एक बैठक हुई। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर आन बान शान से तिरंगा फहराया जाएगा। जहां हसनपुरा में प्रखंड परिसर में सुबह 9 बजे प्रखंड प्रमुख, 9~15 थाना परिसर में थानाध्यक्ष, 9~25 बाल विकास परियोजना कार्यालय परिसर में सीडीपीओ, सुबह 9~40 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, 10~05 बीआरसी हसनपुरा में बीईओ तथा 10~20 बजे नपं कार्यालय हसनपुरा में नपं अध्यक्ष द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा।

यात्रा | राम नगरी आने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटकों को उपलब्ध कराएगी सुविधाएं मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने बताया

विकास प्राधिकरण द्वारा श्रीराम चलित मानस अनुभव केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा

> ➲इसके लिए प्राधिकरण द्वारा टेण्डर के माद्यम से वाराणसी की अभियन्त्रण नामक एजेंसी का चयन किया गया है। इसमें प्राधिकरण द्वारा खुद का धन व्यय नहीं किया जाएगा बल्कि प्राइवेट एजेंसी द्वारा ही निवेश किया जाएगा।

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या अयोध्या। योगी सरकार अयोध्या के संपूर्ण विकास के लिए तत्पर है राम नगरी आने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटकों को उपलब्ध कराएगी सुविधाएं मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि प्रभु श्रीराम जन्मभूमि में भव्य मंदिर निर्माण के साथ ही अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में लाखों की वृद्धि की संभावना के दृष्टिगत वर्तमान योगी सरकार द्वारा मूलभूत सुविधाओं के लिए विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे है। श्रद्धालुओं की अयोध्या यात्रा को यादगार एवं विश्व स्तरीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अयोध्या के गुप्तारघाट के समीप सरयू नदी के निकट 75 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल को अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा 'श्रीराम चलित मानस' अनुभव केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा। इसके लिए प्राधिकरण द्वारा टेण्डर के माद्यम से वाराणसी की अभियन्त्रण नामक एजेंसी का चयन किया गया है। इसमें प्राधिकरण द्वारा खुद का धन व्यय नहीं किया जाएगा बल्कि प्राइवेट एजेंसी द्वारा ही निवेश किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह राम चलित मानस अनुभव केन्द्र श्रीराम के जीवन चरित्र के साथ ही उनके जन्मस्थान अयोध्या एवं उत्तर प्रदेश की संस्कृति एवं परम्परा का अनुभव करायेगी।

अनुभव केंद्र 100 टेंट सिटी के साथ तमाम सुविधाएं होंगी उपलब्ध इस अनुभव केन्द्र के अन्तर्गत 100 टेंट्स की टेण्ट सिटी के साथ ही राम दरबार, धार्मिक हाट, टायलेट ब्लाक, लैंडस्केप जोन, ओपन सिटिंग, सीता रसोई (किचन),श्री राम जल समाधि स्थल,लोक नृत्य स्टेज,म्यूजिक स्टेज, रामलीला इंटरटेरमेंट जोन, सिटिंग प्लाजा, अमरेला सेंड सिटिंग, फायर्स शो स्टेज, अनुभव केंद्र, कलाग्राम, श्री राम जाप पथ, ध्यान गुफा, योगा क्षेत्र, गेस्ट रूम, ओपेन एयर थिएटर, हीलिंग गार्डन, बाजार हाट,फ़ूड कोर्ट ,बहु उद्देश्यसीय हाल, घुड़ सवारी/इंडोर स्पोर्ट एरिया सहित अन्य सुविधाएं होंगी। वाटर स्पोर्ट्स की सुविधा भी विकसित की जाएगी. मण्डलायुक्त ने बताया कि इसका निर्माण पूर्णतया अस्थायी होगा, इसमें 16×16 फिट के टेंट लगाये जायेंगे तथा निश्चित दूरी पर मेडिकल सुविधाओं से लैस कमरे व हर 50 मीटर की दूरी पर बायो डाइजेस्टिव शौचालयों स्थापित किये जायेंगे

आयोजित हुआ आर्शीवाद सम्मान समारोह

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। करियप्पा मार्ग स्थित प्रेस क्लब में आयोजित आर्शीवाद एवं सम्मान समारोह में विगत 31 जुलाई 2023 को सूचना विभाग के सेवानिवृत्त अवधेश कुमार जायसवाल का जनपद के वरिष्ठ पत्रकारों ग्रुप द्वारा अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार हरिकृष्ण अरोड़ा ने अपने संयोजन में कहा कि बहुत कम अधिकारी एवं कर्मचारी होते है जिनकी सेवानिवृत्त के पश्चात सार्वजनिक मंच से उनको सम्मानित किया जाय। श्री जायसवाल का मीडिया के प्रति सद्व्यवहार, सम्मान एवं मीडिया के प्रति उनके कर्तव्य निष्ठा का परिणाम है कि उन्हें आज प्रेस क्लब में सम्मानित किया गया। श्री जायसवाल जनपद अयोध्या सहित लखनऊ व अन्य जनपदों में मीडिया जगत में जाने जाते है और सभी मीडिया कर्मी श्री जायसवाल को कर्मी कम अपना भाई अधिक मानते है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार नवभारत टाइम्स के संवाददाता बीएन दास ने कहा कि सूचना विभाग के सेवानिवृत्त वरिष्ठ लेखाकार अवधेश कुमार जायसवाल ने मीडिया, प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न कार्यालयों में अपनी वाणी व्यवहार एवं कार्यो से एक अलग पहचान बनायी, जिसका लाभ उन्हें जीवन पर्यन्त मिलेगा। जनसत्ता नई दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार श्री त्रियुग नारायण तिवारी ने कहा कि जायसवाल का साथ 1984 से है मैंने इन्हें कभी भी किसी से कटु शब्द बोलते नही देखा। इन्होंने अपने कार्यशैली से जनपद में अलग पहचान बनायी।

मम्मी, मैं घर छोड़कर जा रही हूं, अब वापस नहीं आऊंगी

रुदौली-अयोध्या।क्षेत्र के गुजरन पुरवा रेलवे क्रॉसिंग के समीप रेल ट्रैक पर मंगलवार दोपहर 16 वर्षीय किशोरी का शव मिला। कोतवाल देवेंद्र सिंह के साथ पहुंचे हल्का दरोगा प्रमोद कुमार ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।दरोगा ने बताया कि गंगा सतलज ट्रेन के आते ही किशोरी ट्रैक पर पहुंच गई। ट्रेन आते ही किशोरी लेट गई। हादसे में किशोरी का दोनों पैर क्षतिग्रस्त हो गए। कोतवाल देवेंद्र सिंह ने बताया मृतका की पहचान जान्हवी पुत्री बुधराम रावत निवासी गांव कैथानी मुस्तफाबाद थाना रौनाही, अयोध्या के रूप में हुई है। घटनास्थल पर एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है जिसमें लिखा है कि मम्मी मैं घर छोड़कर जा रही हूं, अब मैं वापस नहीं आऊंगी। अब कोई दिक्कत नहीं होगी, हमेशा के लिए अलविदा।

ख़ास ख़बर

अज्ञात वाहन के चपेट में आकर छात्रा गंभीर रूप से हुई घायल

वाराणसी। बुधवार को मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के भिखारीपुर गांव स्थित एनएच-19 पर एक हृदय विदारक घटना घटित हुई। जिसमें सुबह कोचिंग पढ़ने के लिए पैदल हाईवे पार कर रही एक 24 वर्षीया छात्रा अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची मिर्जामुराद पुलिस ने घायल छात्रा को इलाज हेतू एंबुलेंस से ट्रामा सेंटर भेज दिया। बताया जा रहा है कि मिर्जामुराद क्षेत्र के कल्लीपुर गांव निवासी शिवदास भारती नामक बुनकर की बेटी नीतू कुमारी (24 वर्ष) रोज की तरह कोचिंग पढ़ने के लिए खजूरी से ऑटो पकड़ मेहंदीगंज उतर हाईवे को पैदल पार कर रही थी। इस दौरान भिखारीपुर स्थित एनएच-19 पर प्रयागराज से वाराणसी की तरफ जा रही एक अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से सड़क पर गिर गई और उसके पहिए से छात्रा का दाहिना पैर कुचलकर मौके से ट्रक भाग निकला। इधर गंभीर रूप से घायल छात्रा सड़क पर गिरकर चिल्लाने लगी। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना मिर्जामुराद पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी आनंद कुमार चौरसिया ने घायल छात्रा को एंबुलेंस से ट्रामा सेंटर भेज दिया।

डिस्कॉम मुख्यालय के विद्युत प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित एक दिवसीय सीपीआर कार्यशाला संपन्न

वाराणसी। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, वाराणसी के डिस्कॉम मुख्यालय के विद्युत प्रशिक्षण केन्द्र भिखारीपुर में बुधवार को सीपीआर पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रबन्ध निदेशक शम्भू कुमार की अध्यक्षता में राजकीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिवशक्ति प्रसाद द्विवेदी ने विद्युत निगम के समस्त अधिकारियों के सामने सीपीआर की लाइव प्रस्तुति दी। राजकीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिवशक्ति प्रसाद द्विवेदी ने कार्डियक अरेस्ट आने पर बरती जाने वाली सावधानियों और सीपीआर की बारीकियों से सब को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद कार्डियक अरेस्ट के मामलों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। आज कल जॉगिंग और डांस करते समय भी लोगों को कार्डियक अरेस्ट हो रहा है। ऐसी घटनाओं में देश के विभिन्न हिस्सों में कई लोगों की जान भी जा चुकी है। ऐसे समय में सीपीआर देने की जानकारी अधिक से अधिक लोगों को होनी चाहिए। बताया कि कार्डियक अरेस्ट के मरीज के लिए पहला तीन मिनट गोल्डन टाइम होता है। अगर नौ मिनट तक मस्तिष्क को ऑक्सीजन नहीं मिले तो व्यक्ति ब्रेन डेथ का शिकार हो सकता है। इस समय मरीज को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) दिया जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है। डॉ. द्विवेदी ने बताया कि सीपीआर एक मेडिकल थेरेपी की तरह है। इससे हार्ट अटैक आने पर मरीज को सीपीआर देते हुए अस्पताल पहुंचाया जाता है। सीपीआर तब तक देते रहना चाहिए जब तक एंबुलेंस न आ जाए या मरीज अस्पताल या विशेषज्ञ चिकित्सक के पास नहीं पहुंच जाए। ऐसा करने से मरीज के बचने की संभावना बहुत बढ़ जाती है।

जिला भाजपा ने बिहार प्रदेश पदाधिकारियों को दी शुभकामनाएं

भाजपा भागलपुर ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी द्वारा घोषित प्रदेश टीम में जगह पाने वाले सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं। भाजपा के जिला अध्यक्ष संतोष साह ने बिहार भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई व उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दिया है उन्होंने कहा की मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रदेश की नई टीम पूर्ण ऊर्जा व दृढ़ संकल्प के साथ वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव व वर्ष 2025 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक विजय के मार्ग को प्रशस्त करने में अपनी भूमिका का निर्वाह करेगी।

जिलाधिकारी ने किया मेरी माटी, मेरा देश अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ

➲शहीदों के स्मारक शिलापट्ट पर पुष्प अर्पित किए।

वाराणसी। बुधवार को प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में मेरी माटी, मेरा देश अभियान कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस अवसर पर जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों के अलावा लोगों ने पंच प्रण की शपथ ली। जनपद स्थित सभी सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों औद्योगिक व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों सहित सभी गांवों, ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, ब्लॉक, छावनी, परिषदों आदि स्थानों पर लोगों ने विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने व गुलामी की मानसिकता से मुक्ति के लिए हर संभव प्रयास करने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने और इसके उत्थान के लिए हमेशा कार्य करते रहने, देश की एकता और एकजुटता के लिए सदैव प्रयास करते रहने, राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों व दायित्वों का पालन करने तथा देश के गौरव के लिए प्राण देने वाले वीरों से प्रेरित होकर राष्ट्र की रक्षा, सम्मान और प्रगति के लिए समर्पित रहने के पंच प्रण की शपथ ली। जिलाधिकारी एस. राजलिंगम तथा मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने करखियांव मिनी सचिवालय भवन में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अवसर पर 24 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। उन्होंने शहीदों के स्मारक शिलापट्ट पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि हम देशवासियों को अपने देश की मिट्टी का सम्मान करना चाहिए। हमारे देश के वीरों ने अपने आप को देश पर बलिदान कर दिया। जिससे आज हम उनको स्मरण कर रहे हैं। उन्होंने विकसित भारत के निर्माण में अपनी जिम्मेदारी निभाने और इसके उत्थान के लिए हमेशा कार्य करने की पंच प्रण की लोगो को शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी तथा एसडीएम पिण्डरा द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण का संदेश भी लोगों को दिया गया। इस दौरान ग्राम पंचायतों में भी अमृत सरोवर व अन्य स्थानों पर लगाये गये शिलाफलकम पर पुष्प अर्पित किया गया। जिस पर बायी तरफ ऊपर आजादी के अमृत महोत्सव का विजन, मध्य में प्रधानमंत्री का संदेश एक-एक दिन, समय का प्रत्येक क्षण, जीवन का प्रत्येक कण, मातृभूमि के लिए जीना और तभी आजादी के दीवानों को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी का सहित दाहिनी तरफ ग्राम पंचायतो में ऐसे व्यक्ति जो भारतीय सेना, पैरामिलिट्री फोर्स, उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्य के दौरान शहीद हुए हैं, उनका नाम सहित विवरण उल्लिखित हैं। अमृत वाटिकाओ में पौधे भी लगाए गये।

आरएसएस के अनुषांगिक संगठन मातृशक्ति समन्वय द्वारा विभाग स्तरीय सम्मेलन आयोजित

दैनिक शुभ भास्कर

सुभाष चंद्र झा/ सहरसा शहर के डी बी रोड स्थित पूजा बैंक्विट हॉल में मंगलवार को मातृशक्ति समन्वय के द्वारा विभाग स्तरीय मातृशक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मातृशक्ति समन्वय की राष्ट्रीय संयोजिका महाराष्ट्र से मीनाक्षी पेशवे, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा के सिंडिकेट सदस्य डॉ पूनम सिंह, पूर्व प्राध्यापिका पटना वूमेंस कॉलेज की किरण घई और इस कार्यक्रम की विभाग संयोजिका लाजवंती झा ने दीप प्रज्वलित करके किया।मंच का संचालन कार्यक्रम संयोजिका लाजवंती झा ने किया।उद्घाटन सत्र में भारत का महिला विषयक चिंतन पर महिला समन्वय की अखिल भारतीय संयोजिका मीनाक्षी ताई पेशवे के द्वारा विषय रखा गया।वही प्रांत महिला समन्वय संयोजिका पूनम सिंघनकी ने कार्यक्रम की प्रस्तावना विस्तार से रखा जिसमें पूर्व प्राचार्य रेणु सिंह ने प्रथम सत्र में विचार रखा।इस अवसर पर महापौर बैन प्रिया ने अध्यक्षीय भाषण दिया।इस कार्यक्रम मे कानूनी समस्या (प्रश्न एवं करणीय कार्य) पर गट प्रवर्तक निशा झा ने अपने विचार रखी।द्वितीय सत्र में स्थानीय महिला की स्थिति पारिवारिक और सामाजिक दायित्व बोध (प्रश्न एवं करणीय कार्य) समस्या और समाधान के विषय पर गट प्रवर्तक डॉ मंजु श्री वात्स्यायन के द्वारा चर्चा किया गया।

जिला शिक्षा परियोजना कार्यालय कैमूर में चल रहा है बड़ा खेल

कैमूर । जिला शिक्षा परियोजना कार्यालय कैमूर भभुआ के पुरे जनपद के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के कर्मचारी दहशत में जी रहे हैं। कि कब किसका ट्रांसफर कहां हो जायेगा कोई नहीं जानता है। इसी बात को लेकर जिले के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में चर्चा का विषय बना हुआ है । फिर सन् 2019 के तर्ज पर 2023 में कस्तूरबा कर्मियों का प्रतिनियुक्ति सारे नियमों को ताक पर रख कर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (एस एस ए) द्वारा इधर से उधर धड़ाधड़ किया जा रहा है। ऐसा ही दौर बिगत वर्ष 2019 में तत्कालीन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी यदुवंश राम द्वारा किया गया था। उन कर्मचारियों का प्रतिनियुक्ति चार साल होने के बाद भी नहीं रद्द किया गया है।उसी तर्ज पर वर्तमान जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अक्षय कुमार पाण्डेय द्वारा भी विगत 11जुलाई को कस्तूरबा कर्मियों की प्रतिनियुक्ति कुमारी आशा सिंह को रामगढ़ से भगवानपुर कस्तूरबा विद्यालय में तथा कल्पना कुमारी का भगवानपुर से रामगढ़ विद्यालय में ट्रांसफर किया गया है। एवं गोविन्द प्रसाद रात्रि प्रहरी का प्रतिनियुक्ति चांद कस्तूरबा विद्यालय से भगवानपुर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नियम विरुद्ध किया गया है। जबकि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का ट्रांसफर कहीं नहीं होता है। जबकि राज्य शिक्षा परियोजना के नियमावली में कहीं भी प्रतिनियुक्ति करने का प्रावधान का नहीं उल्लेख किया गया है।मगर कैमूर जिला के जिला शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी (एस एस ए) द्वारा हेरा -फेरी का कार्य किया जा रहा है। कैमूर शिक्षा परियोजना का इतिहास रहा है कि विगत वर्ष 2020 में दुर्गावती कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की शिक्षिका टिंकू कुमारी का मामला पुरे जनपद ही नहीं राज्य शिक्षा परियोजना पटना के भी संज्ञान में है।उस समय पुरा कैमूर शिक्षा विभाग ही शर्मसार हो गया था। जिसमें तत्कालीन जिला जेंडर कोआर्डिनेटर सतेन्द्र कुमार, एवं जिला लेखापाल विजय कुमार को दोषी पाए जाने पर तत्कालीन जिलाधिकारी महोदय के आदेश पर दोनों लोगों के खिलाफ निलम्बित कर दिया गया था। मगर फिर तीन वर्ष बाद कस्तूरबा कर्मियों को फिर एक बार इधर से उधर करने का शिलशिला शुरू है। जबकि विगत 2019 के प्रतिनियुक्त कर्मियों की प्रतिनियुक्ति रद्द कर के उनके मूल विद्यालयों पर नियुक्त करने का कार्य जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अक्षय कुमार पाण्डेय द्वारा नहीं किया जा रहा है।

महिला व्यापार मंडल ने किया नवागत संयुक्त पुलिस आयुक्त का स्वागत

वाराणसी। बुधवार को महिला व्यापार मंडल ने नवागत संयुक्त पुलिस आयुक्त डॉ. के एजीलरसन का पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत व अभिनंदन किया। बता दें कि डॉ. के एजिलरसन 2004 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वे यूपी 112 में पुलिस महानिरीक्षक के पद पर तैनात रहे हैं। उन्हें वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस में संयुक्त पुलिस आयुक्त बनाया गया है। जिन्होंने कार्यभार संभालने के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इसी कड़ी में वाराणसी महिला व्यापार मंडल की अध्यक्ष सुनीता सोनी महिला व्यपार मण्डल व लक्सा युवा व्यापार मण्डल के सदस्य गणों के साथ नवागत संयुक्त पुलिस आयुक्त से ससम्मान भेंटवार्ता की। साथ ही पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर काशी की जनता व व्यापार मंडल की तरफ से स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान मुख्य रूप से महिला व्यापार मंडल सुनीता सोनी, युवा लक्सा व्यापार मंडल अध्यक्ष गुलशन यादव, उपाध्यक्ष राजू सोनी, अश्विनी यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

मिर्जामुराद पुलिस ने 3 अन्तर्जनपदीय चोरों को किया गिरफ्तार, चोरी की 3 मोटर साइकिल हुई बरामद

वाराणसी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मिर्जामुराद पुलिस ने चोरी की 3 मोटर साइकिल के साथ भोरकला गांव के पास से अभियुक्त विजय कुमार उर्फ चन्दन, अटल शेट्टी, शैलेश उर्फ अंकित को गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय कुमार उर्फ चंदन, निवासी ग्राम पतलूकिया थाना चुनार जनपद मिर्जापुर जिसकी उम्र 34 वर्ष है, अटल शेट्टी, निवासी ग्राम बगहा थाना कछवां जिला मिर्जापुर की उम्र 22 वर्ष है, इसके अलावा शैलेश कुमार उर्फ अंकित निवासी ग्राम सूरहन थाना चौरी जनपद भदोही का रहने वाला है जिसकी उम्र 22 वर्ष है। इनके पास से होंडा शाइन मोटर साइकिल नं0 यूपी 63 एए 2397, मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स नं0 यूपी 66 एसी 5073 और हीरो स्पलेण्डर नं0 यूपी 63 एन 2454 कलर ब्लैक बरामद हुई। पुलिस के अनुसार इन पर मिर्जामुराद और चुनार थानों में मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में मिर्जामुराद पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

चितईपुर क्षेत्र में हुआ यूनिवर्सल ब्यूटी पार्लर का उद्घाटन

वाराणसी। बुधवार को नगर के चितईपुर थाना क्षेत्र में चौराहे के समीप यूनिवर्सल ब्यूटी पार्लर का उद्घाटन नेशनल इक्वल पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष वंदना सिंह के कर कमलों से हुआ। बता दें कि उक्त प्रतिष्ठान की मालिक मशहूर मॉडल पूनम जी हैं। पूनम ने प्रतिष्ठान के संबंध में जानकारी साझा करते हुए बताया कि उक्त ब्यूटी पार्लर में सौंदर्य से संबंधित आधुनिक उपकरण व योग्य स्टाफ का समायोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि अत्यंत कम दर पर बेहतर सर्विस देने वाला यह प्रतिष्ठान निश्चित तौर पर क्षेत्रीय महिलाओं को पसंद आयेगा। क्षेत्र की महिलाओं में भी ब्यूटी पार्लर खुलने को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। इस दौरान नगर की प्रतिष्ठित हस्तियां भी उद्घाटन के दौरान मौजूद रहीं।

गुठनी- जातीय जनगणना के तहत शिक्षक कर रहे हैं डाटा एंट्री

गुठनी। प्रखंड स्थित बीआरसी परिसर में जातीय जनगणना के तहत डाटा एंट्री का काम किया जा रहा है। इस दौरान बीडीओ डॉक्टर संजय कुमार, बीईओ तारकेश्वर गुप्ता, बीपीआरओ कुमार कार्तिकेय लगातार जातीय जनगणना में लगे कर्मियों और अधिकारियों से संपर्क में है इस दौरान स्थानीय अधिकारी कर्मियों से राज्य सरकार और जिले के वरीय अधिकारियों से मिले निर्देशों पर काम करने का निर्देश देते हुए दिखाई दिए। मिली जानकारी के अनुसार डाटा एंट्री के लिए 180 प्रगणक, 34 पर्यवेक्षक 4 नोडल अफसर, 6 मास्टर ट्रेनर और 6 कार्यपालक की तैनाती की गई है वहीं मंगलवार की दोपहर तक जातीय जनगणना के तहत होने वाली डाटा एंट्री का काम चल रहा था जबकि बीच-बीच में नेटवर्क में गड़बड़ी की वजह से कई कर्मियों का काम नहीं कर रहा था

सुरक्षा

आयोजन पवित्र महीना सावन के उपलक्ष में प्रत्येक मंगलवार को भंडारा का आयोजन किया जा रहा है।

भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन एवं देवकी फाउंडेशन के द्वारा चौथा मंगलवार को भंडारा का आयोजन

सावन 2023 के हार्दिक शुभकामनाएँ

दरभंगा रेलवे स्टेशन परिसर में मंगलवार को भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन एवं देवकी फाउंडेशन और होटल ए पी पैलेस द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया। यह आयोजन पवित्र महीना सावन के उपलक्ष में प्रत्येक मंगलवार को भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें चौथा भंडारा का आयोजन किया गया भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष ललित यादव देवकी फाउंडेशन एवं होटल ए पी पैलेस के नेतृत्व में यह आयोजन किया गया। इस भंडारा में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार, प्रदेश सचिव मोहम्मद इम्तियाज, जिला अध्यक्ष प्रिंस परवेज, जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ विनीत अठवानी ,सदस्य कासीफ , अभय कुमार इस नेक काम में सहयोगी के रुप में उपस्थित रहे।

आगामी विषहरी पूजा को लेकर शहर में शांति सद्भाव बनाए रखने को लेकर गांधी शांति प्रतिष्ठान केंद्र में शांति समिति की बैठक की गई !

रिपोर्ट शैलेन्द्र कुमार गुप्ता

भागलपुर। बैठक की अध्यक्षता सहायक कमांडेंट आर ए एफ 144 अल्फा के अभिषेक कुमार ने की ! स्वागत गांधी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र गुप्ता ,संचालन तकी अहमद जावेद और धन्यवाद महबूब आलम ने किया ! बैठक की अध्यक्षता करते हुए अभिषेक कुमार ने कहा कि हमारा यह बटालियन आर ए एफ 144 अल्फा है हम 3 दिनों से भागलपुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में घूम रहे हैं आज तातारपुर थाना के शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक की और यह जानने का प्रयास किया कि हमारी बटालियन शांति और सद्भाव के कार्य को कैसे तेजी से कर सकती है और उसमें यहां के लोग हमारे लिए कितने सहायक हो सकते हैं, इस पर हमने अध्ययन किया है! उन्होंने बताया कि यहां की शांति समिति के सदस्य काफी सक्रिय और मुस्तैद हैं लोगों के साथ इनका जुड़ाव है और समाज में शांति अमन के लिए संकल्पित है! इस बैठक में तातारपुर थाना अध्यक्ष श्रीकांत चौहान ललमटिया थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार, विश्वविद्यालय थाना प्रभारी दिलशाद के साथ साथ शांति समिति के सदस्यों के अलावे विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे ! वही बैठक के बाद सहायक कमांडेंट आर ए एफ 144 अल्फा के अभिषेक कुमार के नेतृत्व में तातारपुर और विश्वविद्यालय थाना के क्षेत्रो में फ्लैग मार्च भी निकला गया ! वही दूसरी ओर मोजाहिदपुर थाना से भी विषहरी पूजा को लेकर फ्लैग मार्च निकला गया ! जिसमें रैपिड एक्शन फोर्स डीएसपी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च मुजाहिद पुर थाना से लेकर जर्लाही होते हुए गुरहट्टा चौक होते हुए वापस मोजाहिदपुर थाना में समाप्त किया।

ख़ास ख़बर

संघर्षशील व्यक्तित्व और जद यू के राज्य उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुशवाहा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को देश का भाग्य विधाता कहा

मोतिहारी 9 अगस्त अशोक वर्मा। आदापुर के बथुअहिया गांव निवासी संघर्षशील व्यक्तित्व वीरेंद्र प्रसाद सिंह कुशवाहा 1971 में आदापुर क्षेत्र में गरीबों के मसीहा के रूप में उभरे। उन्होंने दमन ,उत्पीड़न, आदि के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ी ,परिणाम हुआ कि आपातकाल में इन पर डीआईआर लगा और 6 माह तक जेल में रहे ।कई गलत मुकदमों में इनको फंसाया भी गया । सत्य की जीत होती है, यह कहावत इन के साथ चरितार्थ हुआ ।इनपर लदे सभी मुकदमे धीरे धीरे समाप्त हुए। सन् 2000 ईस्वी में ये अपनी सेवा और संघर्ष के बदौलत निर्दलीय विधायक के रुप में आदापुर विधानसभा क्षेत्र से विजई होकर । लालू प्रसाद की सरकार को समर्थन दिया परिणाम यह हुआ कि लालू जी ने इनको शिक्षा राज्य मंत्री बनाया।इस तरह से संघर्ष को मंजिल मिली और बहुत कुछ सेवा करने का मौका मिला। अपने कार्यकाल में इन्होंने शिक्षा जगत में बहुत से ऐसे काम किये जिसपर किसी भी मंत्री ने ध्यान नही दिया ।चाहे वह शिक्षक बहाली हो या शिक्षा में गुणवत्ता का मामला हो, दोनों क्षेत्र को इन्होंने सुदृढ़ किया ।समय बदलता गया और वीरेंद्र कुशवाहा पूर्व विधायक के रुप में पार्टी को समर्थन देते रहे। अभी कुछ दिनों पहले जब उपेंद्र कुशवाहा के जदयू छोडी उसके बाद जदयू के कुशवाहा वोट बैंक को तोड़ने का प्रयास हुआ लेकिन सफलता नही मिली। बिहार में कुशवाहा जाति मे बहुत से ऐसे मजबूत स्तंभ है जिनके कारण कुशवाहा समाज नहीं बंट पाया बल्कि और हीं मजबूत हुआ।इधर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वीरेंद्र कुशवाहा को तीन जिले का कुशवाहा राजनीतिक चेतना मंच का प्रभारी बनाया है। पूर्व मंत्री वीरेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने समाज को गोलबंद करने का मुहिम चलाया ।पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण जिले के साथ-साथ बगहा पुलिस जिला में भी इन्होंने वृहत बैठक की। कुशवाहा समाज को मजबूती प्रदान करने का उन्होंने लगातार मुहिम चलाया ।सभी प्रखंडो का दौरा करके कुशवाहा समाज के समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया ,और आज भी इस कार्य को वीरेंद्र कुशवाहा बखूबी निर्वाहन कर रहे हैं।श्री कुशवाहा जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं। श्री कुशवाहा आज भी अपने संघर्ष के दिनों को नहीं भूले हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश जी का मैं सिपाही हूं और उनके ईमानदार कार्य का मैं कायल हूं। उन्होंने यह भी कहा कि नीतीश बाबू समर्पित कार्यकर्ताओं के बड़े पारखी हैं ।

बहरहाल वीरेंद्र कुशवाहा जिनका उत्तर विहार मे मजबूत जनाधार है,को संगठन की बडी जिम्मेदारी देकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दूरदर्शिता का परिचय दिया है।वीरेंद्र कुशवाहा संघर्ष से निकले एक मजबूत जमीनी नेता है।इसके साथ -साथ अच्छे संगठनकर्ता भी है,इसका लाभ आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव मे निश्चित हीं जदयू को मिलेगी।

सांसद जयंत सिन्हा ने झारखण्ड में जलापूर्ति की समस्या पर सदन का ध्यान करवाया आकृष्ट

हम सभी अवगत हैं कि लोकसभा का मानसून सत्र चल रहा है। सांसद सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हज़ारीबाग लोकसभा का नेतृत्व कर रहे हैं। वे सदन में देश, झारखण्ड व हज़ारीबाग एवं रामगढ़ से जुड़े अनेक मुद्दे उठा रहे हैं। सांसद जयंत सिन्हा ने लोकसभा में नियम 377 के तहत झारखण्ड में जलापूर्ति की समस्या के गंभीर मामले पर सदन का ध्यान आकृष्ट करवाया है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में जेएमएम-कांग्रेस सरकार जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के तहत ग्रामीण आबादी को नल का पानी उपलब्ध करवाने में बेहद ख़राब प्रदर्शन कर रही है। जल राज्य का विषय है और इसलिए घरों में नल का पानी उपलब्ध करवाने के लिए जल सम्बन्धी योजनाओं को लागू करवाने की प्राथमिक ज़िम्मेदारी संबधित राज्य या केंद्र शासित प्रदेश की है। जुलाई, 2023 तक झारखण्ड में केवल 39.02 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों ने नल कनेक्शन की सूचना दी है। इसे परिप्रेक्ष्य में रखें तो झारखण्ड में 37 लाख से ज्यादा ग्रामीण घरों में नल के स्वच्छ पानी का कनेक्शन नहीं है। इसकी तुलना में गुजरात और हरियाणा जैसे राज्यों में जल जीवन मिशन के तहत 100 प्रतिशत नल कनेक्शन हैं। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि ऐसे समय में जब हमारा देश दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और विश्व गुरु बनने के लिए तैयार है, वहां झारखण्ड राज्य अपनी ग्रामीण आबादी को घरों में नल का पानी उपलब्ध करवाने में भी असमर्थ है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि वे जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए राज्य सरकार को सख्त निर्देश दे।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बाबूगांव में विधायक निधि के सामुदायिक हॉल का विधायक मनीष जायसवाल ने लिया लोकार्पण

मोतिहारी बुधवार को स्थानीय विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, बाबुगांव, कोर्रा, हजारीबाग में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के विधायक निधि की राशि 12 लाख़ रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक हॉल का विधिवत लोकार्पण बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने किया ।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मनीष जायसवाल, गंगा दुबे, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ.ब्रज कुमार, सचिव राम बहादुर सिंह, भाजपा पूर्वी नगर मंडल अध्यक्ष सह पूर्व वार्ड पार्षद पंकज कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रुप दीप प्रज्वलन कर एवं पुष्पांजलि के पश्चात माता सरस्वती की वंदना के साथ किया। मौके पर विद्यालय के

प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने अतिथियों का परिचय एवं स्वागत सम्मान अंग- वस्त्र एवं श्रीफल भेंट कर किया गया। विद्यालय के बहनों द्वारा अतिथियों का स्वागत गीत प्रस्तुत कर अभिनंदन किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अध्यक्ष डॉ. ब्रज कुमार ने विद्यालय कि वृत्त प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय बाबुगांव, कोर्रा चौक में महज़ 25 भैया- बहन से किराए के मकान पर प्रारंभ हुआ था जहां आज आज लगभग 500 भैया- बहन अध्यापन कर रहे हैं। यह विद्यालय झारखंड अधिविध परिषद से मान्यता प्राप्त है। माध्यमिक परीक्षा में शत - प्रतिशत उत्तीर्ण होते हैं। यहां के कई भैया- बहन सरकारी प्रशासनिक पद पर भी कार्यरत हैं। गंगाधर दूबे ने अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम सभी को आशीर्वचन दिया उसके बाद उन्होंने कहा की सौभाग्य की बात है कि यह विद्यालय अच्छे एवं बुद्धिजीवी वर्गों के हाथों में है। यह विद्यालय आदर्श बना रहे और आगे बढ़ते रहें इसकी शुभकामनाएं भी उन्होंने दिया। कक्षा सप्तम की बहनों द्वारा एक गीत प्रस्तुत किया जिसका जिसका बोल, बूंद- बूंद मिलकर बनकर लहर- लहर बने सागर... जिसे उपस्थिति लोगों ने खूब सराहा । मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि यह नवीन सभागार के लिए आप सबों को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने कहा की जब मैं पहली बार विद्यालय में आया था उस समय यह विद्यालय प्रारंभिक अवस्था में था, लेकिन आज युवा अवस्था में हैं। आज जब चारों तरफ से भारतवर्ष की संस्कृति पर कुठाराघात हो रहा है ऐसे समय में अपनी भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्र भावना का भाव विद्यार्थियों में ओतप्रोत हो और गुनवत्त शिक्षा का अलख जगे इसके लिए ऐसी यह विद्यालय एक अच्छा प्लेटफार्म स्थापित कर रहा है। यहां की सबसे अच्छी संस्कार युक्त विद्या हैं। उन्होंने कहा की आनेवाले सत्र 2024-25 में पुनः विधायक निधि की राशि से दो कक्षा कक्ष बनाने का प्रयास करुंगा। विधायक मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर समाज में भारतीय संस्कृति और सभ्यता को सहेज ते हुए समाज में गुणवत्त शिक्षा प्रदान कर अशिक्षा रूपी अंधकार को मिटाने में अतुलनीय भूमिका निभा रहा है। ऐसे संस्थान के लिए कुछ सहयोग कर पाना हमारे लिए सुखद अनुभूति है। धन्यवाद ज्ञापन राम बहादुर सिंह ने किया । मौके पर विषेश रूप से युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा, लखन खंडेलवाल, अमरदीप सिंह, हरि शंकर सिंह, शैलेन्द्र कुमार गुप्ता, भाजपा नेत्री सत्यभामा, डॉ मधुर मोहन, पम्मी देवी, राजेश कुमार पाण्डेय, प्रधानाचार्य, रामनगर, प्रफुल्ल प्रसाद सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें । कार्यक्रम को सफल बनाने में राज कुमार सिंह, रविकांत पाठक, पिंटू कुमार राय, रिंकी कुमारी, विवेक कुमार, शिव शरण ठाकुर, मुकेश कुमार सिन्हा, रेवत लाल प्रसाद, सचिन कुमार पाण्डेय, आनन्द किशोर प्रजापति, अर्चना सिन्हा, अल्पना सिन्हा, रवीन्द्र कुमार, पवन कुमार गुप्ता, सुनील सौरभ, वीरेन्द्र मिश्रा, राहुल कुमार पाण्डेय, निखत प्रवीण, गौरीशंकर प्रसाद सहित अन्य लोगों ने सराहनीय भूमिका निभाई ।

अगस्त क्रांति दिवस पर नगर के शहीद स्मारक मे जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा सामूहिक माल्यार्पण कर शहीदों को नमन किया गया

मोतिहारी /अशोक वर्मा जिला ब्यूरो प्रमुख । पूर्वी चंपारण जिला कांग्रेस कार्यालय,बंजरिया पंडाल में जिलाध्यक्ष ई0 शशिभूषण राय ऊर्फ गप्पु राय के द्वारा अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन की स्मृति में अगस्त क्रांति दिवस पर देश की आजादी के लिए सर्वस्व बलिदान करने वाले अमर स्वतंत्रता सेनानियों एवं आजादी के महानायक शहीदों को बंजरिया पंडाल स्थित शहीद स्मारक में दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। उस अवसर पर शहीद स्मारक से सटे गांधी की मूर्ति पर सामूहिक रूप से पुष्प अर्पण कर बापूको नमन किया गया । श्रद्धांजलि अर्पित करतें हुये जिलाध्यक्ष ने कहा कि साल 1942 में 8अगस्त को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी ने बंबई अधिवेशन में महात्मागांधी के नेतृत्व में अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन शुरू करने का संकल्प पारित किया था। इसके अगले दिन 9 अगस्त के देश भर के लोग इससे जुड़ गए थे और इस आंदोलन ने तुरंत ही जोर पकड़ लिया था।इसी दिन महात्मा गांधी ने ÷करो या मरो का नारा दिया था और महात्मा गांधी जी के इस आंदोलन से ब्रिटिश सरकार में दहशत का माहौल बन गया था। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस आंदोलन की शुरुआत होते ही कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सभी सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि महात्मा गांधी को अहमदनगर किले में नजरबंद कर दिया गया था। साथ ही अंग्रेजों ने कांग्रेस को गैर सरकारी संस्था भी घोषित कर दिया था और अहिंसा के इस आंदोलन में अंग्रेजों की निर्ममता से करीब 940 लोगों की मौत हुई थी। जबकि 1630 लोग घायल हुए थे। वहीं 60 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया था। लेकिन इस आंदोलन ने पुरे देश को एकजुट कर दिया जो आजादी की लड़ाई में निर्णायक साबित हुआ । जिला अध्यक्ष ई0 गप्पु राय ने घोषणा की कि आज इसी अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों के साथ गाँव गाँव आमजनों के बीच जाकर संपर्क करूंगा। जैसे अंग्रेजों के तानाशाही और जूर्म के खिलाफ इसी कांग्रेस पार्टी के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के नेतृत्व में अगस्त क्रांति दिवस की शुरूआत किया गया। वैसे हीं अंग्रेजों की तरह यह मोदी सरकार आमजनता पर तानाशाही और जूर्म कर रही हैं। गैस,पेट्रोल, डिजल, खाद्य पदार्थ, दवा महंगाई असमान छू रहा हैं। 70 साल में जो भी देश की पूंजी बनी थी मोदी जी उसे बेच रहे है।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से 2014 तक 14 प्रधानमंत्री हुए थे और उनके कार्यकाल में देश पर 55 लाख करोड़ रूपये का कर्ज था लेकिन अकेले मोदी सरकार के 09 साल के कार्यकाल में देश पर 155 लाख करोड़ रूपया का कर्ज हो गया है। मतलब आजादी के बाद से 2014 तक हर भारतीय पर 42 हजार रूपये का कर्ज था मोदी सरकार के 09 सालो में हर भारतीय पर 1.30 लाख रूपया कर्ज है। 25 हवाई अड्डे अपने करीबियो को बेंचे। 400 रेलवे स्टेशन अपने करीबी मित्रो को बेचे। 150 से भी ज्यादा रेल गाड़ी करीबी को बेच दिये। पूर्व जिलाध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ल ने कहा कि जिलाध्यक्ष ई0 गप्पु राय जी ने ÷प्रखंड भ्रमण सह सदस्यता अभियान कार्यक्रम का शुरूआत कर हर पंचायत से कम से कम एक हजार सदस्य एवं पूरे प्रखंड से कम से कम पच्चीस हजार सदस्यों को कांग्रेस पार्टी में जोडने का जो संकल्प लिया हैं

जन सुराज ने खेल प्रोत्साहन हेतू खेल क्लब का गठन किया

मोतिहारी 9 अगस्त, अशोक वर्मा पिछले साल 2 अक्टूबर को पश्चिम चंपारण के भितिहरवा गांधी आश्रम से पदयात्रा पर निकले प्रशांत किशोर की ख्याति राष्टीय स्तर पर हुई और बिहार के विकास के लिए उन्होंने नए विचार भी दिए। जनसुराज ने खेल को प्रोत्साहित करने के लिए क्लब का गठन करना आरंभ किया है, इसी कड़ी में नगर के मिसकौट मोहल्ला वार्ड संख्या 21 मे नवगठित जनसुराज खेल स्वराज क्लब की बैठक सौरभ वर्मा की अध्यक्षता में हुई ।जनसुरज क्लब के क्षेत्रीय प्रभारी अंकित कुमार ने क्लब के उद्देश्य पर विस्तार से बताया उन्होंने कहा कि कोई भी खेल अनुशासन एवं सामाजिक कर्तव्यबोध सीखाता है। खिलाड़ी हमेशा संवेदनशील और समाजसेवी होते हैं ।उन्होंने कहा कि अगर भविष्य में अपने खेल प्रतिभा से कोई आगे निकलने वाला कोई खिलाड़ी अगर चुनाव मैदान में उतरता है

मोतिहारी के महान युगल स्वतंत्रता सेनानी डॉक्टर लंबोदर मुखर्जी एवं उषा मुखर्जी

मोतिहारी अशोक वर्मा। स्वतंत्रता संग्राम में चंपारण जिले का स्थान बिहार में काफी ऊंचा रहा है । चंपारण जिले में एक से एक बढ़कर स्वतंत्रता सेनानी हुए। कई ऐसे भी स्वतंत्रता सेनानी हुए जिनके आंदोलन का क्षेत्र सिर्फ बिहार ही नहीं रहा बल्कि बंगाल ,संथाल परगना, उड़ीसा आदि भी रहा ।

आज भले ही देश में क्षेत्रवाद धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है महाराष्ट्र गुजरात एवं संपन्न प्रदेशों से बिहार और उत्तर प्रदेश के मजदूरों को निकालने का मुहिम भी समय-समय पर चला है लेकिन आजादी की लड़ाई में एक देश, एक विचार और एक संकल्प था और वह संकल्प था देश की आजादी का। उसी कड़ी में महान क्रांतिकारी सेनानी डॉक्टर लंबोदर मुखर्जी एवं उषा मुखर्जी का नाम आता है। डॉक्टर लंबोदर मुखर्जी का जन्म 1911 ईस्वी में मोतिहारी में हुआ था। वे उदयपुर पश्चिम बंगाल में अपने मामा के यहां जाकर पढ़ाई किये। मामा के यहां क्रांतिकारियों का अक्सर आना जाना होता था इसी दौरान कई क्रांतिकारियों के संपर्क में डॉक्टर लंबोदर मुखर्जी आए।

बाल्यकाल से हीं डा मुखर्जी बगावती एवं क्रांतिकारी तेवर के थे। युवावस्था आते आते उन्होंने संथाल परगना में आजादी की लड़ाई का नेतृत्व किया। तारकेश्वर मंदिर आंदोलन का कमान उन्होंने संभाला। उस समय देवघर में देशबंधु चितरंजन दास आए हुए थे उनके भाषण को सुनकर डॉक्टर लंबोदर मुखर्जी मे नई शक्ति भरी और वे देश के लिए समर्पित हो गए ।डॉ राजेंद्र प्रसाद के भी वे काफी करीब थे। 1927 में सत्यम सुंदरम आंदोलन और ड्ड्ढद्दह्द्ध1930-32 के नमक सत्याग्रह आंदोलन का नेतृत्व संथाल परगना में उन्होंने संभाला। 1937 में महाजनों के विरुद्ध लाल कुर्ता आंदोलन तथा उसी वर्ष महाजनों के खिलाफ और ईसाई मिशनरियों के खिलाफ जोरदार आंदोलन चलाया। 1938 एवं 40 में सत्याग्रह में गिरफ्तारी हुई और जेल गए ।1935 में जब संथाल आंदोलन आगे बढा तो काफी संख्या में महिलाएं उनके संगठन में शामिल हुई। इस दौरान महान क्रांतिकारी कन्या उषा रानी आंदोलन में शामिल हुई उन पर महिलाओं को संगठित करने और आंदोलन में भागीदारी की जिम्मेदारी दी गई । इस बीच डॉक्टर लंबोदर मुखर्जी और उषा रानी मुखर्जी परिणय सूत्र में बंधे ।दोनो आंदोलन का अलग-अलग मोर्चा संभालते रहे। 1940 में उषा रानी अपने दो अबोध बच्चों के साथ जेल गई। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में गिरफ्तार कर जेल भेजी गई ।उन पर आरोप लगा कि तीर धनुषधारी 600 संस्थालो को लेकर अंग्रेजों पर हमले की उनकी योजना थी ।1945 में रिहा होने के बाद डॉक्टर मुखर्जी और उषा रानी को संथाल परगना निकला घोषित किया गया ।1947 में डॉक्टर मुखर्जी विधायक बने। 19 47 में जब देश आजाद हुआ उसके बाद डॉक्टर मुखर्जी मोतिहारी में लगातार होम्योपैथिक प्रेक्टिस करने लगे। इस पैथ को सरकारी मान्यता दिलाने में डॉक्टर मुखर्जी का विशेष योगदान रहा। कुशल चिकित्सक के साथ-साथ डॉक्टर मुखर्जी मृदुल भाषी थे । व्यवहार कुशलता में उनका कोई जोर नहीं था ।उन्हें चार पुत्र हुए डॉक्टर देवाशीष मुखर्जी ,देवव्रत मुखर्जी,देव दत्त मुखर्जी,और देव प्रिया मुखर्जी।उन्हें 6 पुत्री हुई जिसमे डॉक्टर भारती, स्वाती बनर्जी ,जयंती बनर्जी, आरती बनर्जी अरुधंति बनर्जी और सुप्रिया गांगुली है। आरंभ में डॉक्टर मुखर्जी पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस का छाप था उन्हीं की तरह क्रांतिकारी तेवर के रहे लेकिन 1917 में चंपारण सत्याग्रह के बाद वे गांधी के करीब आ गए ।आजादी के बाद जीवन भर में कांग्रेसी रहे और चिकित्सा के माध्यम से आम लोगों की सेवा करते रहे ।1917 में जिस तरह महात्मा गांधी ने डॉक्टर लाल को बुलाकर जिले में चिकित्सा चिकित्सा सेवा कराया उनके अधूरे कार्य को डॉक्टर मुखर्जी आगे बढ़ते रहे। मरीजों की सेवा करना ,उन्हें आर्थिक मदद करना, मुफ्त में दवा देना यह उनका स्वभाव था। 2 जनवरी 1992 को उन्होंने इस नश्वर शरीर को छोड़ा। आज भी उन्हें लोग बड़े हीं प्रतिष्ठा और सम्मान के साथ याद करते हैं।

वर्षा रानी आई खुशियां साथ लाई, किसानों में खुशियां व्याप्त ,नगर निगम की पोल खुली

मोतिहारी,अशोक वर्मा। दो माह की प्रतीक्षा ने रंग लाई, रूठी वर्षा रानी मान गई, जिले में दूसरे दिन लगातार बारिश होती रही। खेत जो सुख रहे थे, धान के पौधे प्यास से तड़प रहे थे, वर्षा रानी ने सबको तृप्त किया और एक बार किसानों के चेहरे पर खुशियां लौट आई ।जिन लोगों ने खर्चीले पंपिंग सेट से पानी पटवन कर जैसे तैसे रोपनी किये थे उन लोगों के लिए चांदी रही और जो लोग हार थाक कर खेत को परती छोड दिये थे,वे बाजी हार गये। वर्षा रानी ने किसानों को तो खुश कर दिया लेकिन एक विभाग को दुखी कर दिया ,वह विभाग है नगर निगम । उसके खोखले वायदे, खोखले कार्य का पोल खुल गया। लोगों का जीना मुहाल हुआ ।पूरा शहर नरक हो गया है।शायद हीं कोई भी ऐसा मोहल्ला होगा जहां नाली उपटकर सड़क पर बह नही रहा हो।नाली से पानी का बहाव बंद है।चारो तरफ कीचड़ ही कीचड़ ,बदबू हीं बदबू है।पूरा शहर सड़ांध के बदबू से बजबजा गया है। सबसे बुरा हाल वर्तमान जानपुल से बेतिया रक्सौल जाने वाली सड़क का है ।

बधाइयां इन्हें ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जलपाईगुड़ी शतरंज में किशनगंज की धान्वी प्रथम एवम दिव्यांशु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया

किशनगंज (अली रजा) । जलपाईगुड़ी में बीते रविवार से प्रारंभ की गई एनबीसीए 25 वीं एनिवर्सरी मेगा रैपिड एजग्रुप शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेकर किशनगंज जिले की जूनियर शतरंज टीम वापस लौटी है। इस टीम के खिलाड़ियों में से शतरंज प्रशिक्षक कमल कर्मकार व श्रीमती दिव्या कर्मकार की पुत्री धान्वी कर्मकार अंडर-10 (बालिका) आयुवर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-18 आयुवर्ग में दिव्यांशु कुमार सिंह द्वितीय रहे। इन्हें ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

उपरोक्त जानकारी जिला शतरंज संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव तथा उक्त खिलाड़ियों के कोच कमल कर्मकार ने दी। उन्होंने बताया कि हमारे खिलाड़ी जलपाईगुड़ी, सिलीगुड़ी, धुपगुड़ी, मयनागुड़ी, अलीपुरद्वार, कूचबिहार, रायगंज , माल्दा, मुर्शिदाबाद, कोलकाता सहित कई अन्य क्षेत्रों से भाग लेने वाले 100 से अधिक खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा कर यह उपलब्धि हासिल की। जिला शतरंज संघ परिवार के मिथिलेश झा, श्रीमती रिंकी झा, आलोक कुमार, डॉक्टर शेखर जालान, विनीत अग्रवाल, सुनील कुमार अग्रवाल, सुनील जैन, डॉक्टर एम आलम, आसिफ इकबाल, रवि राय, डॉक्टर एम एम हैदर ,संजय किल्ला, मनीष कासलीवाल, डॉक्टर सौरभ कुमार ,मुनव्वर रिजवी, डॉक्टर शैलेंद्र ,अविनाश अग्रवाल ,कमोलिका चक्रबर्ती सारस्वत ,मंजू देवी दुग्गर , डॉक्टर नुसरत जहां ,राजेश कुमार दास, रूपेश कुमार झा सहित कई अन्य पदाधिकारी ने अपने खिलाड़ियों की इन उपलब्धियों पर उन्हें बधाइयां दी हैं।

अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस के अवसर पर संत कोलंबा महाविद्यालय द्वारा पौधा रोपा किया गया

मोतिहारी अंतरराष्टीय आदिवासी दिवस के अवसर पर संत कोलंबा महाविद्यालय के राष्टीय सेवा योजना इकाई एक के द्वारा पौधा रोपण का कार्य संपन्न किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ बिमल रेवन ने झारखंड के मूलनिवासी और उनके जल, जंगल, जमीन के प्रति प्रेम को बताते हुए कहा की हमें अपने मूल निवासी आदिवासी से सीख कर पेड़ पौधों के औषधीय गुण के बारे में जानना चाहिए ताकि आगे जाकर नहीं पीढ़ी को भी बता सके । राष्टीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर जयप्रकाश रविदास ने विश्व आदिवासी दिवस के आयोजन के इस अवसर पर कहां - एक तीर एक कमान, सब आदिवासी एक समान, आओ हम हाथ बढ़ाएं अपनों को अपने साथ लाएं। हम बनवासी नहीं आदिवासी हैं, भारत के मूल निवासी हैं।

ST. COLUMBA'S COLLEGE
HAZARIBAG
NATIONAL SERVICE SCHEME
UNIT - II
NOT ME, BUT YOU

आदिवासी संस्कृति और जीवन दर्शन, प्रकृति के प्रति प्रेम निश्चल ह्रदय से मानव - मानव के बीच, प्रेम पशु- पंछी जल, जंगल जमीन, पेड़, पौधे खेत खलिहान से नता रखने के लिए प्रेरणा देता है।अगर हम प्राकृतिक विभीषिका से आपदा से बचना चाहते तो आदिवासी संस्कृति से सीख लेने की जरूरत है। आज हम कहीं अतिवृष्टि कहीं अनावृष्टि कहीं बाढ़ कहीं भूस्खलन कहीं बर्फ का पिघलना आदी समस्याएं झेल रहे इससे बचने का एकमात्र उपाय आदिवासी संस्कृति और जीवन दर्शन को अपना कर ही संभव है। सांप्रदायिक सौहार्द और मानवी प्रेम अपनी भारतीय संस्कृति में विविधता में एकता का परिचायक है और तभी वसुधैव कुटुंबकम का सपना साकार होगा और नफरत का जहर उगलने वाले के प्रति कड़ी तमाचा होगी। इस अवसर पर संत कोलंबा महाविद्यालय के 125 वे सालगिरह पर 125 पौधे लगाने के संकल्प का का आज दूसरा कदम पूर्ण किया गया । अंतर्राष्टीय आदिवासी दिवस का कार्यक्रम सफल बनाने हेतु दल नायक - राहुल कुमार गुप्ता , कुमारी वर्षा रानी, खुशबू रानी, काजल , मुरारी , महक ,ख्याति, अभिषेक, अविनाश, भीम ,कृष्ण आदि स्व्यामसेवको का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

ख़ास ख़बर

फाइलेरिया उन्मूलन पर किया गया कार्यशाला का आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर

सकलडीहा चंदौली क्षेत्र के छत्रधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दयालपुर सदलपुरा बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से फाइलेरिया उन्मूलन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ अरुण कुमार सिंह ने किया मुख्य अतिथि चंदौली के पीसीआई के जिला समन्वयक डॉक्टर नर्मदा सिंह ने बताया कि फाइलेरिया हाथी पाव भारत के गांव में तेजी से फैल रहा है इसे समाप्त करने के लिए भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान में हम जुड़े तथा इसे जड़ से समाप्त करें प्रबंधक डॉक्टर अरुण कुमार सिंह ने कहा कि भारत और खुशहाल बनाने के लिए हमें फाइलेरिया को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लेना होगा इस अवसर पर नोडल प्रभारी डॉक्टर नंदलाल शहीद कैप्टन विजय प्रताप सिंह महाविद्यालय आवाजापुर से डॉक्टर मुकेश कुमार सकलडीहा पीजी कॉलेज से डॉक्टर राजेश कुमार शर्मा तथा महाविद्यालय के ऊप प्राचार्य प्रमोद कुमार सिंह कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र पटेल डॉ राकेश सिंह प्रतिश केसरी डॉक्टर अयरमा सिंह डॉ सुनील कुमार अर्चना मिश्रा अशोक सिंह तनु सिंह एवं सभी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सेविका उपस्थित रहे

समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सेक्टर स्तर पर जन चौपाल का आयोजन कर अगस्त क्रांति दिवस के रूप में मनाए

दैनिक शुभ भास्कर

सकलडीहा चंदौली क्षेत्र के समाजवादी पार्टी के यहां पर कार्यकर्ताओं ने बुधवार को सेक्टर स्तर पर जन चौपाल का आयोजन कर अगस्त क्रांति दिवस के रूप में मनाने का काम किया वहीं भाजपा के जनविरोधी नीतियों के अलावा सपा की नीतियों के प्रति लोगों को जागरूक करने का काम किया समाजवादी पार्टी के आहान पर देशभर में बुधवार को अगस्त क्रांति दिवस के रूप में मनाने का कम सपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया इसके तहत सेक्टर वसीला चांदपुर आलमपुर सदलपुरा सैदपुरा गंज ख्वाजा का जन चौपाल चंदौली खुर्द नसीरपुर सरेसर सैदपुरा डिग्गी में लगाया गया यह जन चौपाल अगस्त क्रांति दिवस के रूप में मनाने का काम सपा कोलकाताओं द्वारा किया गया इस दौरान जोन प्रभारी अरविंद यादव बबलू ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि भाजपा शासन काल में हर तरफ मंगाई बेरोजगारी दुराचार अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है सपा शासन काल में तमाम जन कल्याणकारी योजनाएं चला कर एक-एक लोगों को किसी न किसी योजना से जोड़ने का काम किया गया था मुख्य अतिथि पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव इंद्रजीत शर्मा ने कहा कि हम सभी लोगों को एकजुट होकर ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है ताकि प्रदेश और देश में अमन चैन लाया जा सके भाजपा शासन काल में जाति धर्म में बांट का देश फैलाने का काम किया जा रहा है इस मौके पर सेक्टर प्रभारी केदार यादव राजकुमार पप्पू रवि शंकर यादव रामनिवास मिश्रा जगदीश चौहान इदरीश अंसारी मोहम्मद अनीस उमाशंकर यादव दशरथ प्रधान रामविलास प्रधान कमरुद्दीन असरफ अली असरफुद्दीन राजेंद्र पाल रामचंद्र पाल सुरेंद्र यादव डॉ राजकुमार सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे

9 अगस्त क्रान्ति दिवस और विश्व आदि दिवस के रूप में मनाया गया

दैनिक शुभ भास्कर, बबुरी चंदौली...... बबुरी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बनौली कला में 9 अगस्त क्रांति दिवस और विश्व आदि दिवस के रूप में मनाया गया, जिसमें क्षेत्र के किसानों की सबसे जटिल समस्या बबुरी, से लिंक नहरों में पानी की समस्या का मुख्य मुद्दा है ,नहरों में सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकता और शाहपुर ग्राम सभा में आम्बेडकर बस्ती में रोड निर्माण, बनौली कला गाँव के मुख्य रोड पर पुल निर्माण कार्य और सिकरी में रोड सिंचाई का मुद्दा व विभिन्न आम जनमानस के मुद्दों पर चर्चा किया गया । इस मौके पर समाजवादी पार्टी ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द पासवान, ज्युतबन्धन विश्कर्मा, सतीश, शिवनरायन यादव ,शमसुद्दीन, जितेन्द्र, सत्येन्द्र प्रजापति, चैतू मौर्या, बैजू चौहान इत्यादि लोगों ने इस मुद्दे पर चर्चा किया।

दो वांछित गिरफ्तार

पीडीडीयू नगर (चंदौली) पुलिस अधीक्षक चंदौली अनिल कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध अंकुश लगाने के क्रम वह दिए गए निर्देश के अनुपालन में चकरघट्टा पुलिस ने दो वांछित अभियुक्त विकास कुमार वह अनिल कुमार को गिरफ्तार किया।जिनपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

शहीदों के सम्मान में निकली सौ मीटर लम्बा तिरंगा यात्रा

दैनिक शुभ भास्कर

पीडीडीयू नगर तिरंगा यात्रा 2023 न्यू ग्लोबल रिसर्च फाउंडेशन एवं पब्लिक इंटरेस्ट थिंकर्स असेंबली पिता टीम द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर वासियों के लिए भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा को दीन दयाल पाण्डेय कोतवाल मुगलसराय द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जो तिरंगा यात्रा नगर के दामोदरदास पोखरे से प्रारंभ होकर रेलवे स्टेशन के तिरंगा स्थल तक पहुची इस तिरंगामय यात्रा का मुख्य आकर्षण सौ मीटर लम्बा तिरंगा और इस तिरंगे के चारो ओर नगर जनता के बड़े बूढे, बच्चे, महिलाओं के हाथ तिरंगा ही तिरंगा रहा. अगस्त क्रांति विशेष पर आयोजित इस यात्रा में इस बार का आकर्षण और संकल्प भरा नारा रहा.

मान देश की घटने ना पाए!
जान भले ही जाए तो जाए!

देश की आन बान शान तिरंगा यात्रा में चन्दौली जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों क्रमशः रघुवंश राम उर्फ मड़ी जी के पुत्र विजय कुमार, राम प्रकाश शाह के पुत्र रंजन शाह, बी पी मिश्रा के पुत्र माधो मिश्रा और महादेव मिश्रा(समस्तीपुर) के माला झा (पोति)की इस तिरंगा यात्रा में शामिल हुई। पूरे यात्रा में देश भक्ति गीत और उदघोस होता रहा। यात्रा रेलवे स्टेशन डीडीयू पहुंचने पर वहा उपस्थित रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा जबरदस्त उद्घोष कर यात्रा में उपस्थित लोगों का उत्साह वर्धन किया गया। तत्पश्चात देश भक्ति गीत गाकर यात्रा को विराम से पूर्व जेथिन बी.राज वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डीडीयू मंडल को राष्ट्रीय ध्वज सौप कर कार्यक्रम को विराम दिया गया। सुरक्षा आयुक्त ने अपने उद्बोधन में कहा कि महान विभूतियों, शहीदों के सम्मान में आयोजित तिरंगा यात्रा सच्ची श्रद्धांजलि हैं, जिनकी वजह से आज हम सब खुली हवा में सांस ले रहे हैं, उनको शत शत नमन करता हूं। और आप सब से आग्रह करता हूं आप कभी भी इन महान विभूतियों को भूलना नहीं और इनको याद करते रहे। जय हिन्द इस तिरंगा यात्रा में परिर्वतन योगेश नई दिल्ली, सेवन डेज फाऊंडेशन, प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल, उत्तर प्रदेश पत्रकार परिषद, यूरेका इंटरनेशनल स्कूल, सिविल डिफेंस, स्टूडेंट पब्लिक स्कूल, निर्भया सेना, नन्द बॉक्सिंग एकेडमी, संस्थाओं ने सहयोग किया।

पुरानी पेंशन को लेकर शिक्षक बांधेगे काली पट्टी

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ चंदौली की मासिक बैठक यूपीएस चंदौली में आहूत की गई । जिसमे अनेक मुद्दे पर चर्चा के बाद संगठन का एक प्रतिनिधि मण्डल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिलकर शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण की मांग की ।

1- प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश के क्रम में आगामी 5 सितम्बर शिक्षक दिवस के अवसर पर पुरानी पेंशन की मांग के समर्थन में संगठन की तरफ से सभी शिक्षकों से आह्वाहन किया जाता है कि शिक्षक दिवस के दिन अपने बांह पर काली पट्टी बांध कर काले कानून एनपीएस का विरोध किया जाएगा और पुरानी पेंशन की लड़ाई को मजबूती के साथ लड़ा जाएगा ।

2- डेथ ग्रेच्युटी भुगतान में तेजी लाया जाए और कार्यालय अनावश्यक आपत्ति लगा कर शिक्षकों के मानसिक उत्पीड़न को बंद करे ।

3- आए दिन अध्यापकों के उत्पीड़न के लिए छद्म नाम और पते से शिकायत की जा रही है । पहले शिकायत कर्ता और शिकायत का शपथ पत्र लिया जाए फिर गुण दोष के आधार पर कार्यवाही की जाए इसे अध्यापक की आर्थिक और मानसिक उत्पीड़न का माध्यम नही बनाया जाए ।

4- निलंबन बहाली में अनेक विसंगति देखी जा रही है किसी का कुछ दिनों में बहाली हो रही है तो कई का महीनो प्रकरण जानबूझकर लंबित रखा जा रहा है । इस पर एक समान व्यवस्था लागू की जाए ।

ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति 45 वर्ष की मौत हो गई

शुभ भास्कर दैनिक / सैयदराजा चंदौली मंगलवार को रात्रि 9~30 बजे एक अज्ञात ट्रेन के चपेट में आने से 45 वर्षीय युवक की मौत हो गई मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 अब्दुल कलाम नगर निवासी 45 वर्षीय श्रवण कुमार बाजार से घर जा रहा था रेलवे क्रॉसिंग 72 बी को पार करने का प्रयास करने लगा इसी बीच ट्रेन के चपेट में आ गया मौके पर ही उसकी मौत हो गई ट्रेन गुजरने के बाद नगर वासियों का जमावड़ा लग गया सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया पुलिस लाशों को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई बताते चलें कि इसी क्रॉसिंग पर आरवओबई बनने के बाद रेलवे क्रॉसिंग के दोनों तरफ 10 फीट की दीवार खड़ी कर पूरी तरह से बंद कर दिया गया है इसके बाद इस क्रॉसिंग को पार करने के चक्कर में लगभग आधे दर्जन लोग अपनी जान गवा चुके हैं नगर वासियों ने क्रॉसिंग को पार करने के लिए फुट ओवरब्रिज की मांग की थी जिसे बनवाया तो जा रहा है

पैदल गस्त के साथ चलाया जा रहा चेकिंग अभियान

दैनिक शुभ भास्कर, पीडीडीयू नगर चुस्त-दुरुस्त कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत चन्दौली पुलिस के समस्त अधिकारी व थाना/चौकी प्रभारीगण द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ किया जा रहा सायंकाल पैदल गश्त,संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु व वाहनों की सघन चेकिंग के साथ आमजन व व्यापारियों से संवाद कर कराया जा रहा सुरक्षा का एहसास।पुलिस अधीक्षक चन्दौली डॉ अनिल कुमार के निर्देशन में चन्दौली जनपद में चाक चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा बालिका/महिला सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद के समस्त अधिकारी व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारीगण द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायंकाल पैदल गश्त किया जा रहा है,गश्त के दौरान प्रमुख मार्गो,चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति,वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की जा रही तथा इस दौरान आमजन को आश्वस्त कराया जा रहा है कि चन्दौली पुलिस शांति,सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है।

जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में जनपद में मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम का पूरे हर्षोल्लास के साथ शुभारंभ किया गया

दैनिक शुभ भास्कर आजादी के अमृत महोत्सव÷ के अन्तर्गत देश भक्तों को नमन करने और उनकी स्मृतियों को हृदय में सजोने और उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा ग्रहण करने, युवाओं को उनके बलिदान एवं देश भक्ति के बारे में बताने, हर वर्ग व हर समुदाय को अपने राष्ट्र के प्रति कृति संकल्पित करने के लिए पूरे देश में ÷मेरी माटी मेरा देश÷ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसीक्रम में आज जनपद चंदौली में भी इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्यालय, तहसील, ब्लाक एवं ग्राम स्तर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, सामान्य नागरिकों की भागीदारी के साथ, उल्लास एवं उमंग के साथ मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत आज जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने नियामताबाद प्राथमिक विद्यालय परिसर से अधिकारियों सहित स्कूली छात्रों व गणमान्य/आम जनता के साथ पंच प्रण की शपथ दिलायी। मै शपथ लेता हूँ कि, विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाऊॅगा, मैं शपथ लेता हूँ कि गुलामी की मानसिकता से मुक्ति के लिए हर संभव प्रयास करूंगा

मैं शपथ लेता हूँ कि देश की समृद्धि विरासत पर गर्व करूंगा और इसके उत्थान के लिए हमेशा कार्य करता रहूँगा। मैं शपथ लेता हूँ कि देश की एकता और एकजुटता के लिए सदैव प्रयासरत रहूँगा। मै शपथ लेता हूँ कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का पालन करूंगा। मैं शपथ लेता हूँ।

पड़ाव स्थित दाढ़ी एसडीएम एवं स्वास्थ्य महकमा ने निजी अस्पतालों पर की छापेमार कार्रवाई, दो हॉस्पिटल सीलबंद, मचा हड़कंप

शुभ भास्कर दैनिक / प्रदीप कुमार गुप्ता पड़ाव स्थित दाढ़ी एसडीएम के नेतृत्व में स्वास्थ्य महकमें के अधिकारियों द्वारा अवैध अस्पतालों के खिलाफ छापेमार कार्रवाई अमल में लाई गई। बता दें कि इस दौरान रजिस्ट्रेशन बिना संचालित दो निजी अस्पतालों को सीलबंद किया गया। प्रशासनिक अमला द्वारा छापेमार कार्रवाई के बाद निजी अस्पताल संचालकों में हड़कंप की स्थिति देखी गई। एसडीएम पीडीडीयू नगर अविनाश कुमार ने बताया कि डीएम के सख्त निर्देश के बाद अवैध हॉस्पिटलों के खिलाफ छापेमार कार्रवाई आरंभ है, अभियान जारी रहेगा।विदित हो कि डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने कल हुई समीक्षा बैठक में बिना पंजीकरण संचालित हॉस्पिटलों के खिलाफ सीलबंद किए जाने के सख्त निर्देश दिए थे। इसी क्रम में पीडीडीयू नगर अविनाश कुमार के नेतृत्व में उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी सीपी सिंह व प्रभारी नियामताबाद कुमार विमल समेत अन्य अधिकारियों द्वारा नर्सिंग होम और निजी अस्पतालों पर छापेमार कार्रवाई अमल में लाई गई।

पुलिस अधीक्षक द्वारा सैयदराजा वह अलीनगर थाने का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

दैनिक शुभ भास्कर/ पीडीडीयू नगर(चंदौली) पुलिस अधीक्षक चन्दौली अनिल कुमार द्वारा रात्रि भ्रमण के दौरान थाना सैयदराजा व अलीनगर का किया गया आकस्मिक निरीक्षण।इस दौरान दौरान थाना परिसर,थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क,माल खाना,बैरक,सीसीटीएनएस कार्यालय,भोजनालय आदि का निरीक्षण किया गया।थाना परिसर में उचित साफ सफाई न होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए बेहतर साफ सफाई हेतु थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया तथा लावारिस वाहनों को एम बी एक्ट में दाखिल करने व नियमानुसार टीम बनाकर जल्द से जल्द निस्तारण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया, माल खाने में एनडीपीएस आबकारी से सम्बन्धित बरामद माल को नियमानुसार निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।107/116 के प्रकरण में अधिक से अधिक पाबंध कराए जाने हेतु व 122 बी सीआरपीसी के तहत कार्रवाई कराने हेतु थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया।भोजनालय,शौचालय व बैरक में साफ-सफाई रखने तथा थाने के अंदर आने जाने वाले रास्तों में अधिक प्रकाश हेतु थाना प्रभारी को अविलंब लाइट लगवाने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही प्रत्येक बैरक में दो कूलर लगाने हेतु प्रतिसार निरीक्षक (आर0आई0)को निर्देशित किया गया। वांछित/वारंटियों की शत-प्रतिशत गिरफ्तारी करने व जनसुनवाई को और बेहतर बनाने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

देश की एकता व एकजुटता के लिए सदैव प्रयासरत रहने की ली शपथ

दैनिक शुभ भास्कर/ पीडीडीयू नगर(चंदौली)

आजादी का अमृत महोत्सव के समापन समारोह के अन्तर्गत सम्पूर्ण देश में उत्साह पूर्वक आयोजित किये जा रहे मेरी माटी मेरा देश एवं हर घर तिरंगा अभियान के क्रम में चन्दौली पुलिस के समस्त कार्यालयों,शाखाओं व थानों पर अधिकारी एवं कर्मचारीगण द्वारा पंचप्रण विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभानें, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति के लिए हर सम्भव प्रयास करने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व व उसके उत्थान के लिए हमेशा काम करने तथा देश की एकता व एकजुटता के लिए सदैव प्रयासरत रहने की शपथ ली गई।

कुल 349 जोड़ों के बीच कराया जा चुका है सुलह

पीडीडीयू नगर। पुलिस अधीक्षक चन्दौली डा अनिल कुमार के निर्देशानुसार महिला थाना/परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा प्रभारी निरीक्षक महिला थाना के नेतृत्व में छोटी-मोटी गलतियों/घरेलू विवादों के कारण बिछड़े दम्पतियों को मिलाकर दो परिवारों की खुशियों को पुनः वापस लाने का सार्थक प्रयास किया किया जा रहा है।उक्त के क्रम में दिन मंगलवार को 02 प्रकरणों में आवेदिका द्वारा विपक्षी अपने पति व परिजनों के विरुद्ध मारपीट व पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में दिये गये प्रार्थना पत्रों पर दोनों पक्षों को जरिये नोटिस/मोबाइल द्वारा सूचित कर महिला थाना/परिवार परामर्श केन्द्र अलीनगर पर तलब किया गया एवं परिवारजनों के साथ दोनों पक्षों को जीवन में परिवार का महत्व व मूल्यों के बारे में अथक प्रयास करके समझाया बुझाया गया।दोनों पक्ष आपसी सहमति एवं बिना किसी जोर दबाव के अपनी बीती हुई बातों/गलतियों को स्वीकार कर नये सिरे से पुनः पति/पत्नी की तरह एक दूसरे का सम्मान करते हुये रहने को तैयार हुये।महिला थाना/परिवार परामर्श केन्द्र से दम्पति के बीच पारिवारिक विवाद को समाप्त कराते हुये टूटते हुये रिश्ते को बचाते हुये पति/पत्नी को एक साथ परिवार में स्वजनों के साथ भेजा गया।बताते चले कि वर्ष -2023 में अब तक चन्दौली पुलिस द्वारा प्रभावी काउंसलिंग करते हुए किन्हीं कारणों/मनमुटाव की वजह से अलग रह रहे कुल 349 जोड़ों के बीच सुलह कराया जा चुका है।

संगठन तो कई का महीनो प्रकरण जानबूझकर लंबित रखा जा रहा है ।

पुरानी पेंशन को लेकर शिक्षक बांधेगे काली पट्टी

दैनिक शुभ भास्कर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ चंदौली की मासिक बैठक यूपीएस चंदौली में आहूत की गई । जिसमे अनेक मुद्दे पर चर्चा के बाद संगठन का एक प्रतिनिधि मण्डल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिलकर शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण की मांग की । 1- प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश के क्रम में आगामी 5 सितम्बर शिक्षक दिवस के अवसर पर पुरानी पेंशन की मांग के समर्थन में संगठन की तरफ से सभी शिक्षकों से आह्वाहन किया जाता है कि शिक्षक दिवस के दिन अपने बांह पर काली पट्टी बांध कर काले कानून एनपीएस का विरोध किया जाएगा और पुरानी पेंशन की लड़ाई को मजबूती के साथ लड़ा जाएगा ।

2- डेथ ग्रेच्युटी भुगतान में तेजी लाया जाए और कार्यालय अनावश्यक आपत्ति लगा कर शिक्षकों के मानसिक उत्पीड़न को बंद करे ।

3- आए दिन अध्यापकों के उत्पीड़न के लिए छद्म नाम और पते से शिकायत की जा रही है । पहले शिकायत कर्ता और शिकायत का शपथ पत्र लिया जाए फिर गुण दोष के आधार पर कार्यवाही की जाए इसे अध्यापक की आर्थिक और मानसिक उत्पीड़न का माध्यम नही बनाया जाए ।

4- निलंबन बहाली में अनेक विसंगति देखी जा रही है किसी का कुछ दिनों में बहाली हो रही है तो कई का महीनो प्रकरण जानबूझकर लंबित रखा जा रहा है । इस पर एक समान व्यवस्था लागू की जाए ।

5- लंबित चयन वेतनमान, अवरुद्ध वेतन, एरियर, आदि का निस्तारण शीघ्र कराया जाए।

6- सेवानिवृति ग्रेच्युटी हेतु विकल्प पत्र भरे जाने हेतु आदेश होने के बाद भी खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में विकल्प पत्र जमा नही किए जा रहे हैं

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।